

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार — समाज जागरण — RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 3 अंकः 220 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 24 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# आतंकियों पर प्रहार करने का भारत को हक...

## जर्मनी ने खुलकर किया समर्थन, पाकिस्तान की मंशा पर फेरा पानी

**जर्मनी के चांसलर ने आतंक के खिलाफ भारत का समर्थन किया और कहा कि भारत को आत्मरक्षा में आतंकियों पर प्रहार करने का पूरा हक है. पाकिस्तान की मध्यस्थता की मांग को खारिज कर दिया.**



**समाज जागरण**

जर्मनी के चांसलर ने आतंक के खिलाफ जंग में भारत का खुलकर समर्थन किया है. जर्मनी की यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के बाद जर्मन चांसलर ने कहा कि भारत को अपने बचाव में आतंकियों पर प्रहार करने का पूरा हक है. उन्होंने पाकिस्तान की मंशा पर भी पानी फेर दिया. साफ कहता कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो भी मसला है, वो सिर्फ दोनों देशों को ही मिलकर सुलझाना होगा. इसमें किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए.

आतंकवाद के मुद्दे पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक और बड़ी कूटनीतिक जीत मिली है. जर्मनी ने साफ शब्दों में कहा है कि भारत को आत्मरक्षा में आतंकियों पर प्रहार करने का पूरा हक है. जर्मन चांसलर ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के बाद आतंक के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन किया और पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. भारत दौरे से पहले जयशंकर की जर्मनी यात्रा में यह कूटनीतिक संवाद बेहद अहम माना जा रहा है. जर्मन चांसलर और विदेश मंत्री वेडेफुल ने कहा कि भारत पर हुआ आतंकी हमला निंदनीय है और भारत की प्रतिक्रिया आत्मरक्षा के अधिकार के तहत पूरी तरह जायज है.

**पाकिस्तान को करारा जवाब**

सूत्रों के मुताबिक, जर्मनी ने दो टूक कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो भी विवाद हैं, उन्हें आपसी बातचीत से ही सुलझाया जाना चाहिए. किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए. यह बयान सीधे तौर पर पाकिस्तान की उस नीति को चुनौती देता है जिसमें वह बार-बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की मांग करता रहा है. इस बयान ने भारत की लंबे समय से चली आ रही नीति को अंतरराष्ट्रीय समर्थन दिलाया है कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और पाकिस्तान से बातचीत तभी हो सकती है जब वह आतंकवाद के रास्ते को छोड़े.

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को मिला स्पष्ट संदेश**

इस बीच, संसद भवन में विदेश सचिव विक्रम मिसरी की अगुवाई में हुई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक में भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर चर्चा हुई. मिसरी ने राजनीतिक दलों को भरोसा दिलाया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ हर मोर्चे पर तैयार है और दुनिया के प्रमुख लोकतंत्र भारत के साथ खड़े हैं. उन्होंने बताया कि जर्मनी जैसे देशों का यह समर्थन सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समझदारी की जीत है.

**मजबूत हुआ भारत का पक्ष**

भारत को अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और अब जर्मनी जैसे देशों का स्पष्ट समर्थन मिलना इस बात का संकेत है कि आतंकवाद के मुद्दे पर दुनिया अब एकमत हो रही है. खासकर जब यह आतंक भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करता है, इससे भारत का कूटनीतिक पक्ष मजबूत हुआ है और पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की रणनीति को बल मिला है.

## ऑपरेशन सिंदूरः बेटियों ने पाकिस्तान में जाकर बरपाया था कहर

*सिंदूर पोछने वाले सैकड़ों आतंकियों को मिट्टी में मिलाया*




***ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय महिला पायलट्स ने पाकिस्तान में 200 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया और जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय तबाह किया. पीएम मोदी ने इसे भावनात्मक रूप से संबोधित किया.***

'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान में ऐसा कहर बरपाया कि दुश्मन अब तक सदमे में है. रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस सर्जिकल स्ट्राइक में भारत की महिला पायलट्स ने भी हिस्सा लिया और भारत की बेटियों का सिंदूर पोछने वाले सैकड़ों आतंकियों को पाकिस्तान में मिट्टी में मिला दिया. इस ऑपरेशन में 200 से ज्यादा लोग मारे गए. इनमें 42 पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल हैं.

सूत्रों के अनुसार, 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला किया. इसमें सबसे ज्यादा नुकसान जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर मुख्यालय को हुआ, जहां भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मौलाना मसूद अजहर का परिवार भी मौजूद था. इस हमले में 170 से ज्यादा आतंकी मारे गए.

महिला पायलटों ने रचा इतिहास

9 और 10 मई को भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान के कई एयरबेस जैसे सरगोधा, रहीम यार खान और नूर खान एयरबेस को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद बताया है कि रहीम यार एयरबेस तो पूरी तरह से ICU में चला गया. ऑपरेशन सिंदूर की खास बात ये थी कि इसमें भारतीय महिला फाइटर पायलट्स भी शामिल थीं. उन्होंने लड़ाकू विमानों से लक्ष्य साधकर इतिहास रच दिया.

**'ऑपरेशन खत्म नहीं, बस रुका है'**

रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत ने सभी लक्ष्यों को 100% सटीकता से निशाना बनाया, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है. सिर्फ कुछ वक्त के लिए रोका गया है. पाकिस्तान को इस हमले से जबरदस्त बेइज्जती का सामना करना पड़ा है, इसलिए आशंका है कि वह पलटवार की कोशिश कर सकता है. भारत की सेनाओं को अलर्ट पर रखा गया है.

**जब सिंदूर बारूद बन जाता है**

22 मई को बिकानेर में पीएम मोदी ने इस ऑपरेशन पर भावनात्मक भाषण देते हुए कहा, "पहलगाम में गोलियां चलीं, लेकिन दर्द 140 करोड़ भारतीयों ने महसूस किया. जो खून बहाया गया था, उसका हर कतरा हमने हिसाब से चुकाया. मोदी ने कहा, "22 मिनट में हमने पाकिस्तान के 9 बड़े आतंकी ठिकानों को मिटा दिया. जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो अंजाम दुनिया देख चुकी है. उन्होंने कहा, जिन्होंने हमारा सिंदूर मिटाने की कोशिश की, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया.

## रिलायंस पावर के शेयर की कीमत में 18% की उछाल,

### *बुल्स ने ट्रेड वॉल्यूम बढ़ाया, जनवरी 2024 के बाद सबसे बड़ी इंट्राडे उछाल*

नई दिल्ली : शुक्रवार, 23 मई को इंट्राडे ट्रेडिंग में रिलायंस पावर के शेयर की कीमत 18.5% बढ़ी, जो ट्रेडिंग वॉल्यूम में तेज



उछाल के कारण छह महीने के उच्च स्तर 52.82 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गई। इस रैली ने जनवरी 2024 के बाद से स्टॉक की सबसे बड़ी इंट्राडे उछाल को भी चिह्नित किया।

दोपहर 1 बजे तक एनएसई और बीएसई दोनों पर कुल 232.3 मिलियन शेयरों का लेन-देन हुआ। आज, यह स्टॉक के 54 मिलियन शेयरों की औसत साप्ताहिक मात्रा से चार गुना वृद्धि को दशार्ता है। हाल के सप्ताहों में यह स्टॉक निवेशकों के रडार पर रहा है, क्योंकि इसमें अनेक सकारात्मक घटनाक्रम हुए हैं, जिनसे इसकी गति को बनाए रखने तथा स्टॉक को कई महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचाने में मदद मिली है।

20 मई को, अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस पावर ने दो संस्थाओं - रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और बसेरा होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड - को कुल 43.89 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का तरजीही आवंटन किया। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने ₹33 प्रति शेयर (₹23 प्रीमियम सहित) पर कुल 1.33 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर आवंटित किए। ये शेयर सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के तहत जारी किए गए थे, जो पहले जारी किए गए वारंटों से जुड़े अधिकारों का प्रयोग करते हैं।

इसके अलावा, रिलायंस पावर ने हाल ही में भूटान की शाही स-रकार की निवेश शाखा ड्रक होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (डीएचआई) के साथ एक रणनीतिक अंतर्राष्ट्रीय उद्यम की घोषणा की है। दोनों कंपनियां संयुक्त रूप से भूटान की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना विक-सित करेंगी, जिसकी स्थापित क्षमता 500 मेगावाट होगी। अक्टूबर 2024 में, रिलायंस एंटरप्राइजेज- जिसे रिलायंस पावर लिमिटेड और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से प्रवर्तित किया गया है- ने भूटान में सौर और जल विद्युत परियोजनाओं को विकसित करने के लिए डीएचआई के साथ एक रणनीतिक साझेदारी शुरू की। 2,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना को बिल्ड-ओन-ऑपरेट (बीओओ) आधार पर 50:50 संयुक्त उद्यम के तहत विकसित किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि यह समझौता, जिसे भूटान के सौर ऊर्जा क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ-डीआई) माना गया है, को डीएचआई के स्वामित्व वाली इकाई ग्रीन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड (जीडीएल) के साथ एक वाणिज्यिक टर्म शीट के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया। रिलायंस पावर ने कहा कि उसकी कुल स्वच्छ ऊर्जा पाइपलाइन 2.5 गीगावाट पीक सौर ऊर्जा और 2.5 गीगावाट घंटा से अधिक बीईएसएस है, जिससे यह एकीकृत सौर + बीईएसएस खंड में भारत की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। मार्च तिमाही के दौरान वित्तीय प्रदर्शन में आए सुधार ने भी दलाल पथ पर इस शेयर में निवेशकों की रुचि को नए सिरे से बढ़ाया है। मार्च में समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने 126 करोड़ का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के ₹397.56 करोड़ के नुकसान से उल्लेखनीय सुधार है, जो कम वित्तीय लागत और कम परिचालन व्यय के कारण संभव हुआ।

## पटना के पालीगंज में तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना का बढ़ाया उत्साह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ ऑपरेशन सिन्दूर कि सफलता और भारतीय सेना के समर्थन में पटना जिले के पालीगंज में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह तिरंगा यात्रा पालीगंज एनडीए के कार्यकताओं द्वारा संयुक्त रूप से निकाला गया। यह यात्रा पालीगंज बिहटा मोड़ से निकलकर पूरे पालीगंज नगर बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान यात्रा में शामिल एनडीए कार्यकर्ताओ ने "भारत माता की जय, वंदे मातरम व भारतीय सेना जिंदाबाद" का नारा लगाते रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने कहा कि हमारी देश की एनडीए सरकार पाकिस्तान में फल फुल रहे आतंकवाद की यूनिवर्सिटियों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। वही उन कार्यकर्ताओ ने कहा कि सेना के जवान सीमाओं पर जब अपनी जान की बाजी लगा रहे हैं तो हमारा दायित्व है कि हम अपने घरों से निकल कर उनका उत्साह वर्धन करे। इस अवसर पर पालीगंज के पूर्व विधायक ऊषा विधार्थी, नन्द किशोर कुशवाहा, दिव्या गुंजन, पंकज सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार, राघवेंद्र सिंह, लवकुश कुमार, मिथिलेश कुशवाहा, पुरूषोतम कुमार, पूर्व जिला पार्षद रविश कुमार, संदीप गुप्ता, कमलेश सिंह, सिन्धु सिंह, राजू सिंह, चुन्नू अंसारी, अरुण कुमार, कारु चौरसिया, नीतीश कुमार, सुबोध मोदी, राजीव कुशवाहा, जितेन्द्र राम, पवन सिंह, दुर्गेश यादव, श्री निवास शर्मा, रविकांत सिंह, राम कृष्ण सिंह, मनोज कुमार खत्री सहित अन्य लोगो ने भागे लिया।

**तेन्दुए का आतंक...................................................................................................**

# कामाख्या नगर गौराकलां में तेंदुए के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल, क्षेत्र के रिहायशी बस्ती में दहशत

***तेंदुए को पकड़ने बिना संसाधन पहुंची वन विभाग टीम। हेलमेट, जाल ,डंडा तक नदारद। गोरखपुर व लखनऊ से बेहोश कर पकड़ने वाली गन मंगाई जा रही है।**

**समाज जागरण**

वाराणसी चिरईगांव क्षेत्र के कामाख्या नगर कालोनी गौराकलां में शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे के करीब तेंदुए आने की खबर सुन उसको नजदीक से देखने पहुंचे अमित मौर्य पुत्र राजेन्द्र मौर्य उम्र 32वर्ष निवासी नवापुरा शंकरपुर पर हमला बोल दिया। हमले से अमित मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ गये श्याम देव राजभर ने हिम्मत जुटाकर हल्ला मचाना शुरू किया। आसपास खड़े लोगो ने तेंदुए भगाने के लिए लाठी डंडा पीटने लगे। तब जाकर तेंदुआ खेत मे काट कर रखी गुलाब की टहनियो में छुप गया। श्यामदेव ने लहूलुहान अमित मौर्य को लेकर समीप के निजी अस्पताल में इलाज हेतू पहुंचाया। चिकित्सक का कहना है कि अमित को गंभीर चोटे लगी थी, प्राथमिक उपचार कर पंडित दीनदयाल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव में तेंदुए के आने और उसके द्वारा एक युवक पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने की घटना से हर लोग हतप्रभ और भयभीत है। शुक्रवार को गौरा कला गांव स्थित कामाख्या नगर कालोनी में एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तेंदुए को गुलाब के खेत में घुसने की सूचना लगते ही हड़कंप मच गया। खेतो में फूल तोड़ने गयी महिलाए डरी सहमी खेत से निकल गयी। घायल अमित मौर्य संग सात आठ की संख्या में युवक तेंदुए को देखने खेत.में जाकर खोजने लगे। इसी बीच तेंदुए ने अमित मौर्य पर हमला कर दिया। समीप स्थित युवक श्याम देव राजभर ने लाठी लेकर हल्ला मचाने लगे। जयप्रकाश मौर्य, विनोद, नागेंद्र सहित अन्य लोग जोर जोर से चिल्लाना शुरू किया। तब जाकर तेंदुए ने अमित को छोड झाड़ी में घूस गया। श्याम देव राजभर ने बताया की तेदूए ने जब पंजे से अमित मौर्य पर वार किया तो वह हाथ लगाकर रोक लिया।



घटना की सूचना ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने स्थानीय पुलिस और वनविभाग को दिया। पुलिस तो समय से पहुंच गयी लेकिन वन विभाग के लोग देर से पहुंचे। वह भी बिना किसी तैयारी और उपकरण के ही।

तेंदुए को पकड़ने देर से पहुंची वन विभाग की टीम के पास हेल्मेट, जाल, डंडा तक नही। सूचना वन विभाग के लोगो को प्रातः नौ बजे ही स्थानीय पुलिस द्वारा दे दी गयी उसके बाद भी वन विभाग की टीम देर से बगैर किसी तैयारी की पहुंची। वहां पहुंचने पर ग्रामीणो से लाठी डंडे और हेल्मेट की मांग करने लगे। घंटो बाद जाल हेल्मेट और सुरक्षात्मक पैड आया। लेकिन जाल की चौड़ाई काफी कम होने से वह भी बेकार हो गयी।

जिस खेत में तेदुआ छिपा है उसमें पिंजरा और दो मुर्गे रखे गये। लेकिन यह तरकीब भी काम नही आयी। मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी स्वाति सिंह, मुख्य वन संरक्षक वाराणसी रेंज सर्किल रवि सिंह भी पहुंचे कुछ समय उपरांत चले भी गये।

स्वाति सिंह ने कहा कि तेंदुए को बेहोश कर पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए बेहोश करने के लिए उपयोग आने वाली गन वाराणसी में नही है। गोरखपुर या लखनऊ से आयेगी। मगाने की कार्रवाई की जारही है। उसके आने पर ही तेंदुए को पकड़ने का प्रयास शुरू किया जायेगा।

वाराणसी जिले में दो डीएफओ, एक सर्किल का कार्यालय है। उसमें तैनात होने वाले अधिकारी, रेंज अफसर सहित भारी भरकम वनकर्मियो की फौज है। उसके बाद भी एक तेंदुए को पकड़ने के सुरक्षात्मक उपकरण आदि नही है। उसके लिए लखनऊ और गोरखपुर से आने की बात करने पर ग्रामीणो मे तीव्र रोष देखने को मिला।

ग्रामीणो का कहना है कि वन कर्मियो को अगर कोई अपने खेत में लटके पेड़ की डालिया भी छाटता काटता है सूचना मिल जाती है। मौके पर वनकर्मी पहुंच कर रौब झाड़ते है। सूचना के बाद भी बिना तैयारी देर से आने वाले वन विभाग अधिकारी संसाधनो का रोना रोते देखे गए।

वाराणसी शहर क्षेत्र में तेंदुआ कहाँ से आया जबकि एक तरफ गंगा नदी तो दूसरी तरफ हाइवे और आस पास तमाम कालोनियां घनी बस्ती है।

# सेंसेक्स में उछालः बीईएल के शेयरों ने छुआ नई ऊंचाई को

नई दिल्ली : भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) के शेयरों ने शुक्रवार को 52 सप्ताह का नया उच्च स्तर छुआ, क्योंकि रक्षा क्षेत्र की यह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीएसई के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स में प्र-वेश करने के लिए तैयार है। यह 30-शेयर पैक में इंडसइंड बैंक लिमिटेड की जगह लेगा, जो 30 जून 2025 से प्रभावी होगा। ब्रोकरेज फर्म रेटिंग अपग्रेड और संशोधित लक्ष्य मूल्यों के साथ बीईएल पर सकारात्मक बने हुए हैं।



भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 1.70 प्रतिशत बढ़कर 389.90 रुपये पर पहुंच गए, जो 52 सप्ताह का नया उच्चतम स्तर है। कंपनी का कुल बाजार पूंजीकरण 2.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। गुरुवार को शेयर 383.85 रुपए पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने की अवधि में बी.ई.एल. के शेयरों में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ने बीईएल को अपग्रेड करके 'खरीदें' रेटिंग दी है क्योंकि उसे वित्त वर्ष 2025-28ई में ऑर्डर बुक में उल्लेखनीय तेजी की उम्मीद है, जिसमें 2.4 लाख करोड़ रुपये की लंबी अवधि की पाइपलाइन को ऑर्डर में बदलने की उम्मीद है; बीईएल द्वारा एकीकृत/उन्नत किए गए प्रमुख प्लेटफार्म अब युद्ध-सिद्ध हैं, बीईएल घरेलू/निर्यात बाजारों में ऑर्डर बुक कर सकता है/ऑर्डर दोहरा सकता है।

## तो मोदी जी ने कर ही दिया 'सिंदूर खेला'

आखिर जिस बात की आशंका थी वो हो ही गया. 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा किए गए नृशंस हत्याकांड का बदला लेने के लिए भारत सरकार ने अपनी सेना के माध्यम से जो 'आपरेशन सिंदूर ' चलाया था उसका असली खेल 22 मयी 2025 को बीकानेर में तब खेला गया जब माननीय, प्रातः स्मरणीय




, विश्वगुरु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रगों में लहू के बजाय सिंदूर बहने का दावा किया.

सिंदूर खेला है तो एक सांस्कृतिक घटना लेकिन भारत में आजादी के बाद पहली बार इसे सियासी मकसद से खेला गया है.आपको सिंदूर खेला के बारे में भी बता दूं. सिंदूर खेला बंगाल में विजयादशमी (दशहरा) के दिन मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा किया जाने वाला अनुष्ठान है, जो दुर्गा पूजा के समापन का प्रतीक है। इस रिवाज में विवाहित महिलाएं एक-दूसरे के माथे पर सिंदूर (लाल रंग का पाउडर) लगाती हैं और माँ दुर्गा को विदाई देने से पहले यह अनुष्ठान करती हैं। यह उनके पति की लंबी उम्र और वैवाहिक सुख की कामना का प्रतीक माना जाता है।इसके अलावा, यह सामाजिक एकता और बहनापे का भी प्रतीक है, क्योंकि महिलाएं एक साथ इकट्ठा होती हैं, हंसी-मजाक करती हैं और इस रस्म को उत्सव के रूप में मनाती हैं। यह रिवाज विशेष रूप से पश्चिम बंगाल और बंगाली समुदायों में प्रचलित है।

हमारे दूरद्दष्टा प्रधानमंत्री ने पहलगाम में 26 महिलाओं की मांग का सिंदूर उजाडे जाने की घटना को पूरी गंभीरता से लिया. वे सऊदी अरब का दौरा छोडकर भारत लौटे और पहलगाम जाने के बजाय मधुबनी जाकर बोले. सेना के हाथ खोले और सेना को पंद्रह दिन बाद पाकिस्तानी आतंकियों के ठिकाने नेस्तनाबूत करने के लिए 'आपरेशन सिंदूर' की जिम्मेदारी सौंपी. सेना ने 7 मयी से 10 मयी तक आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तानी आतंकियों के 21में से 9 ठिकाने और अनेक सैन्य अड्डे तबाह कर दिए, लेकिन आपरेशन पूरा होने से पहले ही अचानक भारत की ओर से अमेरिका ने और बाद में भारत सरकार ने युद्ध विराम की घोषणा कर सेना के हाथ फिर बांध दिए.उल्टे प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंदूर खेला तो मात्र 22 मिनिट में हो गया था.

'आपरेशन सिंदूर' का शेष बारूद प्रधानमंत्री जी ने अपने लिए बचा लिया. कुछ उनकी रगों में बह रहा है और शेष बिहार और बंगाल की सधवाओं के लिए बचाकर रख लिया गया है. मुमकिन है कि विधानसभा चुनावों के दौरान मोदी जी की तस्वीरों वाली सिंदूर की डिब्बियां पीले चावलों के स्थान पर बिहार और बंगाल में घर घर वितरित की जाएं. 'आपरेशन सिंदूर' की टीशर्ट और मोदी जी के सैन्य वर्दी वाले होर्डिंग्स से तो देश के गली चौराहे पटने लगे हैं ही.

सिंदूर जिसे हमारे बुंदेलखंड में सेंदुर भी कहते हैं का इतना शानदार, बाजिब और राष्ट्रव्यापी इस्तेमाल भारत में पहले कभी नहीं किया गया. महात्मा गांधी ने जिस तरह 'नमक सत्याग्रह' किया था उसी तर्ज पर हमारे देदीप्यमान प्रधानमंत्री जी ' सिंदूर सत्याग्रह' चला रहे हैं. पाकिस्तान की सीमा से सटे बीकानेर से ये राष्ट्रीय सत्याग्रह शुरू भी हो गया है.बापू मोहनदास करमचंद गांधी को यदि सिंदूर की महिमा का पता होता तो मुमकिन है कि वे देश को आजाद कराने के लिए 'नमक सत्याग्रह ' और 'असहयोग आंदोलनों ' के बजाय 'सिंदूर सत्याग्रह' चलाते. सिंदूर की धमक दूर तक होती है. ये किसी की मांग में होता है तो सौभाग्य बन जाता है. किसी का चोला होता है तो संकटमोचन बन जाता है और जब किसी की रगों में बहने लगता है तो नरेंद्र दामोदर दास मोदी बन जाता है.

संयोग देखिए कि ये वही मोदी हैं जो किशोरावस्था में एक मांग में सिंदूर भरकर प्रचारक बन गये थे. संघ के लिए, देश के लिए भार्या को त्याग दिया था किंतु माँ को नहीं. आज वही मोदी जी पाकिस्तान से भारतीय सुहागिनों की मांग का सिंदूर उजाडने का बदला लेने के लिए पाकिस्तान के साथ ही नहीं हिंदुस्तान के साथ भी ' सिंदूर खेला ' खेल रहे हैं. राष्ट्र के काम आकर सिंदूर अपने आपको धन्य अनुभव कर रहा है. रोली, चंदन को ये सुअवसर नहीं मिला. हालांकि सब जानते हैं कि सिंदूर विषाक्त होता है. किसी जमाने में कोकिलकंठी गायकों से ईर्ष्या करने वाले लोग स्थापित और लोकप्रिय गायकों को पान में रखकर सिंदूर खिला देते से, इससे स्थाई रूप से स्वरभंग हो जाता था. लेकिन माननीय मोदी जी इस मामले में नीलकंठ साबित हुए. उन्होने पहगाम हत्याकांड के बाद सिंदूर को अपने रक्त से विस्थापित कर दिया. अब आप उनकी तुलना नीम चढे करेले से भी कर सकते हैं.

मोदी जी के सिंदूर खेला के सामने देश का विपक्ष शायद ही ठहर सके. अब न वक्फ बोर्ड कानून उनका कुछ बिगाड सकता है और न जातीय जनगणना का मुद्दा. सब पर सिंदूर फिर गया समझिये. पहले कहावत थी कि -उम्मीदों पर पानी फिर गया, कालांतर में कहावत हो गई है कि -उम्मीदों पर सिंदूर फिर गया. भारत की राजनीति पर इस सिंदूर खेला के दूरगामी प्रभाव आने वाले समय में देखने को मिलेंगे. इत श्री सिंदूर गाथा.

**@ राकेशे अचल**

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत विश्व के शक्तिशाली देश में शुमार।

**समाज जागरण**







ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के जवाबी हमले से पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 दुर्दांत आतंकवादी मारे जाने के बाद भारत की छवि विश्व में एक दमदार शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं । भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और २400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्तता का श्रेय लेने की कोशिश में लगे हुए थे किंतु भारत के कठोर रुख के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना बयान बदलकर यू टर्न लेना पड़ा जिससे भारत की छवि और बेहतर हो गई है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 60 सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है' भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा है' भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया है' विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा है' भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है' इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊजार्वान,दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है । पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है' भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है' वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है' वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा है' वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है' उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है' भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है' आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा है' भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की है' वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैं' 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा था' वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती है' 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है। यह भारत के छठे परमाणु संपन्न राष्ट्र के तौर पर मिली औपचारिक मान्यता ही थी' भारत यात्रा पर आए बराक ओबामा ने कहा कि भारत अब उभरती हुई परमाणु शक्ति ही नहीं है, वह स्थापित परमाणु शक्ति बन चुका है' भारत की जनसंख्या को देखते हुए भारत की क्रय शक्ति की क्षमता के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है' भारत अब विश्व में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर है' भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अत्यधिक ख्याति प्राप्त की है, जिससे अमेरिकी विश्लेषकों के मन में भय पैदा हो गया है' भारतीय औद्योगिक घराने अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी कंपनियों को खरीद कर दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी समूह बन गए हैं' भारतीय मूल के विदेशी उद्योगपतियों ने भारत के बाहर रहकर भी भारत की प्रसिद्धि में वृद्धि की है। इन उद्योगपतियों में इंदिरा नूई, अरुण सरीन, सबीर भाटिया, विनोद घोसला का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता है' भारत मूल के ही सलमान रुश्दी लेखक, अमर्त्य सेन अर्थशास्त्री, झुंपा लहरी लेखिका, वेंकटरमन रामकृष्णन नोबेल पुरस्कार विजेता आदि भारतीय मूल के विदेशी नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं' वर्ष 2014 में केंद्र में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में कार्य किया है' जिसके अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने विश्व के प्रमुख देशों जैसे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा ,जर्मनी, जापान, चीन, फ्रांस और अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को द्विपक्षीय वार्ता तथा विभिन्न समझौता के माध्यम से मजबूती प्रदान की है' अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात की दृष्टि से दूसरे देशों देशों में निवेश करने के मामले में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है' भारत के आर्थिक विकास से इसके राजनीतिक प्रभाव में वृद्धि हुई है, इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय मंच एवं वाताओं में भारत को नियमों में छूट देने की सुविधा प्राप्त हो गई' 2018 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विश्व आर्थिक मंच में चार दिवसीय बैठक का उद्घाटन किया जाना भारत की बढ़ती विश्व ख्याति को प्रतिबिंबित करता है' भारत इस दशक के अंत तक निसंदेह विकसित देशों के समूह में शामिल हो जाएगा और भारत की वैश्विक ख्याति में चारों तरफ वृद्धि होने की पूरी संभावना है'

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार,**
चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# छोटी कार की बड़ी समस्या

**अधिक महंगे और ज्यादा कर वाले स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024-25 में बिके कुल यात्री वाहनों में 50 फीसदी से अधिक रही।**

यात्री वाहन बाजार की बदलती तस्वीर इस बात का सटीक उदाहरण है कि कोविड के बाद देश में आर्थिक सुधार की प्रक्रिया दो एकदम विपरीत दिशाओं में चल रही है। अधिक महंगे और ज्यादा कर वाले स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024-25 में बिके कुल यात्री वाहनों में 50 फीसदी से अधिक रही। इनकी बिक्री और भी बढ़ने की संभावना है। मगर उस वित्त वर्ष में छोटी कारों की बिक्री केवल दो फीसदी बढ़ी।

देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजूकी से भी संकेत लिया जा सकता है। वित्त वर्ष 2025 में कारों की देसी बिक्री 2.6 फीसदी बढ़ी मगर छोटी कार (जिनकी लंबाई 4 मीटर से कम होती है और इंजन 1,200 से 1,500 सीसी का होता है) की बिक्री 9 फीसदी घट गई। टाटा मोटर्स और ह्युंडै की छोटी कारें 3 फीसदी कम बिकीं। बाजार में इस बदलाव के अर्थव्यवस्था पर असर होंगे। वाहन उद्योग देश के विनिर्माण क्षेत्र के करीब आधे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और कुल जीडीपी के 7 फीसदी के बराबर योगदान करता है। यह बाजार आम तौर पर छोटी कारों से ही चलता है।



कार बाजार के जानकारों का कहना है कि लोगों की आय ठहर जाने के कारण छोटी कारों की बिक्री घटी है। देश में सालाना 12 लाख रुपये से अधिक आय वाले केवल 12 फीसदी परिवार हैं। मारुति के चेयरमैन आर सी भार्गव कहते हैं कि 88 फीसदी परिवार कार बाजार से बाहर हैं। वह नियमों के कारण बढ़ते खर्च की बात भी करते हैं और कहते हैं कि छह एयरबैग लगाए जाने और कर बढ़ाए जाने से भी छोटी कार बाजार से बाहर हो रही हैं। वाकई आज ऐसी कोई छोटी कार नहीं है, जिसकी कीमत 3 लाख रुपये से कम हो और जिसे घर लाने के लिए 4 लाख रुपये के कम चुकाने पड़ते हों।

बहरहाल कई कारक दबी मांग की ओर भी इशारा कर रहे हैं, जो कीमत और आय की बाड़ लांघ सकती है। सबसे पहले तो एसयूवी ग्राहकों में उनकी संख्या बढ़ रही है, जो पहली कार खरीदने आए। पहले ऐसे ग्राहक छोटी कार ही खरीदते थे। इससे पता चलता है कि छोटी कारें हमेशा से चली आ रही बढ़त खो रही हैं। दूसरी बात, पिछले वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों का बाजार बढ़ा, जिस-का मतलब है कि वाहन खरीदने वाले अब भी कीमत को तवज्जो देते हैं। तीसरी बात, सेकंड हैंड कारों का बाजार भी तेज दौड़ रहा है, जहां छोटी कारों और सिडैन का बोलबाला है।

इससे पता चलता है कि कार कंपनियां लंबे समय तक ऐसे बाजार में गाड़ी बेचती रहीं, जहां अधिक विकल्प ही नहीं थे। मगर अब ग्राहकों को छोटी कारों के बाजार तक लाने के लिए उन्हें कुछ नया सोचना होगा। सच में ह्युंडै के टॉल-बॉय मॉडल और टाटा मोटर्स की नैनो के अलावा इस बाजार में कुछ नया हुआ ही नहीं है।

दूसरे उद्योगों से सीखना चाहिए। बेहद कम मार्जिन पर चलने वाले विमानन उद्योग ने बाजार बढ़ाने के लिए किफायती किराये और डायनैमिक प्राइसिंग का हुनर सीख लिया। उपभोक्ता उत्पाद कंपनियां समझ गईं कि छोटे पैक (जैसे शैंपू के सैशे) या कुछ नया मिलाने (आयोडीन युक्त नमक) से कम आय वाले उपभोक्ता आ सकते हैं, जो वैसे इन उत्पादों से दूर रहते। कॉल में प्रति सेकंड बिलिंग और कंपनी का कनेक्शन लेने पर साथ में मिल रहे हैंडसेट ने मोबाइल टेलीफोन की सूरत ही बदल दी।

कार बाजार में बिल्कुल ऐसा दोहराना तो संभव नहीं है मगर वहां आ रही समस्याओं को चुस्ती से हल करें तो मांग में ठहराव की चिंता को दूर किया जा सकता है। इस लिहाज से करों के बारे में शिकायत में कुछ दम दिखता है। जिस उद्योग को प्रमुख आर्थिक संकेतक माना जाता है, उस उद्योग में छोटी कारों को विलासिता की वस्तु मानना और उन पर 29 से 31 फीसदी कर लगाना कहीं से भी सही नहीं है। कर में कमी से इस बाजार का ठहराव कम हो सकता है मगर कार निमार्ताओं को अपनी नीतियों पर भी विचार करना होगा।

### गुरु नानक

गुरु नानक जन्मः 15 अप्रैल, 1469, तलवंडी, पंजाब; मृत्युः 22 सितंबर, 1539, भारत) सिक्खों के प्रथम गुरु (आदि गुरु) थे। इनके अनुयायी इन्हें 'गुरु नानक', 'बाबा नानक' और 'नानकशाह' नामों से संबोधित करते हैं। गुरु नानक 20 अगस्त, 1507 को सिक्खों के प्रथम गुरु बने थे। वे इस पद पर 22 सितम्बर, 1539 तक रहे।

पंजाब के तलवंडी नामक स्थान में 15 अप्रैल, 1469 को एक किसान के घर गुरु नानक उत्पन्न हुए। यह स्थान लाहौर से 30 मील पश्चिम में स्थित है। अब यह 'नानकाना साहब' कहलाता है। तलवंडी का नाम आगे चलकर नानक के नाम पर ननकाना पड़ गया। नानक के पिता का नाम कालू एवं माता का नाम तृप्ता था। उनके पिता खत्री जाति एवं बेदी वंश के थे। वे कृषि और साधारण व्यापार करते थे और गाँव के पटवारी भी थे। गुरु नानक देव की बाल्यावस्था गाँव में व्यतीत हुई। बाल्यावस्था से ही उनमें असाधारणता और विचित्रता थी। उनके साथी जब खेल-कूद में अपना समय व्यतीत करते तो वे नेत्र बन्द कर आत्म-चिन्तन में निमग्न हो जाते थे। इनकी इस प्रवृत्ति से उनके पिता कालू चिन्तित रहते थे।

# भारतीय संस्कृति और एशिया

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। यह माना जाता है कि भारतीय संस्कृति यूनान, रोम, मिस्त्र, सुमेर और चीन की संस्कृतियों के समान ही प्राचीन है। कई भारतीय विद्वान् तो भारतीय संस्कृति को विश्व की सर्वाधिक प्राचीन संस्कृति मानते हैं। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भारतीय संस्कृति के प्रसार का विवरण निम्नलिखित है-

**ब्रह्मा / बर्मा / म्यांमार**

दक्षिण-पूर्वी एशिया या 'सुवर्ण भूमि' का एक अंग ब्रह्मा या बर्मा था, जहाँ भारतीय संस्कृति का प्रवेश प्राचीनकाल में ही हो चुका था। ईसवी सन् के आरम्भ होने से पहले ही बर्मा के साथ भारत के सम्पर्क में वृद्धि हुई। कलिंग प्रदेश से व्यापारियों की बड़ी संख्या वहाँ व्यापार करने के लिए जाती रहती थी। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचारक मण्डल को वहाँ भेजा तथा बौद्ध धर्म का प्रचार कराया। 450 ई. में श्रीलंका से 'आचार्य बुद्धघोष' ने वहाँ जाकर हीनयान मत की स्थापना की। बर्मा में विष्णु की मूर्ति प्राप्त हुई है, जिससे सिद्ध होता है कि उस देश में हिन्दू धर्म का प्रचार हुआ था। वहाँ गुप्त युग के हिन्दू व बौद्ध अवशेषों की पेगू, प्रोम आदि विभिन्न स्थानों में प्राप्ति हुई है। बर्मा के शासकों में ग्यारहवीं शताब्दी के शासक अनिरुद्ध का नाम सर्वाधिक प्रसिद्ध है, जो बौद्ध मतानुयायी था तथा जिसने अनेक पैगोडा एवं मठों का निर्माण करवाया।

**स्याम**

थाईलैण्ड : वर्तमान काल में यह देश 'थाईलैण्ड' के नाम से प्रख्यात है। इसके केन्द्रीय प्रदेश में 'अमरावती' नामक एक हिन्दू राज्य की स्थापना की गई थी। जिसने द्रुत गति से प्रसार करते हुए सम्पूर्ण देश पर अपना प्रभाव स्थापित किया। इसके पड़ोसी देश 'कम्बोडिया' में पहले ही बौद्ध धर्म विकसित हो चुका था। भारतीय संस्कृति और कला का इस देश में विशेष प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। हिन्दू और बौद्ध धार्मिक साहित्य तथा कला ने स्याम देश की भाषा, कला, साहित्य और सामाजिक संस्थाओं को अत्यधिक प्रभावित किया। यहाँ अमरावती शैली, गुप्तकालीन कला और पल्लव लिपि में अंकित बौद्ध धर्म के सिद्धान्तों के अवशेषों की प्राप्ति हुई, जिनसे भारतीय संस्कृति के प्रसार का परिचय प्राप्त होता है। वहाँ के शासक का राज्याभिषेक वर्तमान काल में भी ब्राह्मण पुरोहित द्वारा ही सम्पन्न किया जाता है।

**चम्पा**

वर्तमान 'अनाम' का अधिकांश भाग इस क्षेत्र में समाहित था। इसका विस्तार 140 से 100 उत्तरी देशान्तर के बीच में था। हिन्दचीन में भारतीयों का सर्वाधिक प्राचीन उपनिवेश 'चम्पा' था। ईसवी सन् से पूर्व ही भारतवासी इस देश में प्रविष्ट हो चुके थे। उस काल मे चम्पा राज्य सुख, वैभव और समृद्धि से भरपूर अनेक नगरों तथा अति सुन्दर हिन्दू व बौद्ध मन्दिरों से सुशोभित था। वहाँ के 'मिसांग' और 'डांग डुआंग' नाग के दो नगर आज भी दर्शनीय मन्दिरों के लिए प्रसिद्ध हैं। यहाँ के हिन्दू निवासी हिन्दू देवी-देवताओं की उपासना करते थे। चम्पा की वास्तुकला और तक्षण-कला सर्वश्रेष्ठ थी। इस राज्य में संस्कृत भाषा और हिन्दू धर्म तथा संस्कृति का व्यापक प्रसार था। मंगोलों और अनामियों के भीषण आक्रमणों ने सोलहवीं सदी में भारत के इस औपनिवेशिक राज्य का अन्त कर दिया। चम्पापुरी के वर्तमान अवशेषों में यहाँ के प्राचीन भारतीय धर्म व संस्कृति की सुन्दर झलक मिलती है।

**कम्बुज**

कम्बोडिया को प्राचीन काल में 'कम्बुज' कहा जाता था। कम्बुज नामक अन्य हिन्दू राज्य 'मेकांग नदी' की घाटी में स्थापित किया गया था। भारतीयों के निरन्तर परिश्रम के फलस्वरूप इस राज्य का अत्यधिक उत्कर्ष हुआ। यहाँ उपलब्ध अभिलेखों से सिद्ध होता है कि यह राज्य हिन्दू धर्म के क्रिया-कलापों एवं नियमों का अनुसरण करते हुए, आठवीं शताब्दी में संस्कृति के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया था। यहाँ का ह्यअंगकोरवाट का विष्णु मन्दिर' 12वीं शताब्दी में यहाँ के शासक 'सूर्यवर्मन' द्वारा निर्मित कराया गया था। यह इस संसार का सर्वाधिक विशाल एवं अदभुत मन्दिर माना जाता है। यह मन्दिर भारतीय वास्तुकला एवं तक्षण-कला का सर्वश्रेष्ठ प्रतिरूप है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# यदि आपके यहां गौमाता नहीं तो आपको यूरिया नहीं।

पंडित राजेश अग्निहोत्री

**भागवताचार्य के प्रवचन का अंश।**

मथुरा के डीएम श्री चन्द्र प्रकाश सिंह पर्यावरण संरक्षण के बड़े प्रेमी हैं। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए उन्होंने एक बड़ी सुन्दर योजना निकाली। योजना ये है कि लाइसेंस चाहने वाले को लाइसेंस तभी मिलेगा जब वो कम से कम पांच पौधों को लगाकर चार महीने तक उन पौधों का पालन पोषण भी करें। डीएम साहब के दिमाग की अच्छी उपज थी और उनकी युक्ति रंग भी लाई वृक्ष में किसी समय विकास के चक्कर में और कुछ भूमाफियाओं द्वारा हजारों पेड़ काट दिए गए थे अब पुनः हरियाली होने की संभावना है इसी प्रकार से मैं योगी सरकार एवं शासन प्रशासन से मांग करता हूं कि किसान को यूरिया खाद देने से पहले उसके यहां गौमाता की अनिवार्यता करे। और इसके साथ-साथ गौमाता के जन्म मरण का भी ब्योरा रखना सुनिश्चित किया जाए,जिस प्रकार मनुष्य के जन्म मरण के सार्टिफिकेट बनते हैं उसी प्रकार गौमाता के भी बनाए जाएं। और योगी सरकार शीघ्रातिशीघ्र गौमाता को राज्य माता घोषित करें जबकि महाराष्ट्र में तो राज्य माता घोषित कर भी दी गई। योगी जी को तो बहुत पहले कर देना चाहिए। अधिकतर किसान भाई हमारी इस बात से असहमत होंगे लेकिन एक बात कहना चाहूंगा कि जिसने अपनी माता को खुश नहीं रखा तो वह भी कभी खुश नहीं रह सकता है गावो विश्वस्य मातरः। हमारी गौमाता पूरे विश्व की माता हैं। गौमाता की हमारे जीवन में क्या उपयोगिता है? कितने लाभ बता चुके हैं? एक सज्जन मुझसे बोले कि आप गौमाता की बात बहुत



करते हैं। मैंने कहा कि इसलिए करते हैं क्योंकि गौमाता में अनेक विशेषताएं हैं। फिर मैंने उनसे पूछा तो फिर किसकी करें भैंस की? चलो ठीक है आज कुछ भैंस पर भी चर्चा कर लेते हैं।सुनो- जब किसी को समझाओ और फिर भी उसकी समझ में न आए तो क्या कहते हैं? भैंस के आगे बीन बजाना।जब कोई पढ़ा-लिखा न हो और समझदार भी न हो तो उसके लिए क्या कहते हैं? काला अक्षर भैंस बराबर।जब कोई बड़ा काम बिगड़ जाए या व्यापार में मोटा नुकसान हो जाए तब क्या कहते हैं? गई भैंस पानी में।जब कोई दिमाग से काम न करें? अक्ल बड़ी या भैंस? जब कोई बलशाली व्यक्ति किसी कमजोर आदमी के सामान पर कब्जा कर ले तब क्या कहते हैं?जिसकी लाठी उसकी भैंस।जब कोई लड़का आलसी हो उसे क्या कहते हैं? भैंस को पड्डा। भैंस का अड्डा पड़े पड़े ही गोबर कर ले।अब आप बताइए कि इन सब में भैंस की तारीफ है या बेइज्जती। अपने बच्चों को गौमाता का अमृत समान दूध पिलाओ जिससे कि उनकी तेज बुद्धि बने। राधे राधे। कर्मठ इतने बनो कि लक्ष प्राप्त करने के लिए सौ प्रतिशत नहीं सौ प्रतिशत से भी ऊपर जाओ। हरि स्मरण सदैव करते रहें शेष प्रभु इच्छा।

# सर्वाइकल कैंसर से बच्चियों को सुरक्षित रखने हेतु जिला प्रशासन सक्रिय

## एमओयू के तहत जनपद की 2500 लड़कियों को लगेगी वैक्सीन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 23 मई 2025ः सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़कियों को सुरक्षित रखा जा सके इस उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट के कार्यालय कक्ष में जिला प्रशासन व भारत सरकार टकसाल नोएडा के मध्य 89 लाख रुपए का एम.ओ.यू. साइन किया गया।



जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार टकसाल नोएडा द्वारा जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सुपरविजन में 09 से 20 वर्ष तक की लड़कियों का दो चरणों में वैक्सीनेशन किया जाएगा, पहले वैक्सीनेशन के बाद दूसरी वैक्सीन 6 महीने के बाद लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आज जो एम ओ यू भारत सरकार टकसाल नोएडा के मध्य हुआ है, इसके तहत जनपद की 9 से 20 वर्ष तक की 2500 लड़कियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे को नोडल अधिकारी तथा जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री को सहायक मॉडल अधिकारी बनाया गया है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, जिला रोजगार सहायक अधिकारी मनीषा अत्री, समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, भारत सरकार टकसाल नोएडा के मुख्य महाप्रबंधक डीपी तिवारी, जॉइंट जनरल मैनेजर प्रकाश कुमार, अनिता अग्रवाल व डिप्टी जनरल मैनेजर रेनू बसीन, हेमा उपस्थिति रहीं। सौजन्य से सूचना विभागे गौतमे बुद्धे नगर।

# बूंद-बूंद सहेजने की तैयारी में योगी सरकार

लखनऊ, 23 मई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, इस साल मानसून अच्छा (औसत से अधिक रहेगा)। केरल और पश्चिमी बंगाल में हो रही मानसून की सक्रियता से यह भी पूर्वानुमान है कि इस बार यह समय से पहले या समय से आकर पूरे देश को तर करेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई से लेकर सितंबर तक के मानसून के सीजन में कुल बारिश के औसत का 70 से 80 फीसद प्राप्त होता है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह के अनुसार, बारिश लिहाज से भारत इंद्र देव से मिलने वाले इस प्रसाद के लिहाज से दुनियां के कई देशों से संपन्न है। यहां चार महीने के दौरान करीब 870 मिलीमीटर बारिश होती है।

# पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र भरना हुआ आसान, कोषागार विभाग ने दी ऑनलाइन सुविधा की जानकारी

गौतमबुद्धनगर 23 मई, 2025ः वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने जनपद के समस्त पेंशनर्स को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनर्स द्वारा वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किए जाने की व्यवस्था है, जो कि अगले 01वर्ष तक प्रभावित रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अपना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से, कोषागार में स्वयं उपस्थित होकर अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से, अपने निवास से, अपने मोबाइल से भी प्रेषित कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर द्वारा आधार फेस आईओडीo ऐप डाउनलोड कर जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होता है, जो की बहुत ही सुविधाजनक है। इस ऐप के द्वारा अपना आधार कार्ड संख्या, मोबाइल नंबर पर ओटीपी, पेंशन भोगी का नाम, पेंशन का प्रकार स-र्विस/फैमिली पेंशन, स्वीकर्ता प्राधिकारी-राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, संवितरण एजेंसी-उत्तर प्रदेश कोषागार/उपकोषागार, कोषागार एजेंसी-गौतमबुद्धनगर(7600), पीoपीoओo संख्या, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड, बायोमेट्रिक इन्प्रेश्न/फेस आईडी आदि जानकारी के साथ जीवन प्रमाण पत्र बना सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सभी विवरण भरने के पश्चात पेंशनर का जीवित प्रमाण पत्र कोषागार के सर्वर पर स्वतः कनेक्ट हो जाएगा व वरिष्ठ कोषाधिकारी के ऑथराइज करने के पश्चात जीवित प्रमाण पत्र की वैलिडिटी 01 वर्ष तक प्रभावी रहेगी। इस सुविधा का लाभ लेने हेतु अपने घर के नजदीक पोस्ट ऑफिस, जन सुविधा केंद्र, साइबर कैफे या अपने मोबाइल का प्रयोग भी किया जा सकता है।

सौजन्य से सूचना विभागे गौतमे बुद्धे नगर।

# सिविल सेवा प्री-परीक्षा 2025 जनपद में 44 परीक्षा केंद्रों पर होगी आयोजित

## इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर सख्ती, परीक्षा केंद्रों में प्रवेश पर पुलिस रखे कड़ी निगरानी

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर 23 मई, 2025 : संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली की मंशा के अनुरूप जनपद में आगामी 25 मई को दो पालियों में होने वाली सिविल सर्विसेज प्री परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं शुचिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज शारदा विश्वविद्यालय नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में 44 परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारीगण अपनी तैयारियां संघ लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुरूप परीक्षा से पूर्व पूर्ण कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अतः सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें और समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। डीएम ने यह भी कहा कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हों। किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशेष जांच की जाए, ताकि कोई भी अभ्यर्थी उन्हें भीतर न ले जा सके और परीक्षा नकलविहीन हो।

इस अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नामित अधिकारी हरियल ने उपस्थित अधिकारियों को आयोग के मानकों के अनुरूप परीक्षा संचालन की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डीसीपी वर्णिका सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, समस्त सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

## वर्षा जल संचय हेतु जनपद में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम रहे सक्रिय

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 23 मई, 2025 : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में भूगर्भ जल अधिकारी अंकिता राय ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि विभागीय पोर्टल पर कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सापेक्ष जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति के द्वारा 04 आवेदनों को स्वीकृत किया जाना है, 05 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया तथा 31 आवेदन जो राज्य प्राधिकरणों को अग्रसारित किया गया है। शेष 13 आवेदन में संबंधित प्राधिकरणों से आख्या प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



जिलाधिकारी ने जनपद में भू-जल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय टास्क फोर्स को निर्देशित किया कि जनपद में अभी तक भूगर्भ जल प्रयोजन के लिए जारी हो चुके अनापत्ति प्रमाण पत्र के सापेक्ष औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, कमर्शियल तथा सामूहिक उपभोक्ताओं द्वारा भू-जल संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का परिसर में निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार के लिए की जा रही गतिविधियों के संबंध में सभी से रिपोर्ट प्राप्त की जाए और यदि अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करने के बावजूद उनके द्वारा वाटर रिचार्ज को लेकर यदि कोई गतिविधि नहीं की जा रही तो संबंधित का अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त की जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए रेजिडेंस सोसाइटी, अपार्टमेंट स-रकारी भवनों, कार्यालय आदि में भी वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चरों की स्थिति की गहन समीक्षा की जाए। साथ ही निर्देश दिए कि सभी सरकारी कार्यालयों, भवनों व हाईराइज सोसाइटियों में लगे रेन वाटर ह-र्वेस्टिंग सिस्टम सक्रिय रहने चाहिए। जिलाधिकारी ने भूगर्भ विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनपद में कहीं पर भी अवैध रूप से भूजल का दोहन न हो सके इसके लिए अधिकारीगण विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए भूजल को सुरक्षित रखने हेतु आम जनमानस को जागरूक करें। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, प्राधिकरण, सिंचाई विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभागे गौतमे बुद्धे नगर।

# पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) शादी अनुदान योजना की जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक सम्पन्न हुई

## योजना के तहत पात्र पाए गए 18 अभ्यर्थियों को लाभान्वित करने हेतु जिलाधिकारी ने दी स्वीकृति

**शादी अनुदान योजना का जनपद में किया जाए व्यापक प्रचार प्रसार**

**कोई भी पात्र व्यक्ति शादी अनुदान योजना के लाभ से नए रहे वंचित : डीएम**

गौतम बुद्ध नगर 23 मई 2025 : उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के की शादी हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) में संचालित शादी अनुदान योजना की समीक्षा बैठक आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई, जिसमें प्रभारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी युक्ति पांडे ने जिलाधिकारी को शादी अनुदान हेतु प्राप्त 18 आवेदनों के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। समिति के विचार उपरांत जिलाधिकारी ने पात्र पाए गए सभी 18 अभ्यर्थियों को शादी अनुदान योजना के लाभ से लाभान्वित करने की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी के स्तर पर सत्यापन/अग्रसारित हेतु अवशेष रह गये आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कराते हुए पी-०एफ०एम०एस० सर्वर से रेस्पांस प्राप्त होते ही



पात्र अभ्यार्थियों को नियमानुसार लाभान्वित किया जाये।

जिलाधिकारी ने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया की शादी अनुदान योजना के संबंध में जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शादी अनुदान योजना के लाभ से वंचित न रहे।

प्रभारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी युक्ति पांडे ने योजना की पात्रता के संबंध में बताया कि आवेदक का पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) का होना चाहिए, पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष उससे अधिक होनी अनिवार्य है, आवेदक की आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में रु0 1,00,000/- प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चा-हिए, आवेदक का जाति प्रमाण- पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिए तथा पुत्री की शादी से सम्बन्धित शादी का क-र्ड/पीली चिट्ठी संलग्न करना अनिवार्य है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में माननीय सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, माननीय राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अमित भाटी, माननीय विधायक जेवर प्रतिनिधि मोजम खान, मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, प्रभारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी युक्ति पांडे, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष कुमार, समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक सारांश श्रीवास्तव तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभागे गौतमे बुद्धे नगर।

# बालश्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया

समाज जागरण

जनपद बहराइच बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर अभियान चलाए जाने, बालको एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय स्तर पर बचाव पुनर्वास अभियान, छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखानों, उद्योगों, दुकानों, ईट भट्ठों, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बालश्रम/भिक्षावृत्ति 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध',थाना ए0एच0टी0 टीम जनपद बहराइच, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन बहराइच, देहात इंडिया व प्रथम संस्था बहराइच की संयुक्त टीम द्वारा नगर क्षेत्र में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान डिग्हिया रोड इण्डियन पेट्रोल पम्प के पास से 01, डिग्हिा रोड निर्माणाधीन पुल के निकट से 01, अस्पताल चौराहे के पास से 02, कुल 04 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को संबंध में जागरूक किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर



न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई। उपरोक्त अभियान में श्रम अधिकारी सूरज तिवारी, संरक्षण अधिकारी शिखिका मौर्या,देहात इंडिया से मनीष यादव, शालिनी यादव,ए0एचटीयू आशुतोष यादव, आसिफ अहमद, राकेश चौबे आदि लोगो उपस्थिते रहे।

# 'ओ' लेवल एवं 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की समय-सीमा बढ़ाई गई

## अब संस्थाएं 2 जून व अभ्यर्थी 14 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

लखनऊ, 23 मई 2025 प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु संचालित योजना की समय-सीमा में विस्तार किया गया है। अब प्रशिक्षणदायी संस्थाएं 2 जून 2025 तक एवं इच्छुक अभ्यर्थी 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विभागीय पोर्टल https://obccom puter training. upsdc.gov.in या https:// backwardwelfareup.gov.in पर किए जा सकते हैं। यह योजना केवल नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाएगी। सभी दिशा-निर्देश और आवेदन प्रारूप पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

डॉ. वंदना वर्मा, निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने बताया कि संस्थाएं अपने आवेदन की हार्डकॉपी और आवश्यक अभिलेख 2 जून 2025 की सायं 5 बजे तक तथा अभ्यर्थी 14 जुलाई 2025 की सायं 5 बजे तक संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराएं।

**संशोधित समय-सारिणी इस प्रकार है—**

1. संस्थाओं से ऑनलाइन आवेदन एवं अभिलेख अपलोड – अब अंतिम तिथि 2 जून 2025
2. जिला स्तर पर संस्थाओं का सत्यापन – 4 जून 2025 तक
3. राज्य स्तरीय समिति द्वारा संस्थाओं का चयन – 13 जून 2025 तक
4. अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन – 14 जून से 14 जुलाई 2025 तक
5. जिला समिति द्वारा अभ्यर्थी चयन एवं प्रतीक्षा सूची निर्माण – 25 जुलाई 2025 तक
6. प्रवेश, नीलिट पंजीकरण व बायोमैट्रिक सत्यापन – 26 से 31 जुलाई 2025
7. प्रशिक्षण प्रारंभ – 1 अगस्त 2025 से

उन्होंने बताया कि संस्थाओं का चयन राज्य स्तरीय समिति द्वारा तथा अभ्यर्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग के युवाओं से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर तकनीकी दक्षता प्राप्त करें और स्वरोजगार या रोजगार के बेहतर अवसरों की दिशा में आगे बढ़ें।

# बेसहारों का सहारा बना सैफई मेडीकल यूनिवर्सिटी

## संस्थान में अज्ञात मरीज 6 पुरुष,12 महिलाएं की अलग-अलग वार्ड में हो रहा है इलाज व देखभाल

समाज जागरण

सैफई (इटावा) कहते हैं जिसका कोई नहीं होता उसका ईश्वर होता है उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में अज्ञात मरीज 6 पुरुष,12 महिलाएं को अलग-अलग वार्ड में कुलपति प्रोफेसर डॉ पी० के जैन के निर्देशन में देखभाल हो रही है।

बेसहारों का सहारा बन यूपीयूएमएस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह ने बताया कि 18 अज्ञात मरीज वर्तमान में संस्थान में है जिसमें पुरुष सर्जरी वार्ड में 05 पुरुष, डेंगू वार्ड में 01 पुरुष,महिला मेडिसिन वार्ड में 02 महिला,महिला हड्डी वार्ड में तीन महिलाएं मानसिक रोग वार्ड में 07 महिलाएं है। जिला प्रशासन



सैफई के मेडीकल यूनिवर्सिटी में भर्ती अज्ञात 6 पुरुष 12 महिला मरीज जिनका इलाज जारी है। अभी तक इनके परिजनों का कोई खबर नही है

के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कुछ मरीजों को स्वयं सेवी संस्थाओं में भी पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ मरीज विगत 2 वर्ष से संस्थान में भर्ती है और वह स्वस्थ हो चुके हैं और कुछ रोगी मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं जिससे वह अपना नाम और पता भी नहीं बता पाते व उनके परिवारजन से संपर्क अभी तक नहीं हो पाया है। इसीलिए मैं मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील करूंगा अगर कोई भी जानकारी इन मरीजों से संबंधित हो तो वह विश्वविद्यालय के इस नंबर पर 91510335788 संपर्क कर जानकारी अवश्य साझा करें।

चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई स्वयं सेवी संस्था अज्ञात मरीज /मानसिक विक्षिप्त मरीज को ले जाना चाहती है तो वह संस्था भी संपर्क कर सकती है हम जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

# जल संरक्षण के मामले में यूपी देश के शीर्ष राज्यों में

फिलहाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि के कारण उत्तर प्रदेश जल संरक्षण के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है। खेत तालाब, अमृत स-रोवर, लुप्त प्राय हो रही नदियों का पुरुद्धार, नदियों के किनारे बहुउद्देशीय तालाब खासकर गंगा नदी के किनारों पर और केन बेतवा लिंक जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं इसका जरिया बन रही हैं। सरकार ने हाल ही में शहरों में बनने वाले आवासीय इकाइयों के लिए जल संरक्षण अनिवार्य कर दिया है। योगी सरकार शहरी स्थानीय निकायों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहती है कि सभी भवन निर्माण अनुमतियों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं शामिल हों। बता दें कि तृतीय राष्ट्रीय जल पुरस्कार में उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है।

**खेत तालाब योजना के तहत 8500 तालाबों के निर्माण का लक्ष्य**

इसी क्रम में खेत तालाब योजना की सफलता को देखते हुए योगी सरकार ने इस योजना के तहत 8500 तालाब के निर्माण का लक्ष्य रखा है। सरकार को उम्मीद है कि इससे अधिकतम समय तक पानी की उपलब्धता के नाते कुल उत्पादन में

# टीएमयू फार्मेसी के डॉ. आशीष सिंघई को हर्बल फार्मूलेशन में पेटेंट

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज में फार्माकोग्नोसी के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सिंघई की झोली में एक और पेटेंट आया है। इस भारतीय पेटेंट के अलावा डॉ. सिंघई के नाम दो जर्मन पेटेंट भी हैं। इस भारतीय पेटेंट से रुमेटॉयड आर्थराइटिस का हर्बल फार्मूलेशन से प्रभावी इलाज संभव हो सकेगा। इस शोध में उन्होंने भारतीय औषधीय पौधों की जैव-सक्रियता का अध्ययन कर एक प्रभाव-शाली हर्बल फार्मूलेशन विकसित किया, जो रुमेटॉयड आर्थराइटिस के प्रबंधन में उपयोगी सिद्ध होगा। इस अनुसंधान कार्य में डॉ. सिंघई के साथ डॉ. हरि सिंह गौर यूनिवर्सिटी, सागर के प्रो. उमेश पाटिल और प्रोफेसर डॉ. संजय जैन भी जुड़े हुए हैं।

TMU MORADABAD
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC



फार्मेसी सेक्टर में यह नवाचार आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। रुमेटॉयड आर्थराइटिस जैसी जटिल बीमारी के लिए यह फार्मूलेशन सुरक्षित और किफायती समाधान देगा। डॉ. सिंघई बताते हैं, इस शोध में तीन हर्बल औषधियों की रुमेटॉयड आर्थराइटिस के प्रति जैव-सक्रियता का गहन अध्ययन किया गया। रिसर्च में सक्रिय तत्वों को पहचानने के बाद फार्मूलेशन को अंतिम रूप दिया गया। इससे पूर्व डॉ. सिंघई को कैंसर और न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर पर दो जर्मन पेटेंट भी मिल चुके हैं। डॉ. सिंघई की झोली में 19 बरस का समृद्ध शैक्षणिक अनुभव है। अब तक 26 नेशनल और इंटरनेशनल शोधपत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना हजरतनगरगढ़ी का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**



संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा थाना हजरतनगरगढ़ी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, आगंतुक कक्ष, हवालात, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी आदि का निरीक्षण कर थाने में साफ सफाई का जायजा लिया गया एवं पुलिस कर्मियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा जिनके पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को अद्यतन करने एवं थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण करने के सम्बन्ध में भी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), सम्भल श्री श्रीश्चन्द्र आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गुन्नौर गर्मी के साथ बढ़ने लगे उल्टी व दस्त के मरीज डाक्टर बने भगवान

**समाज जागरण**



गुन्नौर तहसील नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ रही गर्मी लोगों का स्वास्थ्य बिगाड़ रही है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 100 से 150 मरीज डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) से लेकर उल्टी, पेट दर्द, डायरिया की परेशानी लेकर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को सीएचसी अस्पताल की ओपीडी की संख्या 550 पहुंच गई। गुन्नौर में कड़ी धूप के बीच बढ़ी गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा पड़ रहा है। गर्मी के कारण अस्पताल में उल्टी, दस्त, पेट दर्द व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

शुक्रवार को सीएचसी केंद्र के अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही। पर्चा, दवा काउंटर, ओपीडी, लैब में मरीजों की कतार दिखाई पड़ी। ओपीडी में पहुंचे 550 मरीजों में 350 मरीज पेट दर्द, उल्टी व दस्त के रहे। जबकि पूर्व में उल्टी, दस्त व पेट दर्द के मरीजों की संख्या 100 के अंदर ही रहती थी। वहीं लैब में पहुंचे 65 मरीजों की हर प्रकार की जांचें हुईं। अस्पताल चिकित्सक डॉ. अजहर अली ने बताया कि गर्मी के कारण इससे संबंधित मरीजों की संख्या 20 से 30 फीसदी बढ़ी है। इनमें ज्यादातर ऐसे मरीज हैं, जो दिनभर बाहर धूप में रहकर काम करते हैं। कार्य स्थल तक पहुंचने के लिए गर्मी में पैदल चलते हैं। ऐसे लोगों में गर्मी का प्रभाव ज्यादा देखने को मिलता है।

## समर कैंप सकारात्मक सामाजिक वातावरण में रहने का अवसर प्रदान करता है - अवंतिका सिंह

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप के तीसरे दिन छात्राओं ने मिट्टी कला के साथ विभिन्न गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को ईश्वर वंदना के बाद योगाभ्यास प्रारंभ हुआ। जिसमें शिक्षिका डा. दीपा रानी ने छात्राओं को सही मुद्रा में बैठने के बाद यौगिक श्वसन को चरणवद्ध तरीके से कराया गया। इसके बाद छात्राओं ने मिट्टी की प्लेट, बर्तन, खिलौने, सुराही एवं कुल्हड़ आदि बनाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अवंतिका सिंह ने कहा कि समर कैंप में इन गतिविधियों का आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार और फायदेमंद अनुभव हो सकता है। यह न केवल उन्हें नया सीखने और कौशल विकसित करने का मौका देता है, बल्कि उन्हें अपने दोस्तों के साथ समय बिताने और एक सकारात्मक सामाजिक वातावरण में रहने का भी अवसर प्रदान करता है। इस दौरान छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं तमिलनाडु आदि प्रति की रंगोली बनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अवंतिका सिंह, सावित्री देवी, मानसी ठक्कर, डॉ. दीपा रानी आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## बदायूं : रनजीत कुमार सिंह द्वारा लिया गया देहदान का संकल्प

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बदायूं। राजकीय मेडिकल कालेज बदायूँ के एनाटमी विभाग में रनजीत कुमार सिंह आयु 56 वर्ष पुत्र बाबू सिंह निवासी महोल्ला अम्बिकापुरी निकट पीडब्ल्यूडी डाक बंगला, डीएम रोड़ सिविल लाइन, बदायूँ स्वंय से प्रेरित होकर देहदान का संकल्प लिया गया। एनाटमी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मुकत्याज हुसैन एवं प्रमोद कुमार, लैब टेक्नीशियन /बॉडी इन्जेक्टर द्वारा पंजीकरण कराया गया साथ ही संकल्प पत्र भी भराया गया। प्रधानाचार्य डा. अरूण कुमार द्वारा देहदानी रनजीत कुमार सिंह को देहदान के संकल्प का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डा. मुकत्याज हुसैन ने बताया कि लोग अब अंग दान की तरह देहदान करने के लिए आगे आ रहे हैं। पिछले एक दशक से मृत्यु के पश्चात अपनी देह का दान करने में लोगों की रुचि बढ़ रही है। इस अवसर पर डा. एस. के. मिश्रा, डा. अर्जित गंगवार, डा. पारूल सक्सेना, डा. अदिति चौधरी, पुष्पेन्द्र पाल, टिंकू कश्यप, रूबी गुप्ता, अरविन्द कुमार आदि उपस्थित रहें।

## गुलदार ने हमला कर किया खेत मे काम कर रहे किसान को घायल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। खेत पर काम कर रहे किसान पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया पास में काम कर रहे हैं किसानों ने शोर मचाने पर गुलदार जंगलों की ओर भाग निकला सूचना पर साहू वाला रेंज की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचा जांच का उपचार किया जा रहा है गुलदार के होने से क्षेत्र में भय का माहौल है। सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम अल हैदादपुर खजवा उर्फ कोपा निवासी सतीश पाल पुत्र बलवीर सिंह 35 वर्ष शुक्रवार की दोपहर 12 बजे अपने खेत पर गन्ने में अपने परिवार बिजेंदर राकु मलखान सिंह अन्य लोगों के साथ खेत में पानी दे रहा था की खेत के पास झाड़ियां में बैठे गुलदार ने सतीश पाल पर हमला कर दिया सतीश पर गुलदार का हमला देख खेतों में काम कर रहे हैं उसके परिजनों ने गुलदार होने का शोर मचा दिया और गुलदार ने किसानों को अपनी और आता देख सतीश को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। सतीश पाल ने गुलदार का सामना करने से मामूली रूप से ही घायल हो सका। घटना की सुनकर दर्जनों किसान मौके पर एकत्र हो गए मौके पर जमा लोगों ने घटना की सूचना साहू वाला रेंज के वन रेंजर कपिल कुमार को दी सूचना पाते ही वन रेंजर कपिल कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल सतीश पाल के हाल-चाल जानने के बाद उसे उपचार के लिए नगीना के सीएचसी पहुंचा जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। उधर गुलदार के हमले की घटना से ग्रामीण क्षेत्र में दहशत का माहौल है मलखान सिंह, बिजेंद्र रखो प्रवीण सिंह प्रीतम आदि ने वन रेंजर कपिल कुमार से क्षेत्र में पिंजरे लगाकर गुलदार कब पकड़े जाने की मांग की है। वन रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि गुलदार को पकड़े जाने के लिए जंगल में पिंजरे लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने 02 अभियुक्तो को चोरी किये गए माल सहित किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नूरपुर पुलिस को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण महिपाल पुत्र रामचरन निवासी ग्राम कुन्डा थाना हल्दौर जनपद बिजनौर व अजीम पुत्र शकील निवासी ग्राम मीमला मुस्तफाबाद थाना नहटौर जनपद बिजनौर को चोरी किये गए माल 1 बैटरा, 1 इन्वर्टर, 1 स्टैपलाइजर 3500 रुपए की नगदी तथा चोरी की घटना मे प्रयुक्त एक विक्की मोटरसाइकिल नंबर DL-4SBX-2761 बरामद की गई। अभियुक्तगण से बरामद 01 बैटरा, 01 इन्वर्टर व 01 स्टैपलाइजर की चोरी के संबंध में थाना नूरपुर पर मुकदमा 170/25 धारा 305 (क) बीएनएस पंजीकृत है तथा बरामद 3500/- रुपए की चोरी के संबंध में थाना हल्दौर पर मुकदमा 114/25 धारा 331 3 305 (ए) बीएनएस पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली



पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह,रवि कुमार ,रजत राणा हेड कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल अर्जून कुमार,बोबी थाना नूरपुर आदि मौजूद रहे

## ग्राम पंचायत बुकनाला में नाली और सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों को खुद उठानी पड़ी जिम्मेदारी

### पंचायती व्यवस्था की पोल खुली, निजी खर्च से हो रहा निर्माण कार्य

**समाज जागरण**



असमोली (संभल)। विकासखंड असमोली की ग्राम पंचायत बुकनाला में सरकारी तंत्र की लापरवाही और पंचायत प्रशासन की उदासीनता के चलते ग्रामीण खुद नाली और सड़क बनवाने को मजबूर हो गए हैं। वर्षों से लंबित विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों का सब्र टूट गया और उन्होंने निजी चंदे से निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। गांव की गलियों में जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। बरसात में गलियां तालाब बन जाती हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। वहीं, कच्ची और उबड़-खाबड़ सड़कें बरसात में पूरी तरह कीचड़ में बदल जाती हैं। स्थानीय निवासी अब्बास हैदर ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। नतीजतन ग्रामीणों ने मिलकर आपसी सहयोग से चंदा इकट्ठा किया और नाली व सड़क निर्माण का बीड़ा उठा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य पंचायत को करना चाहिए था, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने खुद ही यह जिम्मेदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत फंड का उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है और गांव की मूलभूत सुविधाएं उपेक्षित हैं। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस ओर ध्यान देगा और भविष्य में ऐसे हालात दोबारा उत्पन्न न हों, इसके लिए ठोस कदम उठाएगा।

## दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण, 26 मई से ब्लॉकों में लगेंगे मापन शिविर

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण (ट्राईसाईकिल, बैशाखी, स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र एवं व्हीलचेअर आदि) निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हे वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में कोई भी सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुआ हो, वह अपने विकास खण्ड मुख्यालय में आयोजित होने वाले शिविर में अपना चिन्हांकन व पंजीकरण करा सकते है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक जगत में 26 मई (सोमवार), बिसौली में 27 मई (मंगलवार), वजीरगंज में 28 मई (बुधवार), आसफपुर में 29 मई (बृहस्पतिवार), कादरचौक में 30 मई (शुक्रवार), उझानी में 31 मई (शनिवार), सलारपुर में 02 जून (सोमवार), इस्लामनगर में 03 जून (मंगलवार), उसांवा में 04 जून (बुधवार), समरेर में 05 जून (बृहस्पतिवार), अम्बियापुर में 06 जून (शुक्रवार), सहसवान में 09 जून (सोमवार), दातागंज में 10 जून (मंगलवार), म्याऊ में 11 जून (बुधवार), दहगंवा में 12 जून (बृहस्पतिवार) को शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए इच्छुक दिव्यांगजन स्वंय विभागीय पोर्टल www.divyangjanup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु दिव्यांगजन को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्र (वर्षिक आय शहरी क्षेत्र में 56460 रुपए व ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपए से अधिक न हो) व चिकित्सा अधिकारी का संस्तुति प्रमाण पत्र की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

## सेना के सम्मान में बिसौली में निकाली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति नारों से गूंज उठा नगर

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व्यापी आवाहन पर पूर्व विधायक कुशाग्र सागर के नेतृत्व में नगर में विशाल तिरंगा यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। जिसमे भाजपाई राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत गगनभेदी नारे और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे। शुक्रवार को नगर के बैनी महाराज मनोकामना मंदिर से वीर सैनिको के शौर्य और पराक्रम के सम्मान मे भव्य तिरंगा यात्रा डी जे और बैंड बाजे के साथ शुरू हुई। तिरंगा यात्रा अटल चौक, बदायू रोड, गोड़ चौराहे, बजरंग चौक, बुधबाजार आदि गली मोहल्लो मे होती हुए ब्रज फार्म पर सभा मे परिवर्तन हुआ। जिसका जगह जगह पुष्पवर्षा कर लोगो ने भव्य स्वागत किया। जहां अपने सम्बोधन मे पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और बलिदान देशवासियो के लिए गर्व की बात है। उन्होंने पाकिस्तान को लालकरते हुए कहा की अगर दुश्मन ने जरा भी ओछी हरकत की तब भारतीय सेना दुनिया के नक्शे से उसका नामो निशान मिटाकर ही दम लेगी। जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सिद्ध कर दिया है कि देश का नेतृत्व सुरक्षित हाथो मे है।भारतीय सेना देश की सुरक्षा करने और दुश्मन को नेस्तोनाबूत करने मे पूर्ण सक्षम है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण, आईटी सेल के जिला संयोजक संदीप चौहान, मुड़िया चेयरमैन अनुपम पाठक, शिव कुमार पाराशरी, ठाकुर रामवीर सिंह एड, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह एड, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, रीतेश चौहान, सनवीर पाल, अमित वार्ष्णेय, रेशू वार्ष्णेय, मोंटी महाजन, नितिन महाजन, मनोज शर्मा, देवांश सक्सेना भाजपा नेत्री सविता शर्मा, रेनू अग्रवाल, प्रवेश सिन्हा, सरिता वार्ष्णेय, संगीता रस्तोगी आदि देश भक्त मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर में महिला की मौत संदिग्ध मौत पति ने मुंबई में की थी दूसरी शादी, पति पर हत्या का आरोप बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव मंधौरा में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 39 वर्षीय सीमा के रूप में हुई है। मृतका के भाई मानसिंह के अनुसार, उनके जीजा अर्जुन मुंबई में ड्राइवर है। अर्जुन ने मुंबई में दूसरी शादी कर ली है। दूसरी पत्नी से उसका एक बेटा भी है। पांच दिन पहले वह कई सालों बाद गांव आया था। इस दौरान सीमा और अर्जुन के बीच विवाद हुआ। गुरुवार रात करीब 3 बजे मृतका के ससुर प्रीतम ने मायके वालों को सीमा की मृत्यु की सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि अर्जुन ने अपने परिवार के साथ मिलकर सीमा को जहर देकर मार डाला। मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। आरोपी पति और ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए। मृतका के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मृतका के दो बच्चे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांचे जारी है।

## सिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित पेयजल समिति मे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर सहित आधा दर्जन से अधिक साधु संत पहुंचे

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद।सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद की ओर से आयोजित पेयजल शिविर में निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर सहित आधा दर्जन से अधिक साधु संत पहुंचे ।सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष नेम सिद्दीकी के हरिद्वार मार्ग स्थित आवास पर आज निरंजन अखाड़ा के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर गजानंद गिरी, पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा के महंत रामानंद गिरी,नागा बाबा बुधपुरी देवकीनंदन महाराज ,व गजानन महाराज पहुंचे।इस अवसर पर सभी साधु संतों का जोरदार स्वागत किया गया।इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ, वरिष्ठ समाज सेवी नगीना जोन स्टोन क्रेशर के अध्यक्ष संजीव चौहान,नईम सिद्दीकी,पंकज शर्मा,विपुल शर्मा ,हर्षित अग्रवाल,ग्राम प्रधान डॉक्टर साजिद हुसैन,जकी मालिक,आदि ने संयुक्त रूप से साधु संतों का फूल मालाओं से स्वागत कर शाल ओढ़कर उनको सम्मानित किया ।इसके बाद सभी अतिथि रेलवे स्टेशन परिसर में लगे पेयजल शिविर में पहुंचे और शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया।इस मौके पर जितेंद्र जैन,नईम सिद्दीकी गुलजार अहमद, विकास आय ˊ, हिफजुर्रहमान, राजवीर सिंह ,संतराम शर्मा ,प्रदीप चौहान ,मिस बाबुल हसन ,अभिनव अग्रवाल ,आदित्य अग्रवाल ,शाहनवाज अहमद ,रविंद्र कुमार ,कुलदीप राजपूत,मोहम्मद शाकिर आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम के अंत में सभी साधु संत समाज सेवी संजीव चौहान के डबल फाटक स्थित आवास पर पहुंचे जहां उनका भक्तों ने जोरदार स्वागत किया। पूजा हॉस्पिटल के स्वामी डॉक्टर संदीप अग्रवाल ने भी अपने हॉस्पिटल में महंत रामानंद गिरी जी वह अन्य सभी साधु संतों का स्वागत किया।

## गुन्नौर सरकारी अस्पताल से पलक झपकते ही तीमारदार की साईकिल चोरी कैमरे बंद

**समाज जागरण**

गुन्नौर तहसील नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अस्पताल में साइकिल चोरी होने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार को पलक झपकते ही साइकिल चोरी हो गई। अस्पताल में लगे कैमरे खराब होकर शो पीस बने नजर आ रहे है । सीएचसी अस्पताल में साइकिल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है जो पिछले काफी समय से साइकिलों को चोरी कर रहा है। शुक्रवार को किशनपाल पुत्र जशवंत निवासी भकरौली थाना धनारी अपनी दवा लेने के लिए अस्पताल आया हुआ था। दवा लेने के बाद जब वापस आया तो उसकी ताला लगी साइकिल चोरी हो गई। दो अन्य मरीजों की साइकिलें भी अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। एक साथ तीन साइकिलों के चोरी चले जाने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। लोग अपने-अपने वाहनों को देखने लगे। काफी तलाशने के बाद भी तीनों साइकिलें नहीं मिलीं।

## गुन्नौर घरेलू कलह में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी,

**समाज जागरण**

महिला का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर महिला ने घर में रखा विषैला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ी तो परिजन घबरा गए। गुन्नौर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 21मई की देर को घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने सीएचसी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया है। गांव निवासी 32 वर्षीय महिला का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर महिला ने घर में रखा विषैला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ तो परिजन घबरा गए। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे। चिकित्सक द्वारा दी प्राथमिकी पर महिला की तबीयत में सुधार हुआ।

## गुन्नौर अचानक गैस सिलेंडर में आग लगने से तीन झुलसे

**समाज जागरण**

गुन्नौर कस्बा बबराला नगर के टंकी मोहल्ला निवासी राजकुमार पुत्र राम किशोर ने बताया कि मेरी पत्नी मंजू दोपहर 12:00 बजे के करीब घर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। तभी वह गैस सिलेंडर बंद करने लगी। जिसके बाद उसमें अचानक आग लग गई। तभी मेरी बुआ श्यामवती पत्नी देवेंद्र निवासी बागऊ व में खुद सिलेंडर आग बुझाने की कोशिश में लग गए, और तीनों झुलस गए। इसके बाद सूचना पर पहुंची 112 पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## गुन्नौर टीन शैड से गिर महिला बुजुर्ग घायल

**समाज जागरण**

गुन्नौर। कोतवाली क्षेत्र के गॉव नगलिया निवासी ओमवती 50 के घर पर लगी टीन शेड के ऊपर चढ़ गयी कि कहां से टपक रही है। तभी ओमवती का पैर फिसल गया।जैसे ही पैर फिसला सीधे जमीन पर आकर गिरी।जिसके चलते उनके सिर में चोट लग गयी। घायल महिला को तुरंत परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे।सिर में चोट लगने की बजह से महिला को डाक्टर ने अलीगढ़ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## गुन्नौर खाद सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी दुकानदारों में हड़कंप,

**समाज जागरण**

गुन्नौर नगर में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा दुकानों पर नमूने भरने की सूचना से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम द्वारा छापेमारी की सूचना पाकर मिष्ठान विक्रेता व परचून विक्रेता धड़ाधड़ शटर बंद कर खिसकते दिखाई दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बाकि दिनों की अपेक्षा त्योहार के सीजन में मिठाईयों की मांग बढ़ जाती है। जिसके चलते दुकानदार लालच के चलते मिलावट का खेल खेलते हैं। इसी आशंका के चलते मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया गया है।

## भाजपा नेता राजा बाबू वार्ष्णेय तिरंगा यात्रा में देशभक्ति भजन पर झूमते नाचते बेहोश

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। तिरंगा यात्रा में डीजे पर राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत भजन पर



झूमते नाचते गाते समय वरिष्ठ भाजपा नेता राजाबाबू वार्ष्णेय आयु 58 वर्ष अचानक वेहोश होकर गिर पड़े। आनन फानन मे भाजपा कार्यकर्त्ता मनोज गुप्ता टाटा, श्रीकृष्ण गुप्ता कन्हैया आदि गोदी मे उठाकर नगर के प्रमुख चिकित्सक डा. मनोज महेशवरी के यहाँ ले गए, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में बरेली रेफर कर दिया गया है।

## किसानों पर गुलदार ने हमले का किया प्रयास

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नूरपुर गुलदार ने किसानों पर हमले का किया प्रयास खेतो मे काम कर रहे लोगों को तीन बार दिखा गुलदार, वन विभाग ने लगाया पिंजरा ब्लॉक नूरपुर के गांव बीरबलपुर में एक गुलदार तीन अलग-अलग जगहों पर दिखाई देकर ग्राम में दहशत फैला दी। सबसे पहले सुबह में गुलदार नवनीत कुमार के



बाजरे के खेत में नजर आया। किसानों ने गुलदार को देखते ही खेत छोड़ दिया। दोपहर में गुलदार तरुण कुमार के खेत पर दिखाई दिया। इस दौरान वहां काम कर रहे किसान और मजदूर तुरंत वहां से हट गए। शाम को गुलदार जंगल में चारा लेने गई महिलाओं के सामने आ गया। भारतीय किसान यूनियन के नेता प्रशांत कुमार ने बताया कि गुलदार की वजह से क्षेत्र के किसानों में दहशत और भय का माहौल बना हुआ है। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। वन क्षेत्राधिकारी चांदपुर दुष्यंत सिंह ने कहा कि सूचना मिलते ही टीम को भेजकर पिंजरा लगवाया गया है। वन विभाग चांदपुर की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक हुई संपन्न

**दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। उन्होंने उद्यमियों से आव्हान किया कि जो प्रकरण जिला उद्योग बन्धु की बैठक में निस्तारित हो सकते हों, उनको मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक में न रखा जाए। उन्होंने उद्यमियों के सुझाव पर एक तरह की समस्याओं के निस्तारण के लिए उस विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ पृथक से बैठक कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र तालानगरी में ईएसआई हास्पीटल की शाखा खोले जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि तालानगरी के आसपास स्थित किसी भी निजी चिकित्सालय जिसमें समुचित ईलाज संभव हो सके ईएसआई से संबद्ध करने के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि अलीगढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा समयसीमा के उपरांत एक प्रकरण का निस्तारण किया गया है जबकि मण्डल के अन्य जिलों में समयसीमा के उपरांत निस्तारण का कोई प्रकरण नहीं है। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को सचेत किया कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में समयसीमा का इंतजार न करें, आवेदन प्राप्त होते ही उसका गुणवत्तापरक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पोर्टल पर समय सीमा के अन्तर्गत अलीगढ़ में राजस्व विभाग के 18, यूपीसीडा एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 20-20 समेत 87, एटा में कृषि विभाग के 13 व श्रम विभाग के 06 समेत 23, हाथरस में श्रम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 06-06 समेत 26 एवं कासगंज में विभिन्न विभागों के 09 प्रकरण लंबित हैं। मण्डलायुक्त ने सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्धता से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, ओडीओपी एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार में 469 भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 122 का प्रेषण, 17 की स्वीकृति एवं मात्र 07 का वितरण होने पर नाराजगी प्रकट की। इसी प्रकार ओडीओपी में 236 के सापेक्ष 30 का प्रेषण एवं 11 की स्वीकृति व वितरण और सीएम युवा में 7800 के सापेक्ष 3920 का प्रेषण, 806 की स्वीकृति एवं 599 को ऋण वितरण किए जाने पर बैंकर्स को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है, बैंकर्स जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में रोड़ा न अटकाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी आवेदन में कोई त्रुटि हो तो आवेदनकर्ता को सूचित कर उसे दूर कराते हुए लाभान्वित किया जाए। बैठक में चारो जिलों के उपायुक्त उद्योग, मण्डलीय अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# जिला खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

## जिले में संचालित सभी जिम का होगा पंजीकरण

**दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आहूत जिला खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक में खेल गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निरन्तर खेलों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए करोड़ों की लागत से भव्य हॉस्टल बनवाया जा रहा है। जिला स्तर से निकलकर गांव तक मे स्टेडियम बनवाये जा रहे हैं।

विधायक कोल श्री अनिल पाराशर ने कहा कि तन स्वस्थ है तभी मन स्वस्थ रह सकता है, ऐसे में अधिकाधिक खेल गतिविधियां हों हम सभी का समेकित प्रयास होना चाहिए। उन्होंने बैठक को हर तीन माह पर आयोजित कराने एवं सक्रिय खिलाड़ियों को भी बैठक में आंमत्रित किए जाने का सुझाव दिया। मा0 विधायक की पहल पर स्टेडियम में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित किए जाने पर भी सहमति प्रदान की गई। उन्होंने स्टेडियम में खेल सुविधाएं एवं शुल्क संबंधी बोर्ड स्थापित किए जाने का भी प्रस्ताव रखा।

बैठक में खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं में सुधार और आगामी खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेल मैदानों की दशा सुधारने के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। धावक गुलवीर का सम्मान, विभिन्न प्रकार के मरम्मत कार्य, शौचालय निर्माण संबंधी कार्य खेल प्रोत्साहन धनराशि से कराए जाने पर भी सहमति बनी। बैठक में खेल प्रशिक्षकों मुकेश कुमार एवं लोकेश कुमार का भी मानदेय बढ़ाया गया। जिले में संचालित सभी जिम का पंजीकरण कराए जाने पर भी सहमति व्यक्त की गई। इसके साथ ही जिला क्रीड़ा अधिकारी को अधिकार दिए गए कि वह प्रतिमाह 5000 रुपए की धनराशि से आवश्यकतानुरूप मरम्मत कार्य करा सकेंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री विवेक बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन, अर्जुन सिंह फकीरा, डा0 शाहनवाज खान, शमशाद निसार आजमी, जिला युवा अधिकारी तन्वी समेत खेल समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रा के साथ शिक्षक ने की अभद्रता, एबीवीपी ने किया विरोध सोपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : वीरांगना अवंतीबाई राजकीय महाविद्यालय अतरौली में B.COM प्रथम वर्ष की छात्रा जब अपना प्रवेश पत्र लेने विद्यालय गयी तो वहां के अध्यापक द्वारा उनके साथ अभद्रता की गयी और उन्हें धक्का मारकर बाहर निकालने की कोशिश की इसकी शिकायत जब छात्राओं ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं से की तो उन्होंने मामले की जानकारी करने के लिये महाविद्यालय जाकर जानकारी करने की कोशिश की तो वहां अध्यापक तो नहीं मिले लेकिन विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अभिमन्यु चौधरी के सामने ही प्राचार्य फिरोज आलम ने छात्राओं को TC काटने की धमकी दे दी।



जिसका विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने विरोध किया और नारेबाजी शुरू कर दी। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने ज्ञापन देकर 3 दिन का समय प्राचार्य फिरोज आलम जी को दिया है अगर फिर भी शिक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करेगा।

जिला संयोजक अभिमन्यु चौधरी ने कहा कि किसी भी छात्रा बहन के साथ इस तरह का बर्ताव बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं किया जायेगा

इस दौरान जिला संगठन मंत्री आकाश पाल, जिला रःरुःसंयोजक आकाश भारद्वाज जिला छात्रा प्रमुख दिव्यांशी,राखी सूर्यवंशी,चारुल, हंसिका, फराह,फरीन खान अछरा,ज्योति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृहद रोजगार मेले में 375 के सापेक्ष 306 अभ्यर्थी चयनित

**दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि0 औद्योगिक आस्थान के परिसर में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर, राजकीय आईटीआई एवं



राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ तालानगरी औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नेकराम शर्मा द्वारा किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 17 कम्पनियो के सापेक्ष 375 अभ्यर्थियो के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 306 अभ्यर्थी चयनित किये गये। मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों को कैरियर काउंसिल प्रदान की गयी अन्त में क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी डा0 पीपीसी शर्मा द्वारा महा प्रबन्धक राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम रामकुमार यादव को धन्यवाद देते हुये मेले का समापन किया गया।

# यूपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा 25 मई को 16 केंद्रों पर

## दो पालियों में परीक्षा के लिए 7297 परीक्षार्थी पंजीकृत

**दैनिक समाज जागरण**

अलीगढ़ : लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा 25 मई रविवार को जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। यूपीएससी की यह परीक्षा दो पालियों में प्रातः 09:30 बजे से 11:30 एवं अपरान्ह 2:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए 7297 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही पर्याप्त पुलिस बल तैनात कराए गए हैं। सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र सुपरवाइजर से समन्वय स्थापित कर आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत परीक्षा संपन्न कराएंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बैठक कर संबंधित पुलिस, प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज, चंपा अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, धर्म समाज महाविद्यालय, गोपीराम पालीवाल इंटर कॉलेज, हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज, एसएमबी इंटर कॉलेज, श्री टीकाराम कन्या इंटर कालेज, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, श्री उदय सिंह जैन कन्या इंटर कॉलेज, अग्रसेन इंटर कॉलेज हरदुआगंज, नौरंगीलाल राजकीय इंटर कालेज, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गौरव इंटर कालेज, ज्ञान महाविद्यालय, गगन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए अपर जिलाधिकारी नगर को नोडल अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अपराध को सम्पूर्ण परीक्षा के लिए प्रभारी बनाया गया है। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय अपनी देखरेख में गोपनीय सामग्री आयोग से प्राप्त होने पर कोषागार के डबल लॉक में रखवायेंगे और परीक्षा वाले दिन गोपनीय सामग्री कोषागार के डबल लॉक से निकलवाकर सम्बन्धित सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट को हस्तगत करायेंगे। समस्त लोकल इस्पेक्टिंग आफीसर सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर तैयारियो का गहन परीक्षण कर पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे और परीक्षा के दिन सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहकर अपनी देखरेख में निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करायेंगे और परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त सीलबन्द परीक्षा सामग्री केन्द्र सुपरवाइजर के माध्यम से मुख्य डाकघर पहुँचायेंगे। समस्त सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान भ्रमणशील रहते हुए पर्यवेक्षक से समन्वय बनाए रखेंगे। सभी सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट इस बात का ध्यान रखेंगे कि परीक्षा उपरान्त गोपनीय सामग्री समय से पोस्ट आफिस के माध्यम से आयोग को डिस्पेच हो जाय। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएंगे।

# मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : जनपद के छात्र-छात्राओं द्वारा उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने पर पूर्व विधायक विवेक बंसल द्वारा मैरिस रोड स्थित धर्मपुर कोर्टयार्ड में इस परीक्षा में 1 से 5 रैंक तक के सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया आया । इस सम्मान समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस डी एम कोल श्री दिग्विजय सिंह व आई पी एस अधिकारी श्री मयंक पाठक ने छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर व माल्यार्पण करके सम्मानित किया । इस सम्मान समारोह का सफल संचालन प्रसिद्ध गजल गायक जॉनी फोस्टर ने किया । इस अवसर पर अपने सम्मान से प्रफुल्लित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विवेक बंसल ने कहा कि आप लोगों ने जो कठिन परिश्रम करके यह सफलता हासिल की है उसके लिए न सिर्फ आप लोग बधाई के पात्र हैं अपितु आपके माता-पिता भी इस बधाई के पात्र हैं आप लोगों की मंजिल यहीं खत्म नहीं होती आगे आपको शिक्षा के क्षेत्र में काफी लंबा मार्ग तय करना है और इसी प्रकार की सफलताएं अर्जित करके इस देश का मान सम्मान बढ़ाने के लिए अपनी सेवाएं देकर और उत्कृष्ट कार्य करने हैं जीवन में असफलता वह सफलता मिलती रहती हैं लेकिन सफल विधार्थी वही हैं जो असफलताओं से निराश न होकर आगे अपने प्रयास को जारी रखें जिससे कि वह अपने अभियान में सफल हो सके । जो गिरता है वह उठता है, यह प्रकृति का नियम है, आज आपके समक्ष इस कार्यक्रम में जो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बैठे हुए हैं उनको यहां बुलाने का मेरा उद्देश्य इतना ही है कि आप लोग इनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और इन्हीं की तरह से उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवाएं करें । इस अवसर पर दोनों मुख्य अतिथि श्री दिग्विजय सिंह और श्री मयंक पाठक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में परिश्रम और लगन से पीछे नहीं हटना चाहिए इसके साथ-साथ आप लोगों का यह भी कर्तव्य बनता है कि आप लोग अपने माता-पिता का सम्मान करें जिससे कि उनकी आत्माएं प्रसन्न होकर आपको अपने जीवन में सफलता का आशीष दें । इस सम्मान समारोह में उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव श्रीमती रूही जुबैरी, प्रो अफजल खान, कफील अहमद खान, अकील सिद्दीकी, सर्वेश कुमार, संदीप गर्ग, आरिफ हुसैन, पन्नालाल सुमन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष हाजी नौशाद कुरेशी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष नवेद खान, सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष आलोक गौड़, विश्वंभर सिंह, पूरनचंद देशमुख, नाथूराम रसक, गया प्रसाद गिर्राज, नदीम गफूर, मोहम्मद जियाउद्दीन राही, ओम प्रकाश जी, डूंगर सिंह, अजीत कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी, विंसेंट जॉयल, आमिल हुसैन, शाहरुख खान, रामकिशन गोस्वामी, जफरुद्दीन गद्दी, अविनाश शर्मा, डा राकेश सारस्वत, दिव्यांशु अग्रवाल, कामेश शर्मा, मोहम्मद आसिफ, आर के गॉड, शाहिद खान, जितेंद्र कुमार तोशी, मोहम्मद असलम कुरैशी, विकास राठी, संजय यादव, विनेश कुमार सिंह, मोहम्मद इमरान, नबी अहमद खान, रईस गाजी, मोहम्मद अनवा, शादाब फजल, नादिर खान, सुमित कुमार कालू, एजाज अल्वी, वसीम मलिक, ज्ञान सिंह दिवाकर, चौधरी वीरेंद्र सिंह, मुकर्रम खान, चमन अल्वी, मोहम्मद सलमान, रणवीर सिंह, सुल्तान खान, मोहनलाल पप्पू, रोहताश सिंह, संजय माथुर, नूरुल हसन, हिमांशु अग्रवाल, मोहम्मद सलीम, इंद्र देव सिंह चौहान, रामवीर शर्मा, मोहम्मद खालिद, सुनील कुमार सिंह, दिलीप महेश्वरी, मुनेश कुमार,संजीव कुमार चौहान, सत्यपाल, अभिषेक जैन, ललित वशिष्ठ आदि के साथ साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# कोल एवं खैर के ग्रामों में 24 मई से बंटेगा भू - अर्जन प्रतिकर

अलीगढ़ : अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334 अलीगढ़-पलवल सेक्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू-अर्जन से प्रभावित तहसील कोल एवं खैर के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है। उन्होंने बताया कि भू-अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि असरोई, पड़ील, मुकन्दपुर में 24 मई, लौहसरा विसावन, लोधा, अण्डला में 26 मई, करसुआ, बांकनेर, नगला अस्सू में 27 मई, रेसरी, इतवारपुर, गनेशपुर में 28 मई, जलालपुर, बुलाकीपुर, हीरपुरा में 29 मई, फाजिलपुर कलां, सोतीपुरा, उसरह रसूलपुर में 30 व 31 मई, खण्डेहा, टप्पल, घरबरा में 02 से 04 जून, हामिदपुर, स्यारौल, डोरपुरी में 05 मई एवं लोधा व लॉहसरा विसावन में 06 जून को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र संपादित करते हुए प्रतिदिन की आख्या उपजिलाधिकारी खैर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# झींडा के प्रधान बनने पर मिठाई बांट कर मनाई खुशी

**दैनिक समाज जागरण**
**कलांवाली (सुरेश जोरासिया)**



हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान पद के चुनाव को लेकर शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में हुई बैठक में जगदीश सिंह झींडा को प्रधान चुने जाने पर उनके समर्थक एवं पूर्व सदस्य जगतार सिंह तारी ने समर्थकों के साथ मिठाई बांटकर खुशी मनाई। कमेटी के पूर्व सदस्य जगतार सिंह तारी ने कहा कि कमेटी के गठन को लेकर जगदीश सिंह झींडा ने काफी संघर्ष किया है ओर सिख धर्म के प्रचार के लिए भी काम किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सिख संगत भी यही चाहती थी कि जगदीश सिंह झींडा कमेटी के प्रधान बने आज उनके प्रधान चुने जाने पर सिख संगत में खुशी देखी जा रही है। झींडा के प्रधान बनने पर मास्टर सुखदर्शन सिंह, मनजीत सिंह खालसा, शमशेर सिंह तारूआना, दलजीत सिंह, बुटा सिंह तख्तमल, बंटी अरोडा, भोला सिंह टेलर, पाला सिंह देसू, रणजीत,सोनी, बहादूर सोनी, सुभाष सोनी, गुरबख्श सिंह तख्तमल, चरणदास चन्नी,हरविंद्र गिल हस्सू, बिल्लू यादव, छिंद्र सोनी आदि ने खुशी जताई है।

# ई-श्रम पोर्टल पर 30 मई तक करवाएं पंजीकरण

**दैनिक समाज जागरण**
**कालांवाली, 23 मई (सुरेश जोरासिया)**

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों जैसे डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक कर्मी, ई-मार्केट और प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, ट्रैवल व हॉस्पिटैलिटी कर्मचारी, कंटेंट व मीडिया सर्विस तथा अन्य डिजिटल सेवाओं से जुड़े श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण हेतु 30 मई तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत सिरसा जिले में इन श्रमिकों का पंजीकरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार इन सभी प्लेटफार्म वर्कर तक करने की घोषणा की है, जो ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं और जिनके पास वैध ई-श्रम कार्ड है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने इन श्रमिकों को सशक्त बनाने और उनकी सामाजिक सुरक्षा कवरेज सुनिश्चित करने की घोषणा की है। सभी गिग वर्कर को स्वास्थ्य दुर्घटना और जीवन बीमा सहित बीमा सुरक्षा मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य गिग वर्कर्स को वित्तीय सहायता, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कामकाजी परिस्थितियां प्रदान करना है ताकि वे हरियाणा के आर्थिक विकास अधिक आत्मनिर्भर और सक्रिय योगदानकर्ता बन सके। श्रमिक अधिक जानकारी के लिये राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14434 पर कॉल कर सकते हैं या जिले के श्रम विभाग कार्यालय सहायक अथवा दूरभाष नंबर 01666-297870 से संपर्क कर सकते हैं।

# श्री रामलीला महासंघ की बैठक में सर्वसम्मति से हुई मांग कावड़ व हज की तर्ज पर दिल्ली की रामलीला कमेटियों को नि:शुल्क सुविधाएं मिले

**दैनिक समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता**




नई दिल्ली। राजधानी की समस्त रामलीला कमेटियों की संस्था श्री रामलीला महासंघ की एक विशेष बैठक कांस्टीयूशन क्लब नई दिल्ली में महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । रामलीला आयोजन के दौरान होने वाली समस्याओं का एक मंच पर निवारण करने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में चांदनी चौक क्षेत्र के सांसद प्रवीण खण्डेलवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस बैठक में कमेटियों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्यों से सांसद महोदय एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया।

श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली सरकार कावड़ सेवा एवं दिल्ली हज को सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करती है। उसी प्रकार प्रभु श्रीराम का संदेश घर-घर पहुंचाने में वर्षों से लगी रामलीला कमेटियों को भी बिजली, पानी, ग्रांउण्ड, सफाई आदि भी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाये। उन्होंने बताया कि मुगलों और अंग्रेजों के शासन काल में भी रामलीलाओं को सभी सुविधाएं निःशुल्क मिलती थी। दिल्ली की रामलीला कमेटियां रामलीला में सेना शौर्य आपरेशन सिन्दूर की गाथा दिखायेगी ।

महासंघ अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष डीडीए आन लाईन बुकिंग रामलीलाओं के लिए ग्राउण्ड 10 दिन से ज्यादा बुक नहीं किये, कुछ रामलीला ग्राउण्ड आक्शन के लिए रिजर्व किए। रामलीला मंचन की तैयारियों के लिए कम से कम 45 दिन लगते हैं, डीडीए एवं अन्य सभी विभाग 45 दिनों के लिए ग्राउण्ड निःशुल्क बुक करें। दिल्ली पुलिस द्वारा रामलीलाओं के लिए लाईसेंस आवेदन बहुत कठिन प्रकिया है, लाईसेंस सरल किया जाये और जिला स्तर पर एप्लाई किया जाये। इसी तरह दिल्ली की बिजली कम्पनी रामलीलाओं के लिए बिजली उपलब्ध कराने के लिए बहुत ही जटिल प्रक्रिया है उसे भी आसान किया जाये। अर्जुन कुमार ने प्रवीण खण्डेलवाल सांसद को सभी समस्याओं से अवगत कराया कि हर वर्ष रामलीलाओं को सभी एजेंसी के आदेश के कारण रामलीला कमेटियों को परेशानियां उठानी पड़ती अलग-अलग विभागों में चक्कर लगाने पड़ते है, आप दिल्ली की रामलीलाओं के लिए सिंगल विंडों सिस्टम लागू करवायें जिससे की दिल्ली की समस्त रामलीलाओं को राहत मिलें।

चांदनी चौक क्षेत्र के सांसद श्री प्रवीण खण्डेलवाल ने दिल्ली की रामलीला कमेटियों को आश्वासन दिया कि मैं व्यक्तिगत रूप से दिल्ली की रामलीला आयोजन से जुड़ी सभी सिविक एजेंसियों से सभी समस्याओं को लीला आयोजन से पूर्व ही समाधान हो जायेगा। दिल्ली में रामलीला मंचन गत वर्षो की भांति ही इस वर्ष बहुत ही भव्य एवं शांतिपूर्ण वातावरण सम्पन्न होगा। प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम सब पर है और इसी प्रकार बना रहेगा ।

श्री रामलीला महासंघ के महामंत्री सुभाष गोयल ने बताया कि इस वर्ष रामलीला महोत्सव 22 सितम्बर 2025 से 3 अक्तूबर 2025 तक मनाया जायेगा एवं दशहरा पर्व 2 अक्तूबर 2025 को पूरे विश्व में धूम धाम से मनाया जायेगा। सुभाष गोयल यह भी बताया कि इस अवसर पर सांसद प्रवीण खण्डेलवाल का शक्ति की प्रतीक हनुमान जी गदा भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर सर्वश्री लव कुश रामलीला कमेटी के पवन गुप्ता, सत्यभूषण जैन, अशोक विहार रामलीला कमेटी महेन्द्र नागपाल, कश्मीरीगेट रामलीला कमेटी जत्थेदार अवतार सिंह पूर्व मेयर, पीतमपुरा रामलीला कमेटी के कृष्ण बासिया, करोलबाग श्री सनातन धर्म रामलीला समिति, सम्पूर्ण रामायण, एनएसपी, आजाद मार्किट रामलीला कमेटी, केशव धार्मिक रामलीला कमेटी त्रिनगर, धार्मिक एकता मंच सावन पार्क, शालीमार बाग रामलीला कमेटी, श्री रामलीला कमेटी ढक्का गांव, श्री धार्मिक रामलीला कमेटी पश्चिम विहार, श्री सनातन धर्म रामलीला समिति पंजाबी बाग, सियाराम लीला मंचन बुद्ध विहार, न्यू वक्त क्लब मंगोलपुरी, हिन्दू पर्व समारोह समिति रोहिणी, श्री रघुनन्दन लीला समिति दिल्ली केन्ट, श्री रामलीला कमेटी शाहदरा, श्री बालाजी रामलीला कमेटी सूरजमल विहार, श्रीरामलीला कमेटी इन्द्रप्रस्थ विस्तार, श्री श्रीहनुमत धार्मिक रामलीला कमेटी सीबीडी शाहदरा, आदर्श रामलीला कमेटी जीटीवी आदि के गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए ।

# यूपी में फार्मा उद्योग को मिली नई उड़ान, सिंगल विंडो पोर्टल बना गेम-चेंजर

23 मई, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू किया गया 'निवेशमित्र' सिंगल विंडो पोर्टल, फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस पेपरलेस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्मा इंडस्ट्री में अब तक 1,71,404 लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिससे प्रदेश में फार्मा उद्योग को अभूतपूर्व गति मिली है। साथ ही उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 के लागू होने और केंद्रीय औषधि मानक संगठन के समन्वयन से प्रदेश के फार्मा उद्योग में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में वृद्धि हुई है। सीएम योगी की इस पहल ने यूपी के फार्मा उद्योग में न केवल निवेश को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोजगार सृजन को भी नया आयाम दिया है।

सीएम योगी के मार्गदर्शन में बना सिंगल विंडो पोर्टल, फार्मा इंडस्ट्री में जारी हुए 1 लाख 70 हजार से अधिक लाइसेंस

उत्तर प्रदेश में फार्मास्युटिकल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल और उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 को लागू किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में फार्मा क्षेत्र में न केवल निवेश को प्रोत्साहन मिला है साथ ही विनिर्माण और रोजगार सृजन में भी वृद्धि मिली है।

# उन्नाव में यूपीआईएमएलसी परियोजना पर कार्य शुरू, आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर फोकस

लखनऊ, 23 मई। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर ट्रांसफॉर्म कर रही योगी सरकार न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में अपनी छवि को सुदृढ़ कर रही है। प्रदेश में उत्तम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के साथ ही ऐसे तमाम प्रयास किए जा रहे हैं जो औद्योगिक उन्नयन के साथ प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने की दिशा में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इसी कड़ी में, अब योगी सरकार लखनऊ-कानपुर राज्यमार्ग के समीप उन्नाव में उत्तर प्रदेश इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (यूपीआईएमएलसी) की स्थापना के कार्यों में तेजी लाने जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस विषय में कार्ययोजना तैयार कर ली है और जल्द ही परियोजना के अंतर्गत आंतरिक अवसंरचनाओं के निर्माण व विकास की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# पिकअप और टीपर में हुई जोरदार टक्कर एक की मौत।

**संवाददाता आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ दैनिक समाज जागरण**




चोपन/ सोनभद्र। आज शुक्रवार को चोपन थानांतर्गत सिंदुरिया- जुगैल मार्ग पर स्थित नायरा पेट्रोल टंकी के समीप एक तीव्र मोड़ पर भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक टीपर सिंदुरिया से जुगैल की ओर जा रहा था, तभी जुगैल से सिंदुरिया की ओर आ रही पिकअप टाटा मैजिक ने सामने से तेज रफ्तार में आकर टीपर में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में टाटा मैजिक का चालक, जिसकी उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जा रही है और जिसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है, गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया। हालांकि चिकित्सकों ने काफी प्रयास किया लेकिन उसकी मृत्यु हो गई। इधर, हादसे के बाद टीपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को सड़क से हटवा कर किनारे सुरक्षित खड़ा कराया गया, जिससे यातायात व्यवस्था बहाल की जा सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है एवं फरार टीपर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# पसही विद्युत सब स्टेशन से अनियमित और अघोषित बिजली कटौती पर लगे रोक--राकेश शरण मिश्र

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। राबट्र्सगंज ब्लॉक के पसही विद्युत सब स्टेशन से अनियमित और अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाज सेवी एवम संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने जान लेवा गर्मी के मौसम में बिजली कटौती की इस भीषण समस्या से रहवासियों को निजात दिलाने के लिए बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही स्थानीय निवासियों ने भी बताया कि बिजली कटौती से जीना दुश्वार हो गया है। बिजली कब आएगी और कब जाएगी, कुछ भी



तय नहीं है।

ग्राम वासी मृत्युंजय पाठक ने बताया कि बिजली की अनियमित आपूर्ति से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। वही उमेश देव ने कहा कि थोड़ी सी हवा चलने पर बिजली कट जाती है, जिससे पेयजल की समस्या हो जाती है।

चंद्र प्रभा यादव ने बताया कि समय पर बिजली न मिलने से पेयजल की समस्या होती है। मंगरू कोल ने कहा कि मोबाइल चार्ज करने के लिए भी बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है। हरिश्चंद्र ने बताया कि बिजली कटौती से बच्चे और बूढ़े गर्मी और उमस से बेहाल रहते हैं। अयूब खा ने कहा कि तरकारी फसल बर्बाद हो रही है और पशुओं को पीने के लिए समय से पानी नहीं मिल पाता।

उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बिजली कटौती का समय पहले से घोषित किया जाए और बिजली आने की सूचना व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी जाए। इसके अलावा, रात में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

# सीओ सदर तहसील चकबंदी ने किसान चौपाल के अंतर्गत आपत्तियों का किया निस्तारण।

**दैनिक समाज जागरण**

करमा/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड स्थित कुसाही गांव की चकबंदी प्रक्रिया के तहत पाच आपत्तियां दर्ज कराई गई थी । आपत्तियो का निस्तारण करने के लिए सीओ सदर तहसील वर्मेश्वर उपाध्याय के द्वारा "न्यायालय चला आप के द्वार" तहत शुक्रवार को दिन नीयत कर दिया गया था। तय कार्यक्रम के तहत चकबंदी प्रक्रिया में किसानों द्वारा पांच आपत्तियां चक परिवर्तन हेतु आवेदन की गई थी



जिसमें सी ओ उपाध्याय द्वारा अपने चकबंदी कार्यकताओं के साथ चक पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण करने के बाद केकराही पंचायत भवन पर किसान गोष्ठी कर पांचों आपत्तियों का निस्तारण किया गया। इस दौरान श्री उपाध्याय ने बताया कि चकबंदी प्रक्रिया के तहत पाच आपत्तियां दर्ज कराई गई थी जिसमें सभी को मौके पर हल कर दिया गया। मुझे लगता है किसान अब संतुष्ट हैं। इस मौके पर चकबंदी लेखपाल सौरभ सिंह, कानूनगो, स्टोनो दिलीप कुमार मौर्य, नाजिर असलम, किसान कृपा नाथ मिश्र, देवी दत्त मिश्र, माधुरी मिश्रा, विनय कुमार मिश्र, विवेक दत्त मिश्र, सुनील कुमार मिश्रा, प्रभा शंकर मिश्र, प्रधान रामचन्द्र प्रजापति सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यों की प्रगति, की समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी की अध्यक्षता आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से निर्माण करने वाली एजेन्सियों के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से होने वाले निर्माण ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये, निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जायें, जिन भी निर्माण एजेन्सियों द्वारा जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, उनके भुगतान की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने राबट्र्सगंज नगर पालिका पुर्नगठन की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि पेयजल योजना से सम्बन्धित जो भी कार्य है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये, कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में सम्बन्धित संस्था के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, गंगा प्रदूषण नियन्त्रण इकाई उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), मीरजापुर के द्वारा कराये जा रहे राबट्र्सगंज पेयजल योजना लागत 51.66 करोड़ की समीक्षा में अनुपस्थित रहे, जिनका स्पष्टीकरण के साथ कृत कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की जाँच हेतु टीम गठन करने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र के 39 कार्य अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र के 89 कार्य, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, सोनभद्र के 49 कार्य, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सोनभद्र के 88 कार्य सहित कुल 31 विभागों को अवमुक्त 484 कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के स्पष्टीकरण प्राप्त करने व सी0एम0 डैश की बैठक के साथ डी0एम0एफ0 के कार्यो की समीक्षा कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं से अधूरे कार्य को समय के अन्तर्गत पूर्ण करने मांग पत्र प्रस्तुत कर अवषेश धनराशि प्राप्त कर अवमुक्त करने, सभी कार्यो के प्रयुक्त उपखनिजों के ई0एम0एम0-11/फार्म सी0 को ज्येष्ठ खान अधिकारी, सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत कराकर सत्यापन कराते हुए शीघ्र धनराशि अवमुक्त करने का निर्देश दियें। बैठक में श्री शैलेश ठाकुर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र, एस0के सिंह अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेन्स सोसाइटी (डी0ई0जी0एस0) की, की गयी समीक्षा बैठक

## सी0एस0सी0 सेन्टर द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में किया जाये पूर्ण सहयोग- जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेन्स सोसाइटी (डी0ई0जी0एस0) की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जनपद में संचालित जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से बनने वाले प्रमाण पत्रों के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्र द्वारा समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि जनपद में जनसेवा केन्द्रों के संचालन व क्रियान्वयन हेतु सी0एस0सी0 ई-गवर्नेन्स इण्डिया लिमिटेड एवं इण्डिया पावर कारपोरेसन लिमिटेड सेवा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है, जिनके लगभग 1900 जनसेवा केन्द्र ई-डिस्ट्रिक पोर्टल पर क्रियाशील प्रदर्शित है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)ध्नोडल अधिकारी ई-गवर्नेन्स द्वारा समय-समय पर सेवा प्रदाता कम्पनी के




प्रबन्धकों के साथ बैठक करते हुये जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से निर्गत होने वाले प्रमाण पत्रों की समीक्षा की जाए एवं सी0एस0सी0 सेन्टर द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाय। जनपद में कोई भी जनसेवा केन्द्र संचालक शासनादेशानुसार निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि आम जनमानस से न लें। साथ ही जनपद में संचालित जनसेवा केन्द्रों का सघन पर्यवेक्षण एवं निगरानी डी0ई0जी0एस0 के माध्यम से निरन्तर किया जाय। बैठक में उपस्थित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि वह शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर ही आम जनमानस को प्रमाण पत्र निर्गत करें, जिससे की आम जनमानस को शासन के मंशा के अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक में सहदेव कुमार मिश्र अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), इन्द्रभान सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी, अश्वनी कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्कर्ष द्विवेदी उप जिलाधिकारी सदर, श्रीमती नमिता शरण जिला पंचायत राज अधिकारी, मुकुल आनन्द पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, निजामुद्दीन अंसारी डी0आई0ओ0 एन0आई0सी0, विनय कुमार सिंह अपर सूचना अधिकारी एवं दिव्यतोष मिश्र ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अपने मकसद में कामयाब रहा मिशन सिंदूर - भोला नाथ मिश्र

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। कश्मीर के पहलगाम में भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या के 31 दिन बाद भी विपक्ष के कुछ नेताओं के बयान से देश में एकता की भावना को धक्का लगा है। बभनौली खुर्द स्थित कैलाश कुटीर में आयोजित विचार गोष्ठी में पत्रकार/प्राध्यापक भोलानाथ मिश्र ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के मामले में विपक्ष के कुछ नेताओं के सुर बदले हुए हैं और वे पाकिस्तान नेताओं के बयान के आधार पर झूठ फैला रहे हैं।



### पाकिस्तान से पूछिए सवाल

शिवसेना उद्धव गुट के सामना के संपादक संजय राउत समेत कांग्रेस के राहुल गांधी आदि नेताओं से प्रवीण कुमार ने पूछा कि आपरेशन सिंदूर के बारे में अभी भारत से नहीं पाकिस्तान से सवाल पूछना चाहिए। पाकिस्तान से पूछिए कि कितने जहाज तुम्हारे गिरे ? कहां-कहां आपके हवाई अड्डे को नुकसान पहुंचा ? कितने आतंकवादियों के कैंप नष्ट हुए ? हाफिज सईद कहां छुपा हुआ है ? न्यूक्लियर संस्थान सुरक्षित है कि नहीं?

### विपक्ष को एक स्वर में खड़ा होना चाहिए

रमाकांत, अंकुर, रामलालित देव, ओंकार देव, सुनील आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सीज फायर को लेकर भ्रम नहीं फैलाया जाना चाहिए। पाकिस्तान के डीजीएमओ के अनुरोध पर भारत के डीजीएमओ ने आपरेशन सिंदूर का स्थगित किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने पूर्व के बयान को बदलते हुए साफ कर दिया है कि सीज फायर में हमने केवल सहयोग किया था न कि मध्यस्थता की थी। ऐसी सूरत में विपक्ष को एक स्वर में भारत सरकार और भारतीय सैनिकों के पराक्रम के साथ खड़ा हुआ दिखना चाहिए। यही देश की मांग और प्रबल इच्छा भी है।

# ज्येष्ठ के महीने में हो रहा सावन का एहसास, किसान चिंतित

## - 25 मई से 2 जून के बीच रहेगी नौतपा काल का समय

**दैनिक समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी तहसील तथा आसपास के क्षेत्रों में लगातार चार-पांच दिनों से लगातार रुक-रुक कर हो रहे बारिश व आंधी-तूफान ने किसानों को अभी से ही चिंता में डाल दिया है. मई का महीना आमतौर पर काफी गर्म होता है और तापमान 40 - 45 के बीच होता है, लेकिन इस बार मई के महीने में मौसम बिल्कुल बदला हुआ सा है. क्षेत्र में कहीं मूसलाधार बारिश हो रही है, तो कहीं आंधी तूफान और आकाशीय बिजली ने तांडव मचा दिया है. दुद्धी तहसील क्षेत्र में आंधी तूफान और वज्रपात से कई लोगों व पशुओं की मौत भी हो चुकी है. गर्मी के मौसम में अगर गर्मी न होकर बारिश हो, तो इंसान की सेहत और बुनियादी सुविधाओं पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ सकता है. मौसम की जानकारी रखने वाले कुछ लोगों का कहना है कि 2025 में बसंत ऋतु आया ही नहीं. सर्दी के बाद सीधे गर्मी की शुरूआत हो गई. मौसम में यह बदलाव कई दृष्टिकोण से खतरनाक है. मौसम में इस तरह के बदलाव से किसानों को परेशानी होती है. ऐसे मौसम से कई तरह के फल व सब्जियां बाजार में नहीं आ पाती है. कुछ साल पहले तक जब बारिश होती थी तो मौसम खुशनुमा हो जाता था, लेकिन अब परिस्थिति बदल चुकी है. अब बारिश होती है तो बाढ़ आती है, वज्रपात से मौत होती है. ओलावृष्टि से फसल का नुकसान होता है. इस बार 25 मई से 2 जून के बीच नौतपा का ल है. मई और जून के महीने में 9 दिनों के लिए नौतपा (तपन की अवधि) लगता है. इस अवधि में सीजन की सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने की संभावना होती है. शास्त्रों के मुताबिक सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के समय को नौतपा की शुरूआत होती है।

# लाइनमैन के मनमानी रवैए से नाराज होकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। हिंदू राष्ट्र शक्ति के कार्यकताओं ने 23 मई 2025 शुक्रवार को लाइनमैन के मनमानी रवैये से नाराज होकर अधिशासी अभियंता रॉबर्ट्सगंज को लिखित ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि हम सभी ग्रामवासी पटवध, कन्हौरा, नगपुर, महदेवा सोनभद्र के निवासी हैं। दुबेपुर के सब स्टेशन वैनी के फीडर का लाइनमैन ऑन ड्यूटी नशे में धुत रहता है और इसके द्वारा स्पेशली चार गांव की बिजली बाधित करता रहता है। और जब चाहे तब पल पर चढ़कर काट देता है और फोन द्वारा संपर्क करने पर फोन नहीं उठाता है अगर कभी गलती से फोन उठा भी लेता है तो अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करता है और कहता है जो करना है कर लो कहीं भी जाओ मेरा कुछ होने वाला नहीं है मेरा जब मन करेगा तब लाइट जाएगी। लोगों ने दिए हुए ज्ञापन में




अवगत कराया है कि इस प्रकरण को सज्ञान में लेकर जांच कर लाइनमैन कृष्ण कुमार को निलंबित करने की कार्यवाही कार्यवाही करने की कृपा करें। और अगर समय रहते उस बेलगाम लाइनमैन की निलंबन की कार्यवाही नहीं की गई तो हम सभी ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आप श्रीमान जी की होगी। इस कार्यक्रम में उपस्थित ओम प्रकाश, ऋषिराज शुक्ला, छोटे लाल यादव, श्री प्रकाश शुक्ला, बहादुर भारती, अनिल यादव, अर्पित सिंह, कलिंदर यादव, अरविंद दुबे, विपुल दुबे और तमाम ग्रामवासी मौजूद थे।

# सदर क्षेत्राधिकारी रणधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर रणधीर कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन/नेतृत्व में चलाये जा रहे सम्पत्ति जब्तीकरण अभियान के क्रम में, धारा 14(1) गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत थाना रायपुर पर पंजीकृत म ा ु 0 अ 0 स ा ं 0 -30/2025 धारा 3 (1) गैंगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त द्वारा अपराध कारित कर अवैध रूप से ली गयी सम्पत्ति को



जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश के क्रम में अभियुक्त विकाश यादव पुत्र मुन्ना सिंह यादव निवासी गडईडीह प्रीतनगर थाना चोपन जनपद सोनभद्र, का पीकप वाहन सख्या यूपी 64 सीटी 2194 बोलेरो अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये का रायपुर पुलिस व थाना पन्नूगंज पुलिस टीम द्वारा जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी जब्त करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक रामदरश राम थाना रायपुर/ प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पाण्डेय थाना पन्नूगंज, का0 नीरज यादव, अखिलेश कुमार थाना रायपुर जनपद सोनभद्र मौजूद रहे।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरुकता व सशक्तिकरण अभियान

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के



समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# आईपीएस पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार सिंह का दुद्धी आगमन पर, बार एसोसिएशन द्वारा किया गया, सम्मान समारोह आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। मुंसिफ कोर्ट परिसर सिविल बार सभागार में दुद्धी बार एवं सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में अध्यक्ष प्रभु सिंह एडवोकेट व अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में ग्राम बीड़र दुद्धी निवासी आईपीएस अधिकारी गोरखपुर आनंद कुमार सिंह (अधिकारी पदस्थापित) का भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आनंद कुमार सिंह ने उद्बोधन में कहा कि 1983 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने गए और पीसीएस सेवा में चयन हुए और विगत वर्ष आईपीएस रैंक में प्रमोशन के दरमियान गोरखपुर में पोस्टिंग मिली। अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि संघर्षों की दास्तां कम कभी ना हो। लगनशीलता, मेहनत, संकल्प से शिक्षा रूपी विकास की कुंजी से सफलता की मजबूत आधारशिला के बदौलत गांव से निकलकर राष्ट्र की सेवा का परम



सौभाग्य प्राप्त हुआ। सामाजिक विकास व परिवर्तन में अधिवक्ताओं की अग्रणी भूमिका है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में न्याय की उम्मीद की मजबूत आधारशिला अधिवक्ता है। अपने पैतृक क्षेत्र में सम्मान से अभिभूत आयोजक मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया और अधिवक्ता कल्याण निधि में आर्थिक सहयोग प्रदान की बात कही। मुख्य अतिथि का माल्यार्पण अंगवस्त्रम एवं मोमेंटों द्वारा सम्मान संयुक्त बार एसोसिएशन द्वारा किया गया। संचालन सिविल बार एसोसिएशन के सचिव महेन्द्र कुमार जायसवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर कैलाश कुमार गुप्ता एडवोकेट, विष्णु कांत तिवारी एडवोकेट, देवी शरण अग्रहरि एडवोकेट, रमेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट, छोटेलाल गुप्ता एडवोकेट, राकेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, आशीष गुप्ता, राकेश तिवारी एडवोकेट, पियूष कुमार अग्रहरी एडवोकेट, सुखसागर यादव, विनय गुप्ता, पीसी गुप्ता आदि दर्जनों अधिवक्ता मौके पर मौजूद रहें।

# पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता एवं फरियादियों की सुनी गई समस्याएं।

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-23.05.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु



सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम है हनुमानगढ़ी : योगी आदित्यनाथ

अयोध्या, 23 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अपने संबोधन में उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। सीएम योगी ने यह भी कहा कि हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है। देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा कि उसके अंत की शुरूआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा।

### त्रेतायुगीन विरासत और सनातन धर्म का रक्षक है हनुमानगढ़ी

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा की यहां से हनुमान जी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है।

# मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

अयोध्या, 23 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। सीएम योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री जी इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे था। बता दें कि मुख्यमंत्री जी का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है।

**रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी**

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

# क्या वजन घटाने के लिए आप भी करते हैं ये गलतियां? हो जाएं सावधान

अक्सर वजन घटाने के चक्कर में हम कई ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो कभी नहीं करनी चाहिए. अगर बिना किसी एक्सपर्ट की सलाह या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह से हम वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं या फिर ऐसे नुस्खों का अनुसरण कर रहे हैं, जो बेहद सामान्य हैं, जिन्हें किसी के मुंह से भी सुनकर लोग फॉलो करने लगते हैं, तो सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि ऐसी स्थिति में पछताना पड़ सकता है. अगर आपका वजन ज्यादा है और आप वेट लॉस (ह्वीं३ छ्ङ्क२२) करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले किसी अच्छे न्यूट्रिशनिस्ट से मिलें और उसके द्वारा बताई गई डाइट प्लान ही फॉलो करें. ध्यान रहे कि खुद से अपनी डाइट प्लान न बनाएं या फिर इंटरनेट पर देखकर वजन घटाने के नुस्खों या टिप्स का अनुसरण न करें. पोषक विशेषज्ञ के दिशा-निर्देश में ही बनाई गई डाइट प्लान, का अनुसरण करें और खुद डॉक्टर न बनें. अक्सर देखा गया है कि लोग वजन घटाने के लिए खुद ही डॉक्टर की भूमिका में आ जाते हैं और जिसका खामियाजा उनको बाद में भुगतना पड़ता है. न्यूट्रिशनिस्ट तान्या वालिया मालगुड़ी का कहना है कि वजन घटाने के लिए प्रतिदिन डाइट प्लान का अनुसरण करना बेहद जरूरी है. इससे आपको पता लगता है कि आप कितना अतिरिक्त खाना खाते हैं.अभी तक कितनी कैलोरी ले रहे थे और वास्तव में कितनी कैलोरी लेने की जरूरत है. उनका कहना है कि वजन कम करने के लिए कभी भी प्रोटीन लेना नहीं छोड़ना चाहिए.



एकदम से खाना भी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है और थकान महसूस होने लगती है. कई बार ऐसी स्थिति में तनाव भी हो सकता है.

वजन घटाने के चक्कर में ज्यादा एक्सरसाइज भी न करें, एकदम से ऐसा करने से मांसपेशियों में दर्द हो सकता है. कभी भी वजन घटाने के लिए गलत फूड का कॉम्बिनेशन न लें. अपने भोजन में 50 फीसदी सब्जियां जिनमें सलाद भी शामिल हो, 25 फीसदी प्रोटीन, 25 फीसदी काबोर्हाइड्रेट लें. आप छाछ या दही के तौर पर 5 फीसदी प्रोबायोटिक जरूर लें. उचित अनुपात में उचित भोजन संयोजन करने का प्रयास करें. दरअसल, मोटापे की समस्या तेजी से युवाओं को चपेट में ले रही है. अनियमित लाइफस्टाइल की वजह से यह बीमारी कॉमन हो गई है. लेकिन अगर सही से डाइट प्लान फॉलो किया जाए तो बढ़ते वजन पर काबू पाया जा सकता है. कई बीमारियों के कारण भी वजन बढ़ने लगता है ऐसी स्थिति में डॉक्टर को जरूर दिखाएं और परामर्श लें.

# अगर है हाई ब्लड शुगर? सुबह की इन 5 आदतों से ऐसे हो सकता है नियंत्रित

अगर मनुष्य अपनी जीवनशैली में सुधार कर ले तो कई बीमारियों से बच सकता है. लाइफस्टाइल की अनियमितता के कारण कई सारी बीमारियां इंसान को घेर लेती हैं, और धीरे-धीरे ये रोग घातक होते जाते हैं. अगर आप बीमारियों की सूची सर्च मारेंगे, तो कई ऐसी होंगी जिनकी मुख्य वजह डिस्टर्ब और अनबैलेंस लाइफस्टाइल होगी. हाई ब्लड शुगर भी ऐसा ही एक रोग है, जो जीवनशैली से जुड़ा हुआ है. इस बीमारी में व्यक्ति का ब्लड शुगर का स्तर जरूरत से अधिक बढ़ जाता है, जिससे दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. इस बीमारी के आम संकेत वजन का अचानक कम होना, ज्यादा प्यास लगना, अचानक भूख बढ़ जाना, पेशाब से महक आना, धुंधला दिखाई देना और हमेशा थकान रहना है. लेकिन जीवनशैली में सुधार करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है.




पानी

हाइड्रेशन सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है. तभी कहा भी जाता है कि हमेशा हाइड्रेड रहें. पानी रक्त शर्करा (लॅं इ'ङ्क्ष्क्ष्र र४१ ) के स्तर को कम करने और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है. यह रक्त प्रवाह में शर्करा के स्तर को पतला करता है. पर्याप्त पानी न पीने से कई समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सुबह उठते ही जमकर पानी पिएं और दिनभर शरीर में पानी की मात्रा को बरकरार रखें.

प्रोटीन नाश्ता

प्रोटीन एक और पोषक तत्व है जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करने के लिए जाना जाता है. इसलिए अपने ब्रेकफास्ट में प्रोटीन को शामिल करें. ऐसा करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहेंगे. सुबह का नाश्ता जरूर करें और उसे छोड़े ना. अक्सर हमारी आदत सुबह का नाश्ता नहीं करने की होती है.

एक्स्ट्रा कैफीन से बचें

कॉफी आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है. इसलिए सीमित मात्रा में कॉफी का सेवन करें. कॉफी में कैफीन होता है और इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है. सुबह उठते ही बार-बार कॉफी न पिएं.

सुबह व्यायाम जरूर करें

सुबह उठते ही व्यायाम जरूर करें और टहलें. जब हम व्यायाम करते हैं, तो हमारा रक्त शर्करा का लेवल मेन्टेंन रहता है.

तनाव को बाई-बाई कह दें

तनाव एक ऐसी चीज है जो हमें कई सारी बीमारियां दे जाती है. इसलिए बिल्कुल भी तनाव न लें. अगर आप सुबह उठते ही तनाव लेने लगते हैं तो ऐसा करने से आपको कई सारी बीमारियां घेर सकती हैं और आपका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ जाता है. अपने दिन की शुरूआत शांति और धैर्य से करें. उठते ही घूमें, व्यायाम करें और योग करें.

# डायबिटीज-आंखों के लिए बहुत लाभकारी है गाजर का जूस, बस एक महीने में पा सकते हैं ऐसे गजब के फायदे

शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति के लिए फलों-सब्जियों के सेवन की आदत बनाना काफी लाभकारी माना जाता है। हर मौसम की कुछ खास सब्जियां-फल होते हैं जो शरीर को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। इस मौसम में गाजर बहुतायत में उपलब्ध होते हैं, इसे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं गाजर के जूस का सेवन करना कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करके आपको बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने में सहायक है। अध्ययनों में इसे डायबिटीज से लेकर हृदय रोग और आंखों की सेहत को ठीक रखने में भी फायदेमंद पाया गया है।

डॉक्टर्स कहते हैं, बस एक महीने नियमित रूप से गाजर के जूस का सेवन करके आप शरीर में कई प्रकार के सकारात्मक बदलाव महसूस कर सकते हैं। गाजर में फाइबर, विटामिन-ए, विटामिन सी और के, पोटैशियम जैसे अति महत्तपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के अंगों को स्वस्थ रखने और गंभीर क्रोनिक बीमारियों के जोखिम से बचाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

गाजर का रस कैरोटीनॉयड पिगमेंट ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन भी प्रदान करता है, जो शरीर में एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स का सेवन कई गंभीर रोगों के विकास को कम करने में सहायक है। आइए गाजर के जूस से होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंद है गाजर का जूस

गाजर के जूस में लगभग वे सभी पोषक तत्व होते हैं जो आपकी आंखों के लिए बहुत आवश्यक माने जाते हैं। 200 ग्राम गाजर के जूस से दैनिक विटामिन-ए की



आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन-ए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों में पाया गया है कि विटामिन-ए वाली चीजों का सेवन करना अंधेपन और उम्र से संबंधित नेत्र रोगों के जोखिम से सुरक्षित रखने में आपके लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।

इम्युनिटी बूस्टर है यह जूसडायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है गाजर


गाजर का जूस पीने से रक्त शर्करा के स्तर को भी कम करने में मदद मिल सकती है। टाइप-2 डायबिटीज वाले चूहों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि गाजर का रस रक्त शर्करा को कम करने और इससे संबंधित अन्य मार्करों में भी आपके लिए मददगार है। किण्वित जूस में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंत के गुड बैक्टीरिया के लिए अच्छे माने जाते हैं। गाजर एंटी-इंफ्लामेटरी गुण के लिए भी जाना जाता है, इसके कारण भी इसे डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद पाया गया है।

गाजर का जूस आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन-ए और सी, दोनों ही एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह जूस विटामिन-बी 6 का भी समृद्ध स्रोत है। प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बेहतर रखने के लिए विटामिन-बी 6 वाली चीजों को आहार में जरूर शामिल करें। गाजर के जूस का सेवन आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

# जहरीली हवा से कैसे रहे सुरक्षित,स्वामी रामदेव से जानिए योग और आयुर्वेदिक उपचार

दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने का दिखने लगा असर। दिल्ली के कई इलाकों में 10 गुना ज्यादा प्रदूषित हुई हवा। दिल्ली और आस-पास के जिलों में अदकलेवल 300 के पार। दिल्ली-एनसीआर के आसमान में धुंध और धुएं का गुबार। बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत। फिर वही कहानी एकबार फिर दिल्ली-ठउफकी हवा और भी ज्यादा जहरीली होने लगी है। सड़कों पर चल रही करोड़ों गाड़ियां, कंसंट्रक्शन वर्क और पराली के धुएं के बाद दिवाली के पटाखों ने रही सही कसर पूरी कर दी है। दुख तो इस बात का है कि ऐसी नौबत हर साल आती है। सर्दी गिरते ही पराली के धुएं का डर सताने लगता है फिर पटाखे जलाने को लेकर डिबेट शुरू होती है। देखते-देखते ना सिर्फ दिल्ली-ठउफ खराब हवा से पूरे उत्तर भारत का दम घुटने लगता है।

ऐसे में जरूरी है एक उस फिल्टर की जो प्रदूषित हवा के हमले को रोककर वातावरण को साफ कर दे। कुछ वैसे ही जैसे इंद्र देव के क्रोध से बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। जिसके नीचे आकर लोगों ने अपनी जान बचाई थी। पॉल्यूशन से बचने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाने जैसे चमत्कार की ही जरूरत है। क्योंकि एयर पॉल्यूशन बढ़ते ही सांस से जुड़ी परेशानियां बढ़ने लगती हैं। उडढऊ



ब्रोंकाइटिस, टीबी, अस्थमा जैसी बीमारिया ट्रिगर हो जाती हैं। इतना ही नहीं जो लोग हेल्दी हैं वो भी थकान,सिरदर्द,स्ट्रेस, आंख-नाक और गले में जलन की शिकायत करने लगते हैं। खराब हवा का असर न्यूरो सिस्टम और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर भी दिखाई देता है। सांस लेने के लिए कुदरत हमें जो साफ हवा देती है उसे हम सब मिलकर जहरीली बनाते है और फिर खामियाजा भी भुगतते हैं अब ऐसे में किसी एक की कोशिश से उसे ठीक भी नहीं किया जा सकता। पॉल्यूशन से बचने के लिए हर किसी को अपने हिस्से की हवा साफ करनी होगी। ये सब होगा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर। गाड़ियों का इस्तेमाल कम करके पराली और इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन को कंट्रोल करने का सही सॉल्यूशन ढूंढकर। जिस तरह रातों-रात हवा बद से बदतर हो जा रही है। वो चुटकी बजाते ही साफ तो नहीं हो सकती। ऐसे में सांसों पर लगने वाली इमरजेंसी से बस योगिक फिल्टर ही बचा सकता है तो बेहतर है योग के चमत्कार को समझिए और अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के इस मौके पर योग कीजिए।

# गले में कुछ फंस जाए तो फौरन करें ये 4 काम

खाने के दौरान कभी-कभी खाने का गले में फंसना सामान्य बात नहीं है। खाना निगलना एक जटिल प्रक्रिया है। जब भी हम कुछ खाते हैं तो खाने को मुंह से पेट तक पहुंचने में लगभग 50 से ज्यादा मांसपेशियां और कई नर्व्स मिलकर काम करती हैं। जब आप भोजन करते हैं, तो आपके मुंह से आपके पेट तक भोजन को स्थानांतरित करने के लिए लगभग 50 जोड़ी मांसपेशियां और कई तंत्रिकाएं मिलकर काम करती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान खाना गले में फंसना कोई असामान्य बात नहीं है।

जब आप सॉलिड फूड खाते हैं तो तीन चरणों वाली प्रक्रिया शुरू होती है। आप भोजन को चबाकर निगलने के लिए तैयार करते हैं। यह प्रक्रिया भोजन को लार के साथ मिक्स करती है जिससे फूड नम प्यूरी में बदल जाता है। जब आपकी जीभ भोजन को आपके गले के पीछे धकेलती है तो आपके निगलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस दौरान आपकी श्वसन नली कसकर बंद हो जाती है और आपकी सांस रुक जाती है।

यह प्रक्रिया भोजन को गलत पाइप में जाने से रोकती है। इस प्रक्रिया के दौरान भोजन आपकी खाने की नली में प्रवेश करता है और आपके पेट में जाता है। कई बार खाते समय प्रक्रिया में कुछ गड़बड़ी हो जाती है और खाना फूड पाइप में फंस जाता है। इस दौरान आपके सांस लेने पर कोई असर नहीं पड़ता क्योंकि खाने ने आपकी सांस की पाइप को पहले ही साफ कर दिया है।

फूड पाइप में खाना फंसते ही उसके लक्षण दिखने लगते हैं। सीने में दर्द होना, लार का ज्यादा अनुभव होना, लगातार खांसी आना, चेहरे का रंग खांसते-खांसते पीला



पड़ना कुछ मामलों में बेहोशी भी हो सकती है। अगर खाना गले में फंस गया है और गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे तो आप घर में ही गले में फंसे खाने को आसानी से निगल सकते हैं।

स्थिति कब गंभीर हो सकती हैः

जब खाना फंसने की वजह से बात नहीं कर पा रहा है

सांस लेने में कठिनाई हो रही है

सांस जोर जोर से ले रहा है

सांस लेते समय कर्कश आवाज आ रही है

खांसी या कमजोर होने पर

चेहरा लाल या पीला या नीला पड़ जाने पर

बेहोश हो जाने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

गले में फंसा खाना निकालने के उपाय

कई शोध से पता चलता है कि कोक या अन्य कार्बोनेटेड ड्रिंक का सेवन करने से फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर और इमर्जेंसी वर्कर अक्सर भोजन को तोड़ने के लिए इस सरल तकनीक का उपयोग करते हैं।

गैस के दर्द का इलाज करने की दवाएं फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद कर सकती हैं। यह दवाएं फूड पाइप में दबाव बढ़ाती है और भोजन को ढीला कर सकती है।

पानी ज्यादा पीएं। पानी के कुछ बड़े घूंट आपके फूड पाइप में फंसे भोजन को नीचे करने में मदद करते हैं। यदि आपने खाना ठीक से चबाया नहीं है तो यह बहुत अधिक सूखा हो सकता है। पानी के बार-बार घूंट से अटका हुआ भोजन गीला हो सकता है और आसानी से नीचे चला जाता है।

कभी-कभी फूड पाइप को अतिरिक्त ग्रीस की आवश्यकता होती है ऐसे में एक चम्मच मक्खन खाने से मदद मिल सकती है। एक चम्मच मक्खन फूड पाइप को नम करने में मदद करता है और अटके हुए भोजन को आपके पेट में नीचे ले जाना आसान बनाता है।

# सर्दी में इन दो विटामिन की कमी आपको बना सकती है बीमार, इन फूड्स से करें कमी को पूरा

सर्दी का मौसम आ चुका है और ठंडी हवाएं कुछ ही दिनों में अपनी रफ्तार पकड़ सकती है। इस मौसम में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस मौसम में कुछ मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी जुकाम, बंद नाक, छींके आना, सिरदर्द होना, शरीर में दर्द होना, खांसी जैसी परेशानियां बेहद परेशान करती हैं। इस मौसम में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है और बॉडी के बीमार होने के आसार ज्यादा होते हैं। सर्दी में हेल्दी रहने के लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

डाइट में कुछ खास विटामिन का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग रहती है और बॉडी हेल्दी रहती है। इस मौसम में मौसमी बीमारियों से बचने के लिए कुछ विटामिन का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। सर्दी में विटामिन उ और ऊकी कमी आपको बीमार बना सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे ये विटामिन बॉडी को हेल्दी रखते हैं और इनकी कमी को कैसे पूरा करें।

विटामिन सी की कमी बीमार बना सकती हैः

विटामिन सी की कमी आपको बीमार बना सकती है। सर्दी में सर्दी-खांसी, फ्लू, साइनस और संक्रमण का खतरा अधिक होता हैं। इस मौसम में इम्युनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए डाइट में विटामिन सी वाले फूड्स का सेवन करें। विटामिन सी की



कमी को पूरा करने के लिए आप संतरे, स्ट्रॉबेरी, ब्लैककरंट, लाल मिर्च, ब्रोकोली और ब्रसेल्स स्प्राउट्स का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। नींबू और आंवला का सेवन भी विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इन फूड्स का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। भोजन में एंटीआक्सीडेंट तत्व जैसे मशरूम, पालक, टमाटर, कढ़ी पत्ता का सेवन भी इस मौसम में फायदा पहुंचाता है।

विटामिन डी की कमी बीमार बना सकती हैः

सर्दी में विटामिन डी का सेवन सेहत को फायदा पहुंचा सकता है। सर्दी में बॉडी को धूप कम मिलती है तो ऐसे में बॉडी में विटामिन डी की कमी होने लगती है। विटामिन डी ना सिर्फ हड्डियों को मजबूत करता है बल्कि बॉडी को हेल्दी भी रखता है। विटामिन डी का सेवन हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और दिल के रोगों से बचाव करता है।

विटामिन डी बॉडी को तब मिलता है जब स्किन पर सूरज की किरणें पड़ती हैं। ये शरीर को कैल्शियम और फॉस्फेट पचाने में मदद करता है जो हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। बॉडी में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में दूध, दही, मशरूम,बादाम, ब्रोकली, अंडा, दूध, पनीर, सोया उत्पाद, मछली, मक्खन, दलिया और संतरे के जूस का सेवन करें।

# काली मिर्च खाने से सेहत को मिलते हैं ये 6 फायदे, जानें नुकसान भी

अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं कुछ लोग काली मिर्च का काढ़ा बनाकर भी पीते हैं। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीमाइक्रोबियल, एंटीओबेसिटी और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी गुण कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मददगार हो सकते हैं।

1. पाचन बेहतर बनाए

काली मिर्च पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में पाइपरिन होता है, जो पाचन क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। साथ ही पाचन प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और अपच से छुटकारा मिल सकता है।

2. सर्दी-जुकाम से राहत दिलाए

काली मिर्च में मौजूद पाइपरिन सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। काली मिर्च शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। जब इम्यूनिटी तेज होती है, तो शरीर को बैक्टीरियल और वायरस से लड़ने में मदद मिलती है। अगर आपको खांसी या जुकाम है, तो काली मिर्च का सेवन जरूर करें।

3. ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी

काली मिर्च में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं। साथ ही सूजन आदि से भी राहत मिल सकती है। काली मिर्च खाने से दांत भी सुरक्षित रहते हैं। काली मिर्च ओरल हाइजीन को मेंटेन रखने में मदद कर सकता है।

4. वेट लॉस में सहायक

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो काली मिर्च का सेवन करना शुरू कर सकते हैं। काली मिर्च में पाइपरिन और एंटीओबेसिटी प्रभाव होते हैं, जो वेट लॉस करने में मदद कर सकते हैं। आप काली मिर्च को खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसका काढ़ा बनाकर भी पी सकते




हैं।

5. जोड़ों के दर्द से राहत दिलाए

काली मिर्च जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक हो सकता है। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीआर्थराइटिस प्रभाव पाया जाता है। ये गुण गठिया की वजह से होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में असरदार साबित हो सकते हैं।

6. इंफेक्शन से बचाव

इंफेक्शन से बचने के लिए भी आप काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। काली मिर्च बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये गुण लोगों को बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं।

काली मिर्च के नुकसान

एक तरफ जहां काली मिर्च सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी देखने को मिल सकते हैं। काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए पित्त प्रकृति के लोगों को काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए। छोटे बच्चों को अधिक मात्रा में काली मिर्च खिलाने से बचना चाहिए। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को काली मिर्च का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आप भी काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। लेकिन काली मिर्च की तासीर गर्म होती है, इसलिए इनका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए। बहुत अधिक मात्रा में काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

डिसकलेमरः

इस जानकारी की सटीकता, समयबद्धता और वास्तविकता सुनिश्चित करने का हर सम्भव प्रयास किया गया है हालांकि इसकी नैतिक जिम्मेदारी ओन्लीमायहेल्थ डॉट कॉम की नहीं है। हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि किसी भी उपाय को आजमाने से पहले अपने चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें। हमारा उद्देश्य आपको जानकारी मुहैया कराना मात्र है।

# लिवर के लिए वरदान है बथुआ, डायट में शामिल किया तो मिलेंगे बेहिसाब फायदे

सर्दियों के मौसम में हरी सब्जियों की भरमार रहती है. इम्यूनिटी और सेहत के लिहाज से ये मौसम काफी अच्छा होता है. सर्दियां आते ही आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और ये तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां हमारी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप कैलोरी कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं. दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में भी कैलोरी काफी कम पाई जाती है. 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है. यानि फिटनेस के लिहाज से हिट है बथुआ.

बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है. अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं. ऐसे में बथुआ के पत्ते खाने से आपकी इम्यूनिटी के साथ-साथ सेल्स रिपेयरिंग की क्षमता भी बढ़ती है.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप बथुआ को अपनी डायट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी फायदा मिलता है. इसका अंदाजा आप



इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है. इसमें मौजूद कंपोनेंट आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में मदद करता है और

आपका लिवर रहता है हैप्पी

हाई फाइबर डायट का सबसे बड़ा काम ये है कि ये आपको ओवर ईटिंग से बचाती है, और वजन को नियंत्रित रखने में मदद देती है. बथुआ में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो आपको लंबे समय तक फुल रखता है. इससे ओवर ईटिंग से बच जाते हैं. फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है.

बथुआ में कै ल्शियम, पोट ेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है. ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करते हैं. हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन का भी अच्छा सोर्स होती हैं

# फर्जी पहचान पर SECL में नौकरी और पेंशन घोटाला, कोतमा पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**दैनिक समाज जागरण**
**कोतमा, अनूपपुर।**





साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) के जमुना कोतमा क्षेत्र में वर्षों से फर्जी पहचान के आधार पर नौकरी करने और अब पेंशन का लाभ उठाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी के खिलाफ 1 अप्रैल 2025 को कोतमा थाने में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन आज तक पुलिस ने न तो कोई प्राथमिक जांच शुरू की, न ही किसी तरह की कानूनी कार्रवाई की। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।
मामले की शिकायत मूलतः उत्तर प्रदेश के जिला गोरखपुर के ग्राम गहना निवासी मो. सबीर ने की है, जो वर्तमान में कोतमा क्षेत्र में निवास करते हैं। सबीर ने कोतमा एसडीओपी को दिए गए एक विस्तृत शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पिता मजीद ने अपने बड़े भाई बसीर के नाम पर छल, कपट और फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर SECL की सरकारी नौकरी हथियाई और वर्षों तक सेवा देने के बाद अब पेंशन भी उसी फर्जी पहचान पर उठा रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि मजीद ने अपने पहचान पत्रों और रिकॉर्ड में जानबूझकर नाम और पारिवारिक जानकारी में हेराफेरी की, जिससे उनके बेटे मो. सबीर की पहचान से जुड़े दस्तावेज जैसे शिक्षा प्रमाण पत्र, मतदाता सूची में नाम, और अन्य दस्तावेज भी अवैध या अमान्य हो गए हैं। सबीर का आरोप है कि उनके पिता ने उनके बल्दियत में मो. साबीर अली दर्ज करवा दिया, जिससे वे आज तक किसी भी सरकारी योजना, नौकरी या योजना का लाभ नहीं उठा पाए हैं। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी उल्लेख है कि मजीद वर्तमान में बनियाटोला, कोतमा में अपनी दूसरी पत्नी सैफकुननिशा के साथ रहते हैं और दोनों ने मिलकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे बैंक खाता खुलवाया है जिसमें पेंशन की राशि जमा हो रही है।
इस मामले में अब तक की पुलिस चुप्पी और लापरवाही आश्चर्यजनक है। शिकायत के बावजूद न कोई पूछताछ, न कोई दस्तावेजी जांच और न ही किसी तरह की कानूनी पहल, जिससे यह संदेह और गहराता जा रहा है कि कहीं मामले को जानबूझकर दबाया तो नहीं जा रहा? पीड़ित ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ उचित धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए, और जो शासकीय धन फर्जी तरीके से प्राप्त किया गया है, उसकी वसूली की जाए। यह मामला केवल एक व्यक्ति की पहचान के साथ हुई छेड़छाड़ नहीं, बल्कि सरकारी संस्थानों की नाक के नीचे वर्षों से चल रही एक गहरी साजिश का हिस्सा है। यदि अब भी इस पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह अन्य ऐसे मामलों को भी जन्म देगा और सिस्टम में बैठे भ्रष्ट लोगों के हौसले और बुलंद होंगे। अब देखना यह है कि क्या कोतमा पुलिस और प्रशासन अपनी नींद से जागते हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों के ढेर में दबा रह जाएगा और न्याय की आस में मो. सबीर को और इंतजार करना पड़ेगा

**इनका कहना है**
शिकायत आई है इसके खिलाफ शिकायत है उसका लड़का इलाज के लिए बाहर गया हुआ है 7 दिन बाद जब वह लौट करके आएगा तो उसे मैं थाने बुलाया हूं और जांच पड़ताल की जाएगी लाल जी श्रीवास्तव एस आई जांच करता अधिकारी कोतमा

# नशे के विरुद्ध थाना कैमोर की गई कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण**
पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशनव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डहेरिया एवं वीरेन्द्र धार्वे अनुविभागीय अधिकारी महोदय विजयराघवगढ के मार्गदर्शन मे 1. थाना कैमोर की पुलिस के द्वारा दिनांक 22.05.25 को भ्रमण के दौरान यात्री प्रतीक्षालय पनिहाई तिराहा डमफर रोड के पास एक व्यक्ति बैठा हुआ मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अशोक पटेल पिता मोहनलाल पटेल उम्र 43 साल निवासी लालनगर दुर्गा मंदिर के पास थाना कैमोर जिला कटनी का होना बताया जिसकी तलाशी ली गई। जिसके पास से प्लास्टिक की पन्नी में अवैध मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 612 ग्राम रखे हुये मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा की जप्ती की जाकर थाना कैमोर मे अपराध क्र. 149/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी अशोक पटेल को दिनांक 22.05.25 को प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया जाता है। इसी दौरान थाना कैमोर की पुलिस के भ्रमण के दौरान डमफर रोड आरटीशियन स्टोरी के पास पीलर क्र. 06 के पास एक व्यक्ति संदिग्ध जाता हुआ मिला जो पुलिस को देखकर झोलै छिपाने का प्रयास करने लगा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम राजेश बर्मन पिता कालका प्रसाद बर्मन उम्र 50 वर्ष निवासी लालनगर थाना कैमोर का होना बताया जिसकी तलाशी ली गई। जिसके पास से सफेद रंग के झोला में अवैध मादक पदार्थ गांजा 445 ग्राम रखे हुये मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा की जप्ती की जाकर थाना कैमोर मे अपराध क्र. 150/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी राजेश वर्मन को दिनांक 23.05.25 को धारा 35 बीएनएसएस का नोटिस दिया जाकर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, उपनि सिद्धार्थ राय, सउनि अखिलेश कुमार मिश्रा प्रआर 236 कन्हैया सिंह प्रआर 509 प्रेमशंकर पटेल, प्रआर चंद्रभान विश्वकर्मा आर 370 सुशील पटेल, आर. 216 अजीत तिवारी, आर.801 कृष्णप्रकाश गुप्ता, आर. 548 लालू यादव आर . 739 विनोद, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अवैध रेत (खनिज) चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण**
बिजुरी। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में सतत कार्यवाही की जा रही है । अवैध रेत परिवहन पर बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 22-23/05/2025 की दरमियानी रात्रि को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही कर 01 डग्गी अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर पर कार्रवाई की गई है । घटना का विवरण इस प्रकार है कि बिजुरी पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक लाल पीले रंग के टाटा कंपनी की डग्गी का चालक गुलिदांड तरफ से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहा है, सूचना की तस्दीक हेतु टीम गठित कर ग्राम कोठी के पकरिया नाला के पास घेराबंदी कर एक पीले लाल रंग के टाटा कंपनी के डग्गी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP 65 GA 1049 है ,से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करते पाया गया पूछताछ पर परिवहन हेतु कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया तो उक्त डग्गी को विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी वाहन मालिक चालक जगबंधन पाव पिता सुग्रीव पाव उम्र 25 वर्ष निवासी बेलगांव थाना बिजुरी के विरुद्ध अप. क्र 158/25 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है । उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरी विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, आर.प्रभाकर त्रिपाठी, राजदेव सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही ।

# गौरेला-पेंड्रा में दोपहिया वाहन चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**



पेंड्रा ।गौरेला-पेंड्रा क्षेत्र में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत द्वारा निर्देशित विशेष अभियान के अंतर्गत साइबर सेल और थाना गौरेला की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से कुल 10 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूरज चौधरी पिता कमला प्रसाद चौधरी (उम्र 24 वर्ष) एवं सोनू यादव पिता दादूराम यादव (उम्र 23 वर्ष), दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 14 व 15 कुदरी, थाना नौरोजाबाद, जिला उमरिया (मध्यप्रदेश) हैं। पूछताछ में दोनों ने गिरोह के मुख्य सरगना मोहम्मद शाहिद उर्फ शाकिर पिता मोहम्मद रहीस (उम्र 21 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 9, नौरोजाबाद, जिला उमरिया का नाम बताया। मुख्य आरोपी गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही फरार हो गया था। तीनों आरोपी गौरेला के मड़ना क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर वारदातों को अंजाम दे रहे थे। ये रेलवे स्टेशन, मंगली बाजार, बस स्टैंड जैसे स्थानों पर खड़े दोपहिया वाहनों को टारगेट करते थे। मास्टर चाबी को मॉडिफाई कर वाहन लॉक खोलने की तकनीक के जरिए चोरी करते थे। चोरी किए गए वाहनों को फर्जी दस्तावेजों के साथ सस्ते दामों में बेच दिया जाता था।अब तक आरोपियों के कब्जे से कुल 10 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं।बरामद वाहनों में से 6 वाहन थाना गौरेला में दर्ज चोरी के अपराधों से संबंधित हैं, जबकि 4 अतिरिक्त दोपहिया वाहन भी बरामद किए गए हैं,जिनके मॉडल, रंग, चेसिस नंबर आदि की जानकारी आसपास के सभी थानों के साथ साझा की जा रही है, ताकि उनके मालिकों का पता लगाया जा सके और चोरी के अन्य मामलों से उनकी कड़ियाँ जोड़ी जा सकें।मुख्य आरोपी मोहम्मद शाहिद उर्फ शाकिर, जो एक मैकेनिक के रूप में कार्य करता है, पूछताछ में बताया कि उसने अपने मौसा के साथ काम करते हुए मास्टर चाबी बनाना और ताले खोलने की तकनीक सीखी, जिसका इस्तेमाल वह चोरी में करता था।
मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और अन्य चोरी के वाहनों की बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओम चंदेल व डीएसपी श्री दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर उमरिया, शहडोल व नौरोजाबाद क्षेत्रों में भेजी गई। यह टीम उप निरीक्षक सुरेश ध्रुव (प्रभारी साइबर सेल) के नेतृत्व में कार्यरत है, जिसमें साइबर सेल के आरक्षक हर्ष गहरवार, राजेश शर्मा,सुरेंद्र विश्वकर्मा एवं थाना गौरेला से सहायक उप निरीक्षक अशोक सोनवानी तथा प्रधान आरक्षक देव नारायण राठौर और जगदीश नामदेव शामिल हैं।फिलहाल आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# नशे के विरुद्ध थाना कैमोर द्वारा की गई कार्यवाही

**समाज जागरण विजय तिवारी**




कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशनव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डहेरिया एवं वीरेन्द्र धार्वे अनुविभागीय अधिकारी महोदय विजयराघवगढ के मार्गदर्शन मे 1. थाना कैमोर की पुलिस के द्वारा दिनांक 22.05.25 को भ्रमण के दौरान यात्री प्रतीक्षालय पनिहाई तिराहा डमफर रोड के पास एक व्यक्ति बैठा हुआ मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अशोक पटेल पिता मोहनलाल पटेल उम्र 43 साल निवासी लालनगर दुर्गा मंदिर के पास थाना कैमोर जिला कटनी का होना बताया जिसकी तलाशी ली गई। जिसके पास से प्लास्टिक की पन्नी में अवैध मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 612 ग्राम रखे हुये मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा की जप्ती की जाकर थाना कैमोर मे अपराध क्र. 149/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी अशोक पटेल को दिनांक 22.05.25 को प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया जाता है। इसी दौरान थाना कैमोर की पुलिस के भ्रमण के दौरान डमफर रोड आरटीशियन स्टोरी के पास पीलर क्र. 06 के पास एक व्यक्ति संदिग्ध जाता हुआ मिला जो पुलिस को देखकर झोलै छिपाने का प्रयास करने लगा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम राजेश बर्मन पिता कालका प्रसाद बर्मन उम्र 50 वर्ष निवासी लालनगर थाना कैमोर का होना बताया जिसकी तलाशी ली गई। जिसके पास से सफेद रंग के झोला में अवैध मादक पदार्थ गांजा 445 ग्राम रखे हुये मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा की जप्ती की जाकर थाना कैमोर मे अपराध क्र. 150/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी राजेश वर्मन को दिनांक 23.05.25 को धारा 35 बीएनएसएस का नोटिस दिया जाकर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, उपनि सिद्धार्थ राय, सउनि अखिलेश कुमार मिश्रा प्रआर 236 कन्हैया सिंह प्रआर 509 प्रेमशंकर पटेल, प्रआर चंद्रभान विश्वकर्मा आर 370 सुशील पटेल, आर. 216 अजीत तिवारी, आर.801 कृष्णप्रकाश गुप्ता, आर. 548 लालू यादव आर. 739 विनोद, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कोतमा में कबाड़-कोयला माफियाओं पर पुलिस का सख्त शिकंजाः दो ट्रक जब्त, 335 टन अवैध माल बरामद

**समाज जागरण विजय तिवारी**
अनूपपुर/पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशों पर पूरे जिले में अवैध कबाड़, कोयला माफियाओं और अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाया जा रहा है कड़ा अभियान। इसी क्रम में कोतमा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 335 टन से अधिक अवैध माल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार 22 मई की रात को मुखबिर से मिली सूचना पर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस ने कोतमा रेलवे स्टेशन के अंडरब्रिज के पास ट्रक क्रमांक यूपी-14-ईटी-1603 को रोककर जांच की। ट्रक में करीब 5 टन अवैध कबाड़ पाया गया। चालक रितुराज रावत ने बताया



कि कबाड़ रियाज खान के निर्देश पर लोड किया गया था, लेकिन कोई वैध दस्तावेज मौजूद नहीं था।पुलिस ने ट्रक और कबाड़ को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 35(2), 5 बीएनएसएस और 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि इसी रात नेशनल हाइवे पर गुरु कृपा ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी-31-ए-8090 सड़क किनारे खड़ा मिला। चालक फरार था। तलाशी में ट्रक में लगभग 330 टन अवैध कोयला बरामद हुआ। पुलिस ने जब्त कोयला और ट्रक मालिक मोहम्मद वाजिद के खिलाफ धारा 106 बीएनएसएस एवं 122/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**
दोनों कार्रवाईयों में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, सुरेश कुमार अहिरवार, आरक्षक शुभम तिवारी, सत्यभान सिंह, अभय त्रिपाठी, महेश साहू सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**पुलिस अधीक्षक का स्पष्ट संदेश**
पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने साफ कर दिया है कि अवैध कारोबारियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। ऐसे अपराधों के खिलाफ सख्त और लगातार कार्रवाई जारी रहेगी ताकि जिले में कानून व्यवस्था मजबूत रहे।

# माईंस में गुण्डागर्दी टैक्सः आधी रात चालकों को दौड़ा कर पीटा

**गंभीर हालत में 108 से जिला चिकित्सालय में चालक हुआ भर्ती वाहनों के कांच फोड़े, बाहरी चालकों में दहशत का माहौल**

**समाज जागरण**
इन्ट्रो-एसईसीएल के सोहागपुर एरिया की रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट प्रबंधन के साथ असमाजिक तत्वों के लिए भी संजीवनी बनी हुई है, प्रबंधन की चुप्पी के कारण माईंस में अनाधिकृत आवारा तत्व वाहनों से अवैध वसूली करते हैं, मांग पूरी न होने पर मारपीट और हत्या जैसी स्थिति निर्मित करने में पीछे नहीं हट रहे। स्थानीय पुलिस, कोल प्रबंधन का मौन किसी दिन कई लाशों का सबब बन सकता है। शहडोल। जिले के अमलाई थाना अंतर्गत सोहागपुर एरिया की रामपुर-बटुरा खुली खदान आवारा तत्वों का अड्डा बन चुकी है, कोल प्रबंधन जहां उत्पादन में अपना पूरा ध्यान झोंक कर इस ओर से आंखे मूंदे हुए हैं, वहीं जिले के अंतिम छोर पर स्थित पूर्व से विवादित रहे रामपुर व इसके आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के वाशिंदे अमलाई पुलिस के लिए भी अर्से से सिरदर्द बने हुए हैं, रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद माईंस के अंदर और बाहर आवारा व असामाजिक तत्वों ने अपनी जड़े जमा ली हैं। गुरूवार व शुक्रवार की दरमियानी रात दो दर्जन से अधिक बदमाशों ने गुण्डा टैक्स के फेर में बाहर से आये वाहन चालकों के साथ जमकर मारपीट की। जिसमें से कुछ को जिला चिकित्सालय अनूपपुर और अन्य को स्थानीय उपचार दिया गया। वाहनों के साथ भी तोडफोड़ हुई, घटना के अगले 15 से 18 घंटो तक अमलाई पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद होने के साथ ही उन्हें बचने का समय मिल रहा है। हर गाड़ी से गुण्डा टैक्स रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट वर्तमान में सोहागपुर कोयला प्रक्षेत्र का 60 से 70 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर रहा है, यही कारण है कि प्रतिदिन 250 से 300 ट्रक कोयला निकलता है, कोल प्रबंधन के कर्मचारी और अधिकारी उत्पादन और आपूर्ति का लक्ष्य पूरा करने के फेर में स्थानीय आवारा तत्वों से दूरी बनाकर रखते हैं, जिस कारण कोल यार्ड से लेकर कांटाघर, बंबू गेट आदि क्षेत्रों में अनाधिकृत बदमाश 24 घंटे मौजूद रहते हैं, कहीं गाड़ी की लेबलिंग के नाम पर, तो कहीं पर पार्किंग के नाम पर 100 से लेकर 30 और 20 रुपए कई बार लिए जाते हैं। यही नहीं इच्छा होने पर शराब, गांजा के लिए भी रूपयों की मांग बाहर के चालकों से की जाती है। गुरू व शुक्र की दरमियानी रात इसी तरह का गुण्डा टैक्स वसूली के दौरान बाहर के चालको के साथ गंभीर मारपीट की गई। 108 ने बचाई जान राजस्थान ट्रांसपोर्ट व अन्य ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से कोयला लोड करने के लिए आये वाहन चालकों से गुरू व शुक्रवार की रात गंभीर मारपीट की गई, प्रोडक्शन के फेर में प्रबंधन ने 24 घंटे रोडसेल के दरवाजे खोल रखे हैं, जबकि शाम ढलते ही लगभग दुकाने, संभ्रांत व्यक्ति और पुलिस तक का दायरा सीमित हो जाता है, लेकिन आवारा तत्व देर शाम से सुबह तक यहां शराबखोरी और गुण्डा टैक्स वसूलने में लगे रहते हैं। रामेश्वर सिंह नामक वाहन चालक के साथ शुभम और उसके साथियों ने गंभीर मारपीट की और उसे मरा हुआ समझकर दूसरे तरफ चले गये, चालको ने 108 को रात में ही कॉल किया, वाहन के तत्काल पहुंचने और जिला चिकित्सालय में त्वरित इलाज मिलने पर रामाश्रय की जान बच गई, लेकिन उसका एक हाथ और पैर की हड्डिया टूट गई और शरीर में भी कई हिस्सों पर चोटे आई हैं, बड़ी बात यह कि उसे यह नहीं मालूम की शुभम कौन है और उसके साथ जानवरों जैसा बर्ताव क्यों किया गया। दिन भर दहशतगर्द वसूलते रहे रूपया रामपुर बटुरा खुली खदान के साथ ही सोहागपुर एरिया की अन्य खदानों में भी सुरक्षा और भय के नाम पर गुण्डा टैक्स वसूली जाती है, कहीं इसे लेबलिंग का नाम देते हैं तो, कहीं इन्ट्री, गेट पास, कांटा, टोकन या अन्य नाम दिये जाते हैं। स्थानीय प्रबंधन पुलिस का पर्याप्त सहयोग न मिलने के कारण इस मामले में बैकफुट पर ही रहता है। गुरू व शुक्रवार की दरमियानी रात दहशतगर्दो ने जमकर गुण्डागर्दी की और जिन्हें जानते तक नहीं थे, उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया, स्थानीय दहशतगर्दो ने शुक्रवार को इसका फायदा उठाया और घटना का हवाला देकर चालको से दिन भर गुण्डा टैक्स वसूलते रहे।

**इनका कहना है...**
पीड़ित के बयान लिए हैं, चालक अन्यत्र का है, स्थानीय लोगों को नहीं पहचानता, एमएलसी आने पर मामला दर्ज करेंगे। अमृतलाल परस्ते
जांच अधिकारी थाना अमलाई

# लघुवनोपज पंजीयन संबंधित लोगो को दी गई जानकारी, किया गया पौधरोपण

**समाज जागरण**
शहडोल। विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय कुमार पाण्डेय एवं सुश्री तरुणा वर्मा वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल के निर्देशन में वनमण्डल उत्तर शहडोल अन्तर्गत श्री रेशम सिंह धुर्वे उप वनमण्डलाधिकारी ब्यौहारी एवं मुकुल सिंह ठाकुर उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर के प्रयास से समस्त वन परिक्षेत्रों मुख्यतः अमझोर, जयसिंहनगर, गोदावल, पूर्व ब्यौहारी एवं पश्चिम ब्यौहारी में जैव विविधता कल आज और कल विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें आस-पास के क्षेत्र में 50 से 70 सालों में क्या-क्या परिवर्तन आया, इस विषय पर चर्चा की गई, साथ ही जैव विविधता के महत्व उसका उपयोग, एवं ग्रामीणों को उसके क्या क्या लाभ है, इसके बारे में बताया गया, एवं उसके संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें आम ग्रामीणों एवं वनोपज का व्यापार करने वाले व्यापारियों में सहभागिता सुनिश्चित की। वन परिक्षेत्र अमझोर अन्तर्गत सीधी परिक्षेत्र सहायक परिसर में जैव विविधता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर एवं वन परिक्षेत्राधिकारी अमझोर की उपस्थिति में किया गया। तथा लोगों को जैव विविधता के महत्व में बताया गया। जैव विविधता अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन भी करवाने हेतु कहा गया। परिचर्चा के दौरान जंगलों का महत्व, वन्यप्राणी विचरण के सम्बन्ध में आवश्यक सावधानियों एवं अवैध कटाई से नुकसानी के सम्बन्ध में लोगों को बताया गया कि वनों की अवैध कटाई में कमी से वनों में जैव विविधता बढ़ी है। अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर ग्राम सिमौढ में वृक्षारोपण कर, बैठक का आयोजन किया गया। परिचचर्चा में वनों में पाई जानें वाली औषधियों एवं अन्य लघुवनोपज के विषय में परिचर्चा की गई, जिसमें वर्तमान समय में वनों में पाई जाने वाली औषधी, लघुवनोपज की मात्रात्मक वृद्धि हुई है। वनों में जैव विविधता के प्रकार घनत्व विषय पर परिचर्चा की गई, वनों की अवैध कटाई से रोकथाम होने पर जैव विविधता के प्रकार एवं घनत्व में वृद्धि हुई है। लघुवनोपज का व्यापार करने वाले व्यापारियों का जैव विविधता पंजीयन वर्तमान स्थिति एवं पंजीयन की प्रक्रिया के विषय में परिचर्चा की गई। लोगो को यह भी बताया गया कि जैव विविधता अधिनियम में व्यापारियों का पंजीयन कराना अति-आवश्यक है, क्योकि जो वन संम्पदा है, वह वहाँ के रहने वाले स्थानीय व्यक्तियों की है, और उन्हीं लागो को उसका लाभ मिलना चाहिए, जो उसको इतनों सालों तक बचा कर रखे है, तथा स्थानीय ग्रामीणजनों को यह भी बताया गया कि जिन व्यापारियों का पंजीयन है, उन्हीं व्यापारियों को लघुवनोपज दी जाय। इस हेतु व्यापारियों को भी आमंत्रित किया गया कि, व्यापारी अपना पंजीयन करा लेवे, तथा ग्रमीणों को यह भी समझाईस दी गई कि यदि कोई व्यापारी बिना पंजीयन के लघुवनोपज की खरीदी करता है, तो वन विभाग को सूचित करें। यदि बिना पंजीयन के लघु वनोंपज का संग्रहण किया जावेगा तो व्यापारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

# हिस्ट्रीशीटर की अज्ञात अपराधी ने की हत्या, विवेचना जारी

**समाज जागरण**
शहडोल। शुक्रवार को थाना सोहागपुर अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई थी कि ह्यूंडई मोटर शोरूम के सामने बुढ़ार रोड स्थित माकान में मनोज सिंह पिता स्व. रामजी सिंह, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम जमुआ, थाना सोहागपुर शहडोल, का शव मृत अवस्था में मिला। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंच कर उक्त शव का निरीक्षण किया गया एवं शव को पोस्टमॉर्टम हेतु रवाना किया गया है। प्राथमिक जांच में यह पाया गया की किसी अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से गर्दन एवं सिर में चोंट पहुंचा कर मृतक की हत्या कारित की गई। जिसपर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पता-तलाश की जा रही है।

# बच्चों का नामकरण जानकार महापुरुषों से करना चाहिए

**महापुरुषों की कभी परीक्षा नहीं लेना चाहिए**

**समाज जागरण**



अमरकंटक । भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर अति प्रसन्न खुशी से सराबोर नंद बाबा ने अपने राज्य के सभी लोगों को उनके मुंह मांगा दान किया यहां तक की 2 लाख गायों का जान उन्होंने स श्रृंगार करा कर दिया जो जैसा मांगता गया उसे वैसा ही दान देते रहे। भगवान जो उनके घर जन्मे थे । जो सुख आनंद माता देवकी एवं यशोदा को भगवान ने नहीं दिया वह सुख की प्राप्ति मौसी पूतना को मिला मां समान पूतना भले ही राक्षस कुल की थी भगवान को उसने स्तनपान कराया फल स्वरुप भगवान ने उसे अपने परमधाम भेजा जो भगवान को थोड़ा सा भी चाहा भगवान उसका पूरा फर्ज निभाते हैं। वासुदेव जी महाराज ने गगार्चार्य जी को भेज कर अपने पुत्र का नामकरण करने हेतु भेजा। यशोदा मैया एवं रोहिणी माता ने बाबा गगार्चार्य जी की परीक्षा लेनी चाहिए एक दूसरे का पुत्र रखकर आई गगार्चार्य जी तुरंत जान गए सबको आकर्षित करने वाले पार ब्रह्म परमेश्वर का नाम कृष्ण रखा तथा बलशाली बालक का नाम बलराम रखा दोनों का नामकरण संस्कार गौशाला में हुआ । गगार्चार्य जी महाराज ने कहा कि वैसे तो इनका हजारों नाम होगा । नाम का प्रभाव व्यक्ति पर होता है नाम बहुत ही सोच समझकर रखा जाना चाहिए तथा नामकरण जानकार महापुरुष ब्राह्मण से कराना चाहिए। कुछ भी नाम नहीं रखना चाहिए जिसका मतलब आशय हो वही नाम रखा जाना चाहिए। उक्त आशय के भावपूर्ण उद्गार श्रीमद् भागवत महापुराण के छठवें दिन मृत्युंजय आश्रम के विशाल सभा हाल में भागवताचार्य पं.सागर मिश्रा उपस्थित भक्त श्रद्धालुओं को सुना रहे थे। पंडित सागर मिश्रा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आगे कहा कि व्यक्ति को अपना लक्ष्य ताड़ पेड़ की तरह ऊंचा और बड़ा रखना चाहिए इसीलिए वह ऊंचा होता है वहीं आम का वृक्ष की शाखाएं यहां वहां बढ़ जाती हैं इसके चलते वह ऊंचा बड़ा नहीं हो पता इससे सीख लेकर व्यक्ति को अपना सर्वोच्च लक्ष्य रख कर आगे बढ़ना चाहिए तभी वह आगे बढ़ सकेगा । पंडित मिश्रा ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का चित्रण करते हुए कहा कि माताएं मक्खन ऊपर सीकर में बांधती रही भगवान अपने शखाओ के साथ उसे भी चोरी कर खाते रहे माताएं उस पर घंटी बांधती रही हैं ताकि चोरी होने पर घंटी बाजे जब तक सखा मक्खन खाते घंटी नहीं बजती पर भगवान के मक्खन खाते ही घंटी बज उठती भगवान कृष्ण ने पूछा तुम मेरे खाते ही घंटी क्यों बच जाती हो घंटी ने कहा हे भगवन भगवान के भोग लगे पर घंटी नहीं बजे तो क्या मतलब हुआ । उन्होंने कथा में आगे कहा कि भगवान राम एवं भगवान कृष्ण दोनों एक ही हैं दोनों का श्यामल वर्ण है भगवान राम के नयन शांत स्वभाव के हैं तो वही भगवान कृष्ण के नयन चंचल भरे हैं । संतान भी पितृ देवता की कृपा से होते इसलिए पितृ देवताओं को मनाना चाहिए पूजना चाहिए स्थान देना चाहिए उनकी कृपा से सब कुछ अच्छा होता है इसलिए पितृ देवो भव कहा गया है ।

# दुबई की इंटरनेषनल मॉडल विद्या जोषी 20 जून को आएगी शहडोल

**समाज जागरण**
शहडोल ।बी.यूनिक इंटरनेषनल मिसेस दुबई मोस्ट पापुलर फेस आबूधाबी लोकप्रिय रनवे मॉडल एवं एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोषी पटेल जन परिषद शहडोल के स्थापना दिवस समारेह में मुख्य अतिथि के रूप में 20 जून को विराठ नगरी शहडोल में पधारेगी। यह जानकारी जन परिषद के संभागीय मीडिया प्रभारी बी.पी.तिवारी ने दी है। शहडोल चेप्टर के पदाधिकारी के साथ संभागीय अध्यक्ष सुभदीप खरे क्रिस्टी इम्ब्राहिम शेख अरफाना संतोष चौबे जयप्रकाश गर्ग, बी.पी. शर्मा, के साथ शहडोल जिला अध्यक्ष एवं जिले की सम्पूर्ण कमेटी जोर शोर से तैयारियों में जुट गए है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जन परिषद के संभागीय अध्यक्ष सुभदीप खरे अधिवक्ता संभागीय मीडिया प्रभारी बी.पी.तिवारी अरफाना बेगम के साथ कई लोग शहडोल जिला कलेक्टर से मिलकर इस संबंध में विस्तार से चर्चा कर कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा बनाने के लिए मार्गदर्षन व सहयोग की आपेक्षा की साथ ही कार्यक्रम में जन परिषद के नए पदाधिकारियों शपथ ग्रहण एवं आधा सैकड़ा सम्मानीय नागरिक अधिकारियों को सम्मानित करने का विषेष अवसर रहेगा, साथ ही शायं काल में विषेष संगीत का आयोजन होगा, चैप्टर इस्ट्रालेषनस का प्रस्तावित कार्यक्रम भी घोषित हो चुका है, प्रदेष की राजधानी भोपाल में 13.06.2025, 14.06.2025 का सांची विदिषा, कुरवाई, बीला, ठाना 15.06.2025 को सागर, बंडा, बड़ा मलैहरा, नवगांव, 16.06.2025 को टीकमगढ़ निवाड़ी ओरछा, 17.06.2025 को छतरपुर विजावर खजुराहो, 18.06.2025 दमोह, जबलपुर, 19.06.2025 को मंडला नैनपुर डिंडौरी, 20.06.2025 शहडोल, 21.06.2025 को लखनादौन, षिवनी छिंदवाड़ा, 22.06.2025 को मुलताई बैतुल बाजार बैतूल 23.06.2025 को बोड़ा डोगरी, सालिनी, भौरा, इटारसी, होषांगाबाद, बुधनी, भोपाल में कार्यक्रम आयोजित होगे, इसके बाद वापस दिल्ली से दुबई के लिए प्रस्थान होगा, इस कार्यक्रम में दर्जनों आई.एस.आई.पी.एस. सेवा निवृत्त, सम्मलित होने की आषा है।

## बालमन को प्रेरणादायक ऊर्जा प्रदान करती हैं राष्ट्रीय सामाजिक सिनेमा

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी बालमन को प्रेरणादायक ऊर्जा प्रदान करती है राष्ट्रीय सामाजिक देशभक्ति सिनेमा। यह मनोरंजन का सबसे अधिक सुलभ,प्रभावशाली सशक्त माध्यम है।ऐतिहासिक फिल्मों ने देश की आजादी में जान डाली थी जहां देश-।वासी आजाद भारत मे नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। उक्त बातें हरहुआ स्थित राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज में समर कैंप के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि 'ननिहाल' पिक्चर के नायक प्रमोद सिंह ने अपने सम्बोधन में व्यक्त की।डायलॉग संग कला का प्रदर्शन कर बच्चों,शिक्षकों को गुदगुदाया और हंसाया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने फिल्म के नायक प्रमोद सिंह को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर अपने सम्बोधन में कहा कि पहले की सिनेमा सामाजिकता का माध्यम रहीं सदैव समाज को दिशा देने का कार्य करती रहीं बच्चे उन्हें ही देखकर आदर्श प्रस्तुत करें। समर कैम्प समापन अवसर पर खेलो में रस्साकसी, अंताक्षरी, कबड्डी,तथा विविध संगीत व नृत्य आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रहीं। इस अवसर पर डॉ0 सर्वदेव सिंह, प्रधानाचार्य शेरबहादुर विश्वकर्मा, प्रीति राय ,आशा यादव ,स्नेहलता सिंह, संतोष विश्वकर्मा सहित अन्य अध्यापक अध्यापिका शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया।

## विवाहिता आशिक के साथ कार में घूमते मिली

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

कपसेठी थाना क्षेत्र के वाराणसी भदोही मार्ग पर मटुका नाला के पास शुक्रवार की दोपहर फिल्मी अंदाज में लवे सड़क हुई एक घटना को देखकर लोग हक्का-बक्का रह गए ।।।। बताया जाता है कि भदोही जिले के एक प्रतिष्ठित मौर्या परिवार की बहू एक सप्ताह पूर्व वाराणसी जिले में स्थित अपने मायके आई थी वहां से अपने प्रेमी के साथ कार में बैठकर टहल रही थी कि इसकी जानकारी कहीं से उसके पति को हो गई पति अपने अन्य साथियों के साथ उस कार का पीछा करते हुए मटुका नाले के पास अपनी कार से ओवरटेक कर उक्त कार को रोक लिया पति को सामने देखकर विवाहित हक्का-बक्का हो गई और घबराकर उसे तरह-तरह की सफाई देने लगी लेकिन पति उसकी एक बात को नहीं माना और बिना कुछ कहे अपनी कार से एक बोतल पानी निकाल कर विवाहिता की मांग को लबे सड़क धो डाला तथा यह कह कर चलता बना की मैं तुझे अपने जीवन से आजाद करता हूं और तुम जैसे चाहो जिसके साथ अपनी जिंदगी बिता सकती हो अब मुझे तेरी कोई आवश्यकता नहीं है इस बीच वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई जब लोग घटना में बीच बचाव करना चाहे तो युवक उन लोगों को डाटते हुए कहा कि यह मेरे और मेरे पत्नी के बीच का व्यक्तिगत मामला है इसमें किसी से कोई मतलब नहीं है फिर हाल दिनदहाड़े फिल्मी अंदाज में हुई इस घटना को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है ।।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष बेटू सिंह ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

**समाज जागरण**
**विवेक कुमार संवाददाता**



लखनऊ। मोहनलालगंज में शुक्रवार के दिन भाजपा पार्टी से मण्डल अध्यक्ष बेटू के नेतृत्व में भारतीय सेना के शौर्य व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए कस्बा में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा इस दौरान यात्रा में मण्डल अध्यक्ष बेटू सिंह सहित पूर्व विधायक चंद्रा रावत, भाजपा नेता हंसराज रावत, भाजपा नेता अंकुर अवस्थी, मोचन शर्मा, गुड्डू सिंह, समेत काफी संख्या भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग लोग यात्रा में शामिल रहे। इस दौरान यातायात व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित करवाने और तिरंगा यात्रा को सुरक्षित निकलवाने में मोहनलालगंज कस्बा चौकी इंचार्ज बीर बहादुर दुबे, दरोगा अतुल सिंह, दरोगा रजनीश चौरसिया, श्याम राज सिंह दरोगा आंनद अम्बेडकर, कांस्टेबल विकास जयसवाल, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सहित पूरी पुलिस टीम मौजूद।

## नव विवाहिता की दुपट्टे के सहारे लटकती मिली लाश

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

जंसा थाना क्षेत्र के राखी (नेवादा) गांव में शुक्रवार को एक नव विवाहिता की दुपट्टे के सहारे लटकती लाश मिली । घटना की सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष जंसा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का लगाया आरोप है।बताया जाता है कि रेनू यादव उम्र20 वर्ष पुत्री विजय बहादुर यादव निवासी बलईपुर बैरगिया थाना केराकत जनपद जौनपुर का विवाह बीते वर्ष 2024 के नवंबर माह में जंसा थाना क्षेत्र के राखी (नेवादा) गांव निवासी लालू यादव पुत्र स्वर्गीय चंद्रबली यादव के साथ हुई थी। विवाहिता कुछ दिन पूर्व ही अपने ससुराल आई थी उसके बाद से ही परिवार में आए दिन विवाद होते रहते थे। प्रतिदिन की तरह विवाहिता खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार सुबह दरवाजा नहीं खुला तो परिजन रोशनदान से झांक कर देखा तो विवाहित रोशनदान से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस के साथ मायके वालों को दी। घटना स्थल पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विवाहिता के सास कमला देवी ,पति लालू यादव, देवरा अंतू यादव व भांजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



## परिवारिक विवाद के चलते किऐ आत्महत्या

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**



चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया गांव निवासी कर्ज से परेशान फुलगेन सिंह उर्फ किन्नर (55वर्ष) ने अपने घर से 50 मीटर की दूरी पर बने पुराने मकान में पाइप में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया गांव निवासी फुलगेन सिंह उर्फ किन्नर गमछे के सहारे टीन सेट में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही कर्जदार के दबाव में अधेड़ ने यह कदम उठाया। मृतक के दो बच्चे हैं।बड़ा लड़का ऋषि सिंह छोटा लड़का प्रियांशु सिंह पत्नी रेनू सिंह है। परिवार वालों का आरोप है की कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या किए हैं शुक्रवार शाम प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राकेश कुमार गौतम ने बताया कि परिजनों द्वारा किसी के ऊपर कोई आरोप लगाते हुए कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर इलाज के दौरान बाइक चालक की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

जंसा थाना क्षेत्र के पचवार गांव में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने शुक्रवार को सुबह अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर इलाज के दौरान बाइक चालक की मौत परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि शुक्रवार को सुबह रणजीत प्रसाद गौड़ उम्र 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कन्हैयालाल गौड़ निवासी तेंदुई (दयापुर) थाना जंसा अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस से कालिका धाम की तरफ जा रहे थे कि जैसे ही पावर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने पहुंचे ही थे कि कालिका धाम की तरफ से आ रहीतेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने टक्कर मार दी जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक चालक रणजीत गौड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी बाजार ले जाया गया जहां स्थिति गंभीर होने पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान बाइक चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घटना में शामिल बोलोरो के खिलाफ नामजद तहरीर दिया। पुलिस उपरोक्त बोलेरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया मृतक तीन भाइयों में बड़ा थे तथा पी डब्लू डी के कर्मचारी थे। दो पुत्रों के पिता बताए जाते हैं घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी ममता तथा माता धनरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## *नदी में डूबने से युवक की मौत* परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल।

**समाज जागरण ओंकार दानगंज वाराणसी।**

चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज अजगरा गांव के रहने वाले बेचू राजभर का छोटा पुत्र सौरभ राजभर (24) अपने साथियों के साथ अजगरा गांव में गोमती नदी के किनारे स्नान करने गया था। बताया जाता है कि साथ गए युवक नदी में स्नान कर के बाहर आ गए। अपने दोस्तों को नदी में नहाते देख सौरभ ने भी छलांग लगा दी। साथियों ने बताया कि छलांग लगाने के बाद सौरभ चीखने-चिल्लाने लगा, क्योंकि उसे तैरना नहीं आता था। सौरभ के बाहर न आने पर लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। आननफानन में इसकी सूचना घर वालों को मिली। घर और गांव से दर्जनों की संख्या में युवक गोमती नदी के किनारे पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी गांव के लोगों की मदद से युवक की खोजबीन शुरू कर दी। पर ही रहता था। सूचना मिलते ही माता लख्खी देवी और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वाराणसी पब्लिक स्कूल में वालीबाल प्रशिक्षण का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

ग्रीष्म कालीन खेल कैंप के दूसरे दिन वॉलीबॉल प्रशिक्षण वाराणसी पब्लिक स्कूल केराकतपुर लोहता के खेल मैदान मे आयोजित किया गया।आज



स्पोर्ट्स कैंप के दूसरे दिन वॉलीबॉल खेल का प्रशिक्षण प्रशिक्षिका राज नंदनी के माध्यम से निशुल्क बच्चों को दिया गया। आज कुल 100 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण लिया।इस प्रशिक्षण में स्कूल के बच्चो के साथ साथ आस-पास के बच्चे भी आ कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उक्त जानकारी विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ए के त्रिवेदी ने दी।

## समर कैंप में निखर रही है बच्चों की प्रतिभा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

समर कैंप में बच्चे तरह-तरह की क्रिया कलाप संपादित कर रहे हैं। बच्चे शिक्षकों के साथ तरह-तरह के खेलों में रुचि भी ले रहे हैं।योग और प्राणायाम



सीखने के साथ बच्चे पेंटिंग्स, रंगोली चित्रकारी,नाटक कला में हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को गंगापुर इंटर कॉलेज में छात्रों ने रंगोली बनाने की कला सीखी। खेल शिक्षक घनश्याम चोटीवाला ने बच्चों को योग और प्राणायाम सिखाया।उन्होंने योग के महत्व को भी बताया। कला शिक्षक सूरज कुमार ने बच्चों को चित्रकारी सिखाई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को रंगोली बनाने की भी कला सिखाई। इस दौरान यहां पर प्रेरक शिक्षक हिमांशु, अनीश यादव, छात्र सोनाली,गरिमा, ज्योति, आरुषि, नैंसी,पायल,अनामिका, गुड़िया आदि उपस्थित थे।

## मोहनलालगंज पुलिस टीम ने महिला मुस्कान की हत्या का किया खुलासा

**संवाददाता विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण**



लखनऊ। थाना मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा महिला की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर हत्यारोपी/अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया है और एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया। 20 मई की रात्रि करीब 11 बजे थाना मोहनलालगंज पर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि राजाखेड़ा के पास महिला का एक्सीडेन्ट हो गया है सूचना पर तत्काल थाना मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची तो मौके पर मुस्कान बानो व मो० आसिफ पुत्र मो० शेर अली निवासी ग्राम सेवई थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 35 वर्ष घायल अवस्था में मिले। घायलों को तत्काल सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मुस्कान को मृत घोषित कर दिया। मृतका मुस्कान के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। जिसके बाद दिनांक 21 मई 2025 को असरफ अली पुत्र स्व० हसन अली निवासी मोहल्ला शाहगंज, जिला जालौन द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी नातिन का विवाह 24 फरवरी 2023 को आसिफ पुत्र शेर अली निवासी ग्राम सेवई जिला लखनऊ के साथ हुआ था। उनकी नातिन की हत्या उसके पति द्वारा कर दी गयी है। इस सूचना पर थाना मोहनलालगंज में मु0अ0सं0 176/25 धारा 103(1) इठर पंजीकृत किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार हत्या किया जाना पाया गया। जिसके बाद घटना के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तत्काल दो टीमों का गठन किया गया था। विवेचना से मृतका के पति व मो० आसिफ के अतिरिक्त मन्ना उर्फ आफताब (अभियुक्त मो० आसिफ का भान्जा) पुत्र पप्पू उर्फ रमजान अली निवासी ग्राम राजीव नगर घुसियाना थाना पीजीआई लखनऊ, मन्ना का बाल अपचारी मित्र थाना पीजीआई लखनऊ उम्र करीब 17 वर्ष का नाम प्रकाश में आया।23मई 2025 शुक्रवार के दिन मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा हत्या के दो अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए एक नफर बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया। जिसके बाद पुलिस पूछताछ में मो० आसिफ की पत्नी मुस्कान बानो की पहले से एक बेटी थी जिससे एक साल पूर्व मो० आसिफ ने शादी किया था। आसिफ भी पहले से शादी शुदा है और उसके भी बच्चे हैं इसलिए मो० आसिफ अपनी पत्नी मुस्कान से बच्चा नही चाहता था लेकिन पत्नी मुस्कान बच्चा चाहती थी तथा आशिफ अपनी पत्नी के अवैध सम्बन्ध के शक में अक्सर झगडा करता रहता था। इसी बात को लेकर आशिफ द्वारा अपनी पत्नी की हत्या की योजना बनायी गयी और अपने साथी मन्ना से पत्नी मुस्कान हत्या के बदले में एक लाख रुपये देने की बात कही। पैसे के लालच में आकर मन्ना उर्फ आफताब ने अपने बाल अपचारी साथी से हत्या के सम्बन्ध में बात की तो पैसो के लालच में बाल अपचारी मित्र भी तैयार हो गया। जिसके बाद दिनांक 20मई 2025 को इलाज कराने के बहाने उन्नाव ले चलेंगे और उधर ही मुस्कान की हत्या कर देगें तब करीब 3.00 बजे दिन मो०आसिफ अपनी पत्नी मुस्कान को मो०सा० से लेकर नवावगंज उन्नाव गया था तथा साथ मौजूद मन्ना व बाल अपचारी मित्र भी योजना अनुरुप मो० आसिफ के पीछे-पीछे गये थे वहीं उन्नाव में मन्ना और बाल अपचारी मित्र ने मुस्कान की हत्या करने के लिए चाकू खरीदे थे चूंकि अन्धेरे व सुनसान जगह में मारना था इसलिए दिन में इधर-उधर खा-पीकर टाइप पास किया इसके पश्चात सभी लोग उन्नाव से मोहनलालगंज होते हुए सेवईं जा रहे थे कि योजना के अनुसार जैसे ही दिनांक 20मई 2025 को समय 9.30 बजे रात्रि रोड़ से उदवत खेडा की तरफ जाने वाले कच्चे मार्ग में मो० आसिफ ने अपनी गाडी मोडी फिर थोडी दूर में मन्ना ने चलती हुई मो०सा० पर लात मारकर गिरा दिया तत्पश्चात तीनों ने मिलकर मुस्कान की हत्या कर दी। उसी दौरान अनजान पब्लिक मोटरसाइकिल से मौके पर आ रहा था जिनको देखकर पकडे जाने के डर से मन्ना व उसका बाल अपचारी मित्र वहीं मोटरसाइकिल छोडकर भाग गये थे तथा पब्लिक के निकलने के बाद मो० आसिफ अपनी पत्नी को अपनी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठाकर उसको दुपट्टे से अपने शरीर से बांध लिया था ताकि गिरे न और कोई समझ न सके और घटना को छुपाने के लिए एक्सीडेन्ट व लूट आदि दशानें के लिए मो० आसिफ अपनी मृत पत्नी को लेकर मोहनलालगंज नहर के किनारे राजा खेड़ा गांव गांव के पास रोड के किनारे गिरा दिया तथा मो० आसिफ ने अपना व अपनी पत्नी मुस्कान का मोबाइल फोन तोड़कर मोहनलालगंज नहर के किनारे फेंक दिया। अति० निरीक्षक रामबाबू सिंह, उ0नि0 ज्ञान प्रकाश मिश्र, उ0नि0 आनन्द राव अम्बेडकर, उ0नि0 बीरबहादुर दुबे, उ0नि0 सिद्धार्थ, उ0नि0 संजय कुमार वर्मा, उ0नि0 दुर्गेश सिंह, कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल शुभम शर्मा, कांस्टेबल रजनेश कुमार, कांस्टेबल किशन जायसवाल, कांस्टेबल मो0 आरिफ ने हत्या के आरोपी मो० आसिफ पुत्र मो० शेर अली निवासी ग्राम सेवई थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र 35 वर्ष / (दर्जी) व मन्ना उर्फ आफताब पुत्र पप्पू उर्फ रमजान अली निवासी ग्राम राजीव नगर घुसियाना थाना पीजीआई लखनऊ उम्र 18 वर्ष / (फर्नीचर का काम) को गिरफ्तार किया व एक बाल अपचारी, उम्र 17 वर्ष थाना पीजीआई लखनऊ को संरक्षण में लिया गया है। हत्या में प्रयुक्त एक अदद चाकू, एक अदद शर्ट खून लगा हुआ, एक अदद रसीद, दो अदद टूटे हुए मोबाइल फोन, कांच की चूडी के टुकडे (मृतका के) व दो अदद मोटरसाइकिल स्पलेण्डर (UP32KT8938 U UP32NC6875) बरामद कर लिया गया है।

## पीएम मोदी के स्वागत को तैयार कानपुर, 30 को सभा के लिए अंतिम चरण में तैयारियां

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। मानवता के खिलाफ विश्व में आतंकवाद के मसीहा पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भरपूर सबक सिखाने के बाद आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए कानपुर पूरी तरह से तैयार है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम 30 मई को प्रस्तावित है जिसके लिए सीएसए ग्राउंड में पंडाल लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। जनसभा स्थल के लिए 3 हैंगर बनाए जा रहे हैं। जो तैयारियां की जा रही हैं उनके मुताबिक बीच के हैंगर में मंच बनाया जाएगा। मंच पर बैठने के लिए सिर्फ 10 से 12 लोग ही होंगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी करीब 2 घंटे कानपुर में रुकेंगे। इसी के साथ गर्मी से बचाव के लिए मुख्यमंत्री योगी द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। यहां बनाये पंडाल में बैठने के लिए करीब 30 ब्लॉक तैयार किए जाएंगे। हर ब्लॉक में ठंडा पानी पीने और कूलर के इंतजाम रहेंगे। पार्किंग में छांव व पीने के पानी का इंतजाम रहेगा। तैयारी में जुटे अधिकारियों के मुताबिक लोकार्पण व शिलान्यास की 11 परियोजनाओं में अभी बदलाव संभव है। कुछ नई योजनाओं को शामिल करने के साथ पुरानी योजनाओं को सूची से हटाया जा सकता है। वहीं, पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिलने की उम्मीद है। अवगत कराते चलें कि इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 हजार करोड़ की सेंट्रल स्टेशन से चुन्नीगंज के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो, पनकी पावर हाउस, नियवेली पावर हाउस समेत 11 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने 24 अप्रैल को शहर आ रहे थे। लेकिन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीएम का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। अब 30 मई को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम शहर में प्रस्तावित है। जिसके लिए सारी आवश्यक तैयारी को अंतिम रूप युद्ध स्तर पर दिया जा रहा है।

## सीडल माफी में जन चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों को योजनाओं की दी गई जानकारी

### जिलाधिकारी ने सहजन की उपयोगिता बताई, प्रत्येक घर में पौधा लगाने की अपील

**समाज जागरण**



संभल (असमोली), संवाद सूत्र। विकासखंड असमोली के उच्च प्राथमिक विद्यालय सीडल माफी में गुरुवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने की। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने दी जागरूकता स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने, एएनसी जांच और टीकाकरण की जानकारी दी गई। बताया गया कि सरकारी अस्पतालों में 1, 9, 16 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की नियमित जांचें होती हैं। कचरा प्रबंधन को लेकर निर्देश जिला पंचायती राज अधिकारी ने बताया कि गाँवों में एक रुपए प्रतिदिन सेवा शुल्क पर घरों से कचरा एकत्र किया जाएगा, जिसे आरआरसी सेंटर पर ले जाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण अपने घर के आगे सोख्ता बनाएं ताकि जलभराव और प्रदूषण से बचा जा सके। सहजन के पौधे लगाने पर जोर

डॉ. पैंसिया ने कहा कि सहजन पौधा पोषक तत्वों का भंडार है। उन्होंने प्रत्येक ग्रामीण परिवार से एक सहजन का पौधा लगाने की अपील की। साथ ही, निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 10 और हर सरकारी भवन में 5 सहजन पौधे अवश्य लगाए जाएं। शिकायत पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री हटाई गईं ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री कमलेश दीक्षित के मुरादाबाद में रहने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही, विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, सीडीपीओ रचना यादव, खंड विकास अधिकारी रिजवान हुसैन सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यालय को लेकर युवा उद्योग व्यापार के कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी। अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के कार्यकताओं ने नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बहजोई या चंदौसी की माँग को ले कर बड़ा बाजार सुपर मार्केट में प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि बहजोई और चंदौसी ऐसी जगह है जहाँ यातायात सुलभ और आसान है यहाँ से कोई भी व्यक्ति देश के किसी कोने में आसानी से आ जा सकता है जब जिला सम्भल बना था तब ये तय हुआ था कि जिले मुख्य स्थान पर जिला मुख्यालय स्थापित होता जिससे जिले के सभी नागरीकों को सहूलियत रहे । चंदौसी में रेलवे जंक्शन है यहाँ से पूरे जिले के नागरिक देश के किसी कोने में जा सकते है सबसे बड़ी बात जब से सम्भल जिला अस्तिव में आया है तब से अधिकांश सरकारी कार्यलय बहजोई में ही स्थायी रूप से स्थापित है अब मुख्यालय कही और स्थांतरण होता है तो सरकार को करोड़ों रुपये का नुकशान उठाना पड़ेगा अतः जिले के सभी नागरिकों की सहूलियत को देखते हुये जिलामुख्यालय बहजोई में ही रहने दिए जाए। और जो अस्थायी सरकारी कार्यलय सम्भल में कार्यरत है उन सभी सरकारी कार्यलयों को बहजोई स्थाई रूप से स्थापित कर दिये जाये। प्रर्दशन में प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसुरी, राजू चड्डा, शिशिर वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, मोहित सिंह, नितिन रस्तौगी, सचिन वार्ष्णेय, विशाल, अजित ठाकुर, मेहताब, उमेर शमशी आदि मौजूद रहे।



## समर कैंप के पांचवे दिन ढोलक, मेहंदी, डांस का दिया गया प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी। जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर और संकल्प ग्रुप दोनों ने संयुक्त रुप से चल रहे समर कैंप के पांचवा दिन ग्रुप डायरेक्टर शिखा शर्मा ग्रुपअध्यक्ष शोभा शर्मा और पूर्व अध्यक्ष शालिनी शर्मा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर जायट्स प्रार्थना के साथ समर कैंप का शुभारंभ किया समर कैंप में ढोलक मेहंदी ताइक्वांड ड्राइंग डांस और बच्चों को नूतन अग्रवाल ने क्राफ्ट के विषय में जानकारी दी और उन्होंने बताया कि हम जो सामान उसे नहीं होता है उनसे हम प्राप्त की सुंदर-सुंदर चीज बना सकते हैं जैसे बच्चों ने खाली बोतलों से पेन होल्डर न्यूजपेपर से सुंदर-सुंदर फ्लावर बनाए और सभी बच्चों ने समर कैंप को अच्छे से एंजॉय किया आज एकादशी के मौके पर ग्रुप के सदस्यों ने सुमन सैनी शालिनी शर्मा विमलेश सैनी बच्चों को भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर के प्रांगण में आने वाले सभी बच्चों को शिकंजी पिलाई सभी बच्चे ठंडी शिकंजी पीकर बच्चों के चेहरे खिल उठे ग्रुप की सदस्य नूतन अग्रवाल ने सभी बच्चों को बिस्किट वितरण किया इस मौके पर ग्रुप के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सीमा अग्रवाल, जोली, बीना, गुप्ता, बीना शर्मा, ममता शर्मा, शीनू शर्मा, शालिनी शर्मा ने पूर्ण रूप से सहयोग किया

## कछुओं की धरोहर को बचाए रखने का संकल्प लेकर लोगों को जागरूक किया गया ।

**समाज जागरण**

आज दिनांक 23.05.2025 को श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदया (उत्तरी) सुश्री अनुकृति शर्मा की अध्यक्षता में "विश्व कछुआ दिवस" के उपलक्ष पर थाना जुनावई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम काशीपुर (कछुए वाला गाँव) में कछुओं के संरक्षण के लिए वन विभाग, पुलिस विभाग, एनजीओ ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम कर कछुओं की धरोहर को बचाए रखने का संकल्प लेकर



लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम में "जल थल वायु फाउंडेशन" द्वारा 75,000/- रुपए ग्राम काशीपुर के कछुआ संरक्षण हेतु दिए गए । इस दौरान वन विभाग, पुलिस विभाग व एनजीओ के अधिकारी व कर्मचारी गण व गांव के लोग उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर' माताओं बहनों के सुहाग का गौरव : सोमपाल शर्मा

## 0 मुस्लिम समाज ने निकाली तिरंगा यात्रा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। भारतीय सेना के अद्भुत साहस और पराक्रम का अद्वितीय परिचय देने वाले ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और मां भारती के वीर जवानों के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा बहेडी विधानसभा में निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा में भारत माता की जय के नारों के साथ वंदे मातरम के नारे गूंजते रहे। हाथ में तिरंगा झंडा थाम कर लोगों ने राष्ट्र प्रेम की भावना को कई गुना बढ़ाने का काम किया।




जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि ह्यऑपरेशन सिंदूर' माताओं बहनों के सुहाग का गौरव, राष्ट्ररक्षा की प्रतिज्ञा और हमारी सेनाओं के शौर्य की अद्भुत मिसाल है। आज विधानसभा बहेड़ी में आयोजित ह्लतिरंगा यात्राह्व में सम्मिलित होकर भारतीय सेनाओं के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन किया। यह आयोजन न केवल जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करता है,



बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करता है।उन्होंने कहा कि यह यात्रा हमारी सेना के शौर्य को सम्मानित करने का अवसर है और यह भी दर्शाती है कि भारत का हर नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एकजुट है। यह भारत शौर्य तिरंगा यात्रा भारतीय वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मजबूत नेतृत्व में भारत आज आतंकवाद और उसको पालन पोषण करने वाले पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। इस अवसर जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, दुष्यंत गंगवार, डॉ निर्भय गुर्जर, अजय सक्सेना, अजय जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, भूपेंद्र कुर्मी, राहुल साहू, सुनील गंगवार, मुकेश राजपूत, ओमवीर सिंह, सुनील रस्तोगी, सुरेश रस्तोगी, हरीश कुमार, सतपाल शर्मा, निशीथ कुमार, स्वाति गंगवार, राहुल गुप्ता, योगेंद्र गंगवार, बृजेश गंगवार, रवि अरोरा, महेश शर्मा, विभिन्न कॉलेज के छात्र-छात्राएं शिक्षकगण, अधिवक्तागण, वेलफेयर सोसायटी आदि लोग उपस्थित रहे।



मुस्लिम समाज ने निकाली तिरंगा यात्रा,हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए

राष्ट्रीय मुस्लिम पसमांदा प्रदेश महासचिव शारिक अब्बासी के नेतृत्व मे भारत की पाकिस्तान पर विजय और देश के वीर सैनिकों के सम्मान मे निकाली गई। तिरंगा यात्रा जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के से ये यात्रा निकली।

शारिक अब्बासी ने कहा हमे गर्व हम हिन्दुस्तानी है और हमारी देश की सेना ने जो घर में घुसकर पाकिस्तान को सबक सिखाया वो हमारे लिए बहुत गर्व की बात है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह सेना को छूट दी वो काबिले तारीफ है हमारी सरकार और सेना ने इन आतंकियों को मिशन सिंदूर से बताया दिया अबकी तुमने कुछ भी हरकत की तो पूरे पाकिस्तान को कब्रिस्तान बना दिया जाएगा।

तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि रहे एससी एसटी के सदस्य उमेश कटारिया और पूर्वी मंडल के अध्यक्ष जयदीप चौधरी ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राज किशोर कश्यप मोहम्मद हसीब भूरा यासीन तारिक कुरैशी शाहरुख रेहान साबिर फैजान वासिफ मिर्जा अदनान शोएब राशिद फुरकान इमरान आशु नासिर अनीश रहीसुद्दीन अजीम आरिफ जहीर आदि लोग।

# पीडीए ही परिवर्तन लाएगा : शमीम खाँ सुल्तानी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। सपा 2027 के चुनावी लक्ष्य को भेदने को सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर पी.डी. ए पंचायतों के जरिये पिछड़े झ दलित और कमजोर वर्ग के बीच जाकर सपा की नीतियों का प्रचार झ प्रसार करने की मुहिम प्रदेश भर में पार्टी संगठन और नेताओं द्वारा निरंतर जारी है।



आज इसी कड़ी में शहर विधानसभा क्षेत्र के शास्त्री नगर जोन में अशरफ खाँ छावनी के अम्बेडकर पार्क के निकट होली चौक पर जोन प्रभारी एवं सपा पार्षद दल नेता गौरव सक्सेना द्वारा पी. डी. ए पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पी. डी. ए समाज के लोग जुटे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला तथा भाजपा को सत्ता वादी और संविधान विरोधी बताया।

इस कड़ी में उन्होंने कहा देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है ये लोग सबका साथ विकास का खोखला दावा करती है लेकिन सच तो यह है यह लोग देश में नफरतों की खेती कर देश की गंगा जमुनी तहजीब को धूमिल कर रहें हैं। विकास के सबाल पर यह लोग आपको हिंदू झ मुस्लिम में उलझा देतें हैं। इस सरकार के एजेंडे में बेरोजगारी झ महंगाई कम करने और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का कोई फामूर्ला नहीं है। इनके पास देश को बताने के लिए केवल झूठे बयानों का पिटारा है, फर्जी आंकड़े हैं। संविधान और लोकतान्त्रिक व्यवस्था को यह लोग नहीं मानते, विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए इन्होंने व्हाट्सप्प यूनिवर्सिटी बना रखी है जिसके जरिये यह लोग शोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गलत जानकारियां प्रसारित कराते हैं।

यह लोग देश के संविधान को बदलना चाहते हैं और आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं, इनके इस एजेंडे को जनता भली भाँती जान चुकी है और पी. डी. ए के रूप में एक जुट होकर 2027 में परिवर्तन लायेगी।

कार्यक्रम आयोजक जोन प्रभारी, पार्षद दल नेता गौरव सक्सेना ने कहा भाजपा सरकार में दलित झ पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग पर बहुत अत्याचार हो रहा है। हम लोग विकास में पिछड़ते जा रहें। उन्होंने कहा चूंकि मैं पार्षद हूँ तो मैं बात नगर निगम से जुड़े मुद्दों पर ही करूँगा, स्मार्ट सिटी के नाम विकास एक फर्जी मॉडल तैयार किया जा रहा जिसके तहत वार्डो की मूलभूत समस्यायों को दरकिनार कर पहले से विकसित वार्डो को सजाया संवारा जा रहा है और मलिन बस्तीयां विकास की राह तांक रही है इन बस्तियों को साफ पीने का पानी,मजबूत सड़को की आवश्यकता है और इसके लिए सपा पार्षद दल हर लड़ाई लड़ने को कमर कस चुका है अब जनता के हक के अगर सड़को पर उतरना पड़ेगा तो उससे भी पीछे नहीं हटेंगे।

इस अवसर पर आयोजक जोन प्रभारी गौरव सक्सेना नेता पार्षद दल के बुलावे पर महानगर उपाध्यक्ष एवं शहर विधानसभा प्रभारी शेर सिंह गंगवार, महानगर सचिव हरिओम प्रजापति, नाजिम कुरैशी, डॉक्टर चाँद, रेहान अंसारी तथा सेक्टर प्रभारी छात्र सभा महानगर अध्यक्ष विक्रांत सिंह पाल, वार्ड अध्यक्ष राजेश कुमार, मुकेश यादव, श्यामलाल बौद्ध, जितेन्द्र सागर, तेजराम बौद्ध, गुलाब सिंह, अर्जुन, अशोक कुमार, महेंद्र पाल, फईम खान, केदार लाल, आकाश सागर, सुरेश चंद्र गौतम, बबलू मोर्य, सुरेश शर्मा, रामसेवक, रामवती, कामिनी, गुड़िया, अनीता, महेश, राकेश कुमार, लक्ष्मी देवी, बाबूलाल, किशोर, सतीश जौहरी, कृष्ण कुमार, नीटू कश्यप, कपिल कुमार, राघव गुप्ता, अनिल रस्तोगी, रेशु आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में एसएसपी का फ्लैग मार्च, जवानों को पढ़ाया अनुशासन और फिटनेस का पाठ, फिर दे दिए ये निर्देश

## 0 शस्त्रागार में हथियारों की गिनती और हालत की जांच

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। शुक्रवार को बरेली रिजर्व पुलिस लाइन में एसएसपी अनुराग आर्य ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान जवानों की शारीरिक फिटनेस, ड्रेस टर्नआउट और अनुशासन का जायजा लिया गया। एसएसपी ने दौड़ लगवाकर ड्रिल कराई और परेड को ड्रोन कैमरे से मॉनिटर किया।

परेड में शामिल पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने मैदान में दौड़ लगवाकर उनकी फिटनेस का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रेसिंग व टर्नआउट पूरी तरह व्यवस्थित और अनुशासित होनी चाहिए।




### शस्त्रागार में हथियारों की गिनती और हालत की जांच

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने शस्त्रागार में पहुंचकर आगामी रिक्रूट्स की ट्रेनिंग को ध्यान में रखते हुए हथियारों की संख्या, उनकी कार्यशीलता और साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर हथियार इस्तेमाल के लिए तैयार और सुरक्षित अवस्था में रखा जाए। आदेश कक्ष में एसएसपी ने गार्ड रजिस्टरों को देखा और मौके पर तैनात जवानों को कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने की नसीहत दी।

### हर पुलिस वाहन में फर्स्ट एड किट हो अनिवार्य

एसएसपी ने पुलिस वाहनों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पीआरबी और अन्य गाड़ियों में फर्स्ट एड किट और दंगा नियंत्रण किट अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। वाहन नियमित रूप से चलने चाहिए और इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। निरीक्षण के समय सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मेस और बैरकों में साफ-सफाई का निर्देश

निरीक्षण के दौरान पुलिस मेस में खाने की गुणवत्ता और स्वच्छता की भी जांच हुई। एसएसपी ने संबंधित कर्मचारियों को साफ-सुथरा भोजन देने और रसोईघर की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। बैरकों की साफ-सफाई और रजिस्टरों की जांच कर उन्हें अपडेट रखने को कहा गया। वहीं एसएसपी ने परेड ग्राउंड में चल रहे लेवलिंग और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने तय समयसीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए और निर्माण की गुणवत्ता पर भी संतोष जताया।

# एक स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना उसकी स्वस्थ, समृद्ध व चिंता मुक्त प्रजा से ही की जा सकती है: राजेंद्र गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। ग्रीष्मकल में जब सूर्यदेव अपनी पूरी तपिश दिखाते हैं ऐसे में ग्राहकों का बाजारों में निकलना बहुत कम हो जाता है ।व्यापारी दिनभर अपनी दुकान के खर्चे व कर्मचारियों के वेतन की चिंता में समय व्यतीत करता है ।यह अनुभूति जब उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता को हुई तो उन्होंने अपने व्यापारियों को स्फूर्ति देने के लिए एक शाम परिवार के साथ फन सिटी स्थित बूंद वाटर पार्क में मनाने का निर्णय लिया । यह परंपरा विगत 6 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना उसकी स्वस्थ, समृद्ध व चिंता मुक्त प्रजा से ही की जा सकती है। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे व्यापारियों और उनके परिजनों में जो स्फूर्ति और चेतना जागृत होती है वह व्यापारियों के कारोबार वृद्धि में भी सहायक होती है ।उन्होंने बताया कि आज के इस कार्यक्रम को आयोजित करने में मुख्य भूमिका प्रवीण गोयल ,जयदीप अग्रवाल ,राजीव अग्रवाल, पीयूष खंडेलवाल ,ईशान गुप्ता ,वीरेंद्र सढ़ाना रही है।



कार्यक्रम को और मनोरंजक बनाने के लिए गिरधारी देवनानी ,समित अग्रवाल मनमोहन सब्बरवाल ने अनेकों प्रकार के खेलों का भी आयोजन कराया। कार्यक्रम में गुरशरण वीर जी ,प्रदीप राजानी ,राकेश अग्रवाल,शिरीष गुप्ता, अवधेश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अनुज पांडे ,लकी मोगा, मुकेश अग्रवाल मथुरा ,दुर्गेश खटवानी आदि थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस 2025 : प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पर्यावरण जागरूकता हेतु प्रभातफेरी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। इज्जतनगर मंडल पर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 मई से 05 जून 2025 तक विश्व पर्यावरण विशेष पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्रभातफेरी, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, निबन्ध प्रतियोगिताएं एवं जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




प्रथम दिन 22 मई 2025 को काठगोदाम, बरेली सिटी, काशीपुर, फरुर्खाबाद सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पर्यावरण जागरूकता हेतु प्रभातफेरी का आयोजन कर यात्रियों एवं आम जनता को स्वच्छता, हरियाली एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प भी लिया।

आज हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर प्रभातफेरी का आयोजन कर यात्रियों एवं आम जनता को स्वच्छता, हरियाली, एवं प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारें में जागरुक किया। स्टेशन के प्लेटफॉर्मों एवं ट्रैकों पर साफ-सफाई भी किया गया। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और हरित परिवेश के प्रति आम जनता को जागरूक करना भी है। यात्रियों को प्लास्टिक के थैलों के स्थान पर कपड़े के थैलों के प्रयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है तथा रेलवे स्टेशनों के परिसरों में रखे गए तीन रंगों के कूड़ेदानों के उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि कचरे का सही ढंग से पृथक्करण किया जा सके। डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक संदेश को पहुंचाया जा सके। मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सार्वजनिक कार्यशालाएं, चैपाल, पम्पलेट वितरण तथा सामूहिक संकल्प कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। पर्यावरण स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता का यह कार्यक्रम 5 जून तक लगातार चलता रहेगा।

इस अवसर पर मैकेनिकल/यांत्रिक विभाग, परिचालन विभाग, वाणिज्य विभाग, विद्युत विभाग तथा इंजीनियरिंग विभाग एवं संबंधित सभी विभाग के स्टॉफ, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल के जवान, स्टेशन पर कॉन्ट्रैक्ट सुपरवाइजरों एवं स्टॉफ तथा स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, जो इस मंडल की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# सेना की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश, लोहे का गेट तोड़ रहा था युवक, रंगे हाथ दबोचा, एफआईआर दर्ज

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। जाट रेजीमेंट सेंटर बरेली में तैनात एक सतर्क हवलदार ने सेना परिसर से चोरी की वारदात को समय रहते नाकाम कर दिया। आरोपी व्यक्ति आर्मी कैंट क्षेत्र से लोहे का गेट चुराकर ले जा रहा था, जिसे हवलदार ने मौके पर धर दबोचा। घटना की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दी गई और आरोपी को कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम गौतम पुत्र गोपाल सिंह बताया है। आरोपी कैंट के ग्राम ठिरिया निजावत खां, वार्ड संख्या 1 का निवासी है। वर्तमान में वह सदर कैंट के मोहल्ला यादव में राजा राम के मकान में किराये पर रह रहा था।



### सैनिक की सतर्कता ने रोकी बड़ी चोरी

आगरा के अछनेरा निवासी हवलदार राम लखन पुत्र शिवराम सिंह वर्तमान में जाट रेजीमेंट सेंटर, बरेली में सेवारत हैं। वे रोज की तरह ड्यूटी पर थे, जब उन्होंने परिसर में एक संदिग्ध व्यक्ति को भारी लोहे का गेट खींचते हुए देखा। बिना समय गंवाए हवलदार ने उसे रोका, पूछताछ की और फिर गिरफ्त में लेकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी।

### सेना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

घटना के बाद सेना परिसर की निगरानी और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। अधिकारियों ने माना कि यदि हवलदार की तत्परता नहीं होती तो यह व्यक्ति परिसर से महंगी संपत्ति चुराने में सफल हो सकता था। सेना ने पूरे परिसर की सुरक्षा प्रणाली की समीक्षा शुरू कर दी है।

# बंद पड़े एनबी टॉकीज में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। फरीदपुर के बंद पड़े एनबी टॉकीज की छत पर बने कमरे में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाडी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

एनबी टॉकीज के मालिक भरत गुप्ता ने बताया कि आग से लगभग 1 लाख रुपये से ऊपर का नुकसान हो गया है। उन्होंने बताया कि कमरे में टेंट का जाड़े में उपयोग होने वाला सामान रखा हुआ था, जो आग की चपेट में आ गया। घटना दोपहर लगभग 1 बजे की है।



### समय रहते आग पर काबू

फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे आगे के नुकसान को रोका जा सका। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### समृद्धि बारात घर की सुरक्षा पर सवाल

एनबी टॉकीज के वर्तमान नाम समृद्धि बारात घर होने के कारण भी सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। आग लगने की घटना से नगर में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# जंगली कुत्ता ने किया हमला 4 बच्चे घायल और एक बकरी को खा गया कुत्ता

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव टाह प्यारी में जंगली कुत्ता ने हमला कर दिया जिसमें चार बच्चे घायल हो गए और एक बकरी को भी शिकार बना लिया घायलों में एक घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया कुछ बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।



परिजनों ने बताया 5 वर्षीय मोहम्मद अब्दुल हननान गांव में घर के पास खेल रहा था उसी दौरान जंगली कुत्ता ने उसके सिर पर हमला कर दिया मोहम्मद अब्दुल गंभीर रूप से घायल हो गए उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया बहा से डॉक्टर ने बरेली जिला अस्पताल को रेफर कर दिया मोहम्मद अब्दुल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा हैं । उन्होंने यह भी बताया गांव में चार बच्चों को कुत्ता ने काटा है गांव के ही अमजद का बच्चा भी घायल है मुन्ने शाह की बकरी को जंगली कुत्ता खा गया गांव में बाकी घायल बच्चों के नाम नहीं मालूम है। जंगली कुत्ता बच्चों को काटने के बाद जंगल में भाग गया। गांव में दहशत का माहौल है।

# कंपोजिट उच्चतर विद्यालय बिहारीपुर समर कैंप में बच्चों ने कला बनाकर प्रतिभा दिखाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। कंपोजिट उच्चतर विद्यालय, बिहारी पुर में प्रधानाचार्य नुसरत खानम के नेतृत्व में छात्र - छात्राएं समर कैंप का पूरा आनंद ले रहे हैं। समर कैंप में बच्चे कला बना रहे हैं, नृत्य का आनंद ले रहे हैं, पेड़ - पौधों की छंटाई कर रहे हैं और साथ - साथ बैठकर नये - नये पकवान खा रहे हैं।

आज डायट के पूर्व प्रवक्ता इंद्रदेव त्रिवेदी अपने साथी ज्ञानेंद्र पचौरी के विद्यालय आए और बच्चों की रचनात्मक गतिविधियों को देखा कि कैसे कबाड़ से जुगाड़ कर बिना कोई धनराशि खर्च कर अपनी प्रतिभा को उजागर कर रहे हैं। प्रधानाचार्य नुसरत खानम ने समर कैंप की जानकारी देते हुए बताया कि इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा का सदुपयोग हो रहा है। इंद्रदेव त्रिवेदी ने भी कला से होने वाले लाभ की जानकारी दी।




समर कैंप में शिवांशी पचौरी, आलिया, नैना, टीना, शौर्य पचौरी, हिस्सा, वंश कक्कड़, हिरा, अनंता, भावना, हिब्बा, अभिषेक, धुर्व, श्रद्धा और कृष्णा उत्साह से प्रतिभाग कर रहे हैं।

# रोटरी क्लब बरेली नॉर्थ व इनर व्हील क्लब बरेली न्यू नॉर्थ ने गर्मी मे जरूरत मंदो के बीच शरबत बांटा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
बरेली। आज रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ व इनर व्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नॉर्थ के सदस्यों ने गर्मी मे जरूरत मंदो के बीच शरबत वितरण करके एक सराहनीय कार्य किया। रोटरी और इनर व्हील के सदस्यों ने सूद धर्मकाँटा के पास डिजाइन व्यूज कॉम्प्लेक्स के नीचे शरबत बाँटकर लोगो को राहत प्रदान की। यह पहल रोटरी क्लब बरेली नॉर्थ और इनर व्हील क्लब न्यू नॉर्थ के सेवा कार्यो की एक और मिसाल है क्लब के सदस्यों ने इस गर्मी में जरूरतमंद लोगो की मदद करने का एक साथ मिलकर काम किया है। रोटरी क्लब पूर्व गवर्नर पी पी सिंह ने कहा कि हम हमेशा जरूरत मंद लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहते है। यह शरबत वितरण कार्यक्रम हमारी सेवा भावना का एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के अध्यक्ष गुलशन अरोड़ा, सचिव जे आर गुप्ता, सुरेश भाटिया, हरीबाबू खंडेलवाल, हर्ष सक्सेना, रोटरी क्लब नॉर्थ के पूर्व अध्यक्ष राजेश सेठ, मोहित सिंह, इनर व्हील क्लब बरेली न्यू नॉर्थ की प्रेसिडेंट मालती सिंह,श्यामा अरोरा, दिप्रिया वर्मा, मंजुला खंडेलवाल आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने शरबत बनाने और वितरित करने मे मदद की। यह पहल रोटरी क्लब ०इनर व्हील क्लब की निरंतर सेवा की भावना को दशार्ती हैं।



# पटना पुलिस तथा अप्रशियो के बीच हुई गोलीबारी में एक अपराधी घायल, छह गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में शुक्रवार को अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर की यह घटना राजधानी पटना के विक्रम थाना क्षेत्र की है। जहां बाइक पर सवार कुछ अपराधी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस और बिहार एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन अपराधियों को घेर लिया। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छह अपराधियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना पुलिस को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली थी कि शहर में कुछ कुख्यात अपराधी किसी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। इसके बाद एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। जब पुलिस ने संदिग्ध अपराधियों को बाइक से भागते देखा तो पीछा कर उन्हें रोकने की कोशिश की। खुद को घिरा हुआ देख अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इसी दौरान एक अपराधी को गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा, जिसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान विशाल कुमार, जितेंद्र कुमार, अंकित, सोनू शंभू उर्फ रेयांश और ऋतिक उर्फ सुजीत के रूप में की गई है। ये सभी अपराध की दुनिया में पहले से ही सक्रिय रहे हैं और इन पर पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस को इन अपराधियों के पास से तीन देसी पिस्टल, चार मैगजीन, 24 जिंदा कारतूस और दो बाइक बरामद हुई हैं, जिनका इस्तेमाल ये आपराधिक गतिविधियों में करते थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह मुठभेड़ पटना के एक प्रमुख इलाके में हुई और इस दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरा ऑपरेशन बहुत ही रणनीतिक ढंग से चलाया गया। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति बढ़ा दी गई है और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान जारी है। एसएसपी पटना ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि गिरफ्तार अपराधी लंबे समय से पुलिस की रडार पर थे और इनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनकी गिरफ्तारी से राजधानी में अपराध पर नियंत्रण पाने में काफी मदद मिलेगी।फिलहाल पुलिस घायल अपराधी का इलाज करवा रही है और सभी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि इस पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं, जिससे अन्य आपराधिक नेटवर्क का भी खुलासा हो सकता है।

# आयुष्मान कार्ड को लेकर चलेगी 26 मई से 28 मई तक विशेष अभियान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार सरकार ने राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 मई से 28 मई तक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बड़े स्तर पर कैंप लगाए जाएंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि इस विशेष अभियान में कुल 60 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। इस विशेष अभियान के तहत बिहार के हर पंचायत सरकार भवन, वार्ड कार्यालय और वसुधा केंद्रों में तीन दिनों तक कैंप का आयोजन किया जाएगा। इन कैंपों में लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, जिससे वे इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकें। सरकार ने इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी जिलों के अधिकारियों को सक्रिय रूप से जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। राज्य सरकार ने इस विशेष अभियान में 62 हजार आशा कार्यकताओं और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को लगाया है। ये कर्मी गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और उन्हें कैंपों तक लाएंगे। साथ ही, तकनीकी रूप से कार्ड बनाने की प्रक्रिया को भी सुनिश्चित करेंगे। राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारियों से जुड़कर इस अभियान की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए। आयुष्मान कार्ड भारत सरकार की आयुष्मान भारतझ्रप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जारी किया जाता है। यह योजना देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सालाना पांच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मुहैया कराती है। इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी सूचीबद्ध अस्पतालों में जाकर मुफ्त इलाज करा सकते हैं। अस्पताल में बने आयुष्मान मित्र हेल्प डेस्क पर कार्ड दिखाकर वेरिफिकेशन के बाद योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस विशेष अभियान के दौरान राज्य सरकार ने 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों के लिए भी एक विशेष व्यवस्था की है। उनके लिए ह्यआयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए जाएंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि तीन दिनों में करीब 4 लाख बुजुर्गों को यह विशेष कार्ड जारी किया जाए, ताकि उन्हें बिना किसी परेशानी के मुफ्त चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# नबीनगर में पं धीरेन्द्र शास्त्री की हनुमत कथा को लेकर किया स्थल निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर में पंडित धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर महराज जी का हनुमत कथा आयोजन को लेकर उनके शिष्य सुदर्शनाचार्य जी महराज के साथ एक बैठक आयोजित किया गया।पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के शिष्य सुदर्शनाचार्य जी महाराज नबीनगर में



आकर बागेश्वर महाराज की कथा को लेकर स्थल का निरीक्षण किया।धीरेन्द्र शास्त्री के कथा करवाने के आयोजक ने बताया कि स्थल का चयन लगभग तय हो चुका है । सुदर्शनाचार्य महराज जी ने बताया कि बागेश्वर महराज की हनुमंत कथा पांच दिवसीय होने की संभावना है जिसमें दिव्य दरबार भी लगाया जायेगा।उन्होंने बताया कि कथा की संभावित तिथि 18 फरवरी से 20 मार्च 2026 के बीच होने की संभावना है।बीच में पुनः आकर सभी लोगो को सूचना दिया जायेगा एवं एक वृहद बैठक किया जायेगा।वहीं अगली बैठक में कथा का तिथि और स्थान का घोषणा किया जाएगा। मौके पर मुकेश कुमार सिंह,विजय सिंह,अजय कुमार चौबे,धनंजय कुमार सिंह,तिरपुरारी सिंह ,सुरेंद्र सिंह,सुरेश सोनी,धीरेंद्र कुमार सिंह,प्रदीप कुमार,पवन सोनी,नितिन कुमार,नवीन सोनी,संजीत कुमार मौजूद थे।

# नबीनगर एनटीपीसी मुख्य गेट के सामने प्रशासन के सहयोग से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर के एनटीपीसी बीआरबीसीएल परियोजना के मुख्य गेट के सामने अवैध रूप से बने दुकानो को ९ प्रशासन के सहयोग से हटा दिया गया है।गौरतलब है कि एनटीपीसी परियोजना के मुख्य गेट के



सामने दर्जनों दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा कर दुकान चलाया जा रहा था जिन्हें हटाने के लिए कई बार दुकानदारों को नोटिस किया गया था बावजूद दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा खाली नहीं किया जा रहा था जिसे शुक्रवार को नबीनगर के अंचलाधिकारी निकहत परवीन और एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए दुकानदारों को पूर्व में नोटिस दिया गया था अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया अतः बाध्य होकर प्रशासन को अतिक्रमण मुक्त करना पड़ा। मौके पर एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल, ए एस आई ब्रजेश कुमार यादव सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# डॉ कौशल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष को पौधा भेंट कर किया सम्मान

**समाज जागरण दीपक सरकार**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष के नेता श्री बाबूलाल मरांडी जी के रांची आवास पर पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने



मुलाकात कर उन्हें पलामू आने का आमंत्रण दिया। डॉ कौशल ने इस मुलाकात में पलामू के वर्तमान राजनीतिक सामाजिक और पर्यावरणीय हालातो पर भी चर्चा की। वहीं मुलाकात को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को डॉ कौशल ने दालचीनी का पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया।

# लोक सभा अध्यक्ष रांची में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे

लोक सभा अध्यक्ष रविवार से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला रविवार, 25 मई 2025 से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वह रविवार को जमशेदपुर, झारखंड में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एससीसीआई) के प्लेटिनम जुबली समारोह में प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। झारखंड दौरे के दौरान श्री बिरला रांची के बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वह रांची में डंगराटोली स्थित स्वर्ण भूमि में विभिन्न सोसाईटियों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगे।

# खड़े ट्रक में बस ने मारी टक्कर, छह घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र स्थित नारायणा चौक के पास शुक्रवार को एक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस खड़े हाइवा ट्रक में पीछे से जा टकराई। इस हादसे में बस के ड्राइवर की स्थिति गंभीर बनी हुई है, वहीं बस में सवार छह अन्य यात्री घायल हो गए हैं। सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस नालंदा जिले के हरनौत से पटना की ओर आ रही थी। जैसे ही वह नारायणा चौक के पास पहुंची, चालक को सामने खड़े हाइवा ट्रक का अंदाजा नहीं हुआ और तेज रफ्तार में बस जाकर सीधे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर स्टेयरिंग में फंस गया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत पुलिस और बचाव दल को सूचना दी। मौके पर पहुंची फतुहा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। ड्राइवर करीब 25 मिनट तक बस के अंदर फंसा रहा और दर्द से कराहता रहा। आखिरकार गैस कटर की मदद से बस का अगला हिस्सा काटा गया और ड्राइवर को बाहर निकाला गया। ड्राइवर की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और वह फिलहाल पीएमसीएच में वेंटिलेटर पर है। वहीं, हादसे में घायल अन्य छह यात्रियों को भी पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इन यात्रियों को हल्की से मध्यम चोटें आई हैं और डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। हादसे के समय ट्रक सड़क किनारे खड़ा था लेकिन उसके पीछे कोई संकेतक या चेतावनी चिन्ह नहीं लगाया गया था, जिससे आगे से आने वाले वाहनों को ट्रक की उपस्थिति का अंदाजा नहीं हो सका। फतुहा थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस की गति तेज थी और चालक को ट्रक की स्थिति का अंदाजा नहीं लग सका, जिससे यह हादसा हुआ। ट्रक मालिक की पहचान की जा रही है और लापरवाही बरतने के मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के दानापुर थाना क्षेत्र स्थित चित्रकूट नगर में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब सड़क किनारे एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। मृतक की पहचान चित्रकूट नगर रोड नंबर-4 निवासी अमन कुमार (22) के रूप में की गई है, जो स्थानीय निवासी अनिल राय का पुत्र था। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि शव की जांच में शरीर पर किसी प्रकार के चोट या संघर्ष के निशान नहीं पाए गए हैं। मृतक की पैंट की जेब से नशीली पदार्थ भी बरामद हुई है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत नशे के ओवरडोज से हुई होगी। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की मां मौके पर पहुंचीं और बेटे का शव देखकर फूट-फूटकर रो पड़ीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अमन कुमार लंबे समय से नशे की लत का शिकार था और इसी कारण उसका परिवार काफी परेशान रहता था। मोहल्ले के कई लोगों ने बताया कि मृतक का गलत संगति में उठना-बैठना था और वह अक्सर देर रात तक बाहर घूमता रहता था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में अमन के पिता अनिल राय की हत्या अज्ञात अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि वह हत्या भी अमन की नशे की लत और उससे जुड़े आपसी विवादों के चलते हुई थी। ऐसे में अमन की मौत को लेकर इलाके में फिर से तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। दानापुर के एएसपी भानु प्रताप सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला नशे के ओवरडोज से हुई मौत का प्रतीत होता है, लेकिन हम हर पहलू की जांच कर रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# सजगता : चप्पे - चप्पे पर नजर रखती है एसएसबी, बस्ती में छुपे बांग्लादेशी युवक को लिया हिरासत में

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



खोरीबारी (सिलीगुड़ी) । एस एस बी 41वीं बटालियन अंतर्गत पानीटंकी की विशेष गश्ती टीम द्वारा एक बांग्लादेशी नागरिक को हिरासत में लिया गया है । बताया गया कि उक्त व्यक्ति को गुप्त सूचना के आधार पर इंडो - नेपाल सीमा के पिलर संख्या 89/4 से करीब 300 मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र के खोरीबारी थाना अंतर्गत गौरसिंहबस्ती से हिरासत में लिया गया । हिरासत में लिये गये बांग्लादेशी व्यक्ति का नाम 28 वर्षीय रंजीत बर्मन बताया गया है । वहीं उसके पास से एक मोबाइल फोन, भारतीय आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र की फोटोकॉपी, बांग्लादेश की जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व राष्ट्रीय पहचान पत्र की फोटोकॉपी जब्त की गई है । एसएसबी से मिली जानकारी के अनुसार, उसने खुलासा किया कि वह एक साल से खोरीबारी थाना अंतर्गत गौरसिंगजोत में रह रहा था । वह 2021 में बांग्लादेश से चंगराबंद बॉर्डर चेक पोस्ट के जरिए पासपोर्ट के साथ भारत के कूच बिहार आया था, फिर दो महीने बाद वह वापस बांग्लादेश चला गया। वह छह महीने तक बांग्लादेश में रहा और फिर चंगराबांधा सीमा में एक अवैध रास्ते के माध्यम से फिर से भारत वापस आया। उसके बाद वह फलकाटा गया और कुछ दिनों तक वहीं रहा। बाद में वह फिर से कूच बिहार गया और एक एजेंट से अपना फर्जी आधार बनवाया, उसी एजेंट से उसने दिसंबर 2024 में अपना फर्जी वोटर आईडी बनवाया। तब से वह गौरसिंह बस्ती चला गया और अपने चचेरे भाई मनोरंजन बर्मन के साथ वहीं रह रहा था, जिसका परिवार 30 साल पहले भारत आया था। एस एस बी द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद अग्रिम कारवाही हेतु खोरीबारी थाना पुलिस को सौंप दिया गया है ।

# छत्तरपुर प्रीमियर लीग सीजन 15 नाईट क्रिकेट मैच का शुभारम्भ

आयोजकःछत्तरपुर क्रिकेट क्लब अध्यक्ष शोलडी सिंह,सचिव रितेश चंद्रा,संरक्षक सिंटू सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल,मोनू

**समाज जागरण दीपक सरकार**



पलामूःछत्तरपुर प्रीमियर लीग सीजन 15नाईट क्रिकेट टूनामेंट का भव्य शुभारम्भ हाई स्कुल के मैदान मे की गई,मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि लालबिहारी यादव,विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ अवध यादव, पूर्व सांसद मनोज भुईया माहिला थाना प्रभारी मुनि कुमारी,समाजसेवी सुमन गुप्ता, प्रमोद यादव के द्वारा किया गया। मैच प्रारभ से पहले मैदान मे सभी खिलाडीओ से अतिथिओ के द्वारा परिचय प्राप्त की इसके बाद राष्ट्र गान जन गन मन से शुरूआत उद्घाटन मैच द वारियर बनाम अलीपुर के बिच खेला गया जिसमे द वारियर ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया, अलीपुर के सलामी वाल्यबाज ने 10ओवर मे 113रन 4विकेट खोकर बनाया और जवाबी पारी खेलने उत्तरी द वारियर के टीम ने 5विकेट खोकर 9ओवर 4बॉल मे 114रन का लक्ष्य हासिल किया। वही दूसरी मैच मनहु बनाम बगैया के बिच खेला गया जिसमे मनहु ने कुल 103 रन ही बना पाई और बगैया के टीम ने 9ओवर 2बॉल मे 104बनाकर क्वाटर फइनल मे अपनी जगह बनाई। CPL सीजन 15के अध्यक्ष सोल्डी सिंह,सचिव रितेश चंद्रा,उपाध्याय रजनीश, उपसचिव राहुल वर्मा,संरक्षक सिंटू सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल राय,मोनू सिंह,व्यवस्थापक अंच चंद्रा,संरक्षक योगी बघेल,अमित सिंह,रुपेश, नागेश ,नागेंद्र, संतोष,सोनू सिंह,आशुतोष कुमार एवं सदस्य नानकू उरांव, विक्की, हर्ष, वीकू विशाल टिंकू की मुख्य भूमिका रही हाई स्कुल के मैदान मे नाईट मैच का लुफ्त हजारों के संख्या मे क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे

# बदायूं में लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपए की घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बदायूं। एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। शिकायतकर्ता ने बताया की हैसियत प्रमाण पत्र के नाम पर लेखपाल ने पांच हजार रुपए मांगे थे। बदायूं सदर के लेखपाल के पकड़े जाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब बिल्सी से एक और रिश्वतखोर लेखपाल पांच हजार की रिश्वत लेते एंटी करप्शन की टीम द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया है। लेखपाल चंद्रप्रकाश हैसियत प्रमाण पत्र बनाने के लिए रिश्वत मांग रहा था। बिल्सी क्षेत्र के गांव बड़रौनी निवासी हरवेंद्र को हैसियत प्रमाण पत्र बनवाना था, जिसके लिए उसने लेखपाल चंद्रप्रकाश से संपर्क साधा। लेखपाल ने इसके लिए हरवेंद्र से पांच हजार रुपये की मांग की। इसके बाद हरवेंद्र ने एंटी करप्शन की टीम से संपर्क साधा तो टीम ने लेखपाल को ट्रैप करने के लिए जाल बिछा दिया। शुक्रवार को तहसील बिल्सी के सामने संजीव सिंह के किराये के कमरे में रुपये लेना तय हुआ। इधर, टीम पहले ही लेखपाल को पकड़ने के लिए जाल बिछा चुकी थी। कमरे में जैसे ही लेखपाल ने हरवेंद्र से पांच हजार रुपये लिए, टीम प्रभारी काशीनाथ उपाध्याय ने मय टीम के उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। टीम उसे कुंवरगांव थाने ले गई, जहां अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आरोपी लेखपाल चंद्र प्रकाश संभल जिले के थाना जुनावई इलाके के कादराबाद गांव का रहने वाला है। आरोपी को कल बरेली कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# संभल में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

खनन निरीक्षक ने पकड़ी एक जेसीबी व तीन डंपर, लाखों का जुमार्ना

**समाज जागरण**



संभल। असमोली थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन पर खनन निरीक्षक ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी और तीन डंपर जब्त किए। यह कार्रवाई रात करीब दो बजे की गई, जब अधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र में अवैध रूप से खनन गतिविधियां चल रही हैं। खनन निरीक्षक ने पुलिस के सहयोग से तत्काल मौके पर पहुंचकर वाहनों को पकड़ा और उन्हें असमोली थाने में खड़ा कराते हुए सीज कर दिया। इसके साथ ही इन वाहनों पर भारी-भरकम जुमार्ना भी लगाया गया है, जिसकी अनुमानित राशि लाखों में बताई जा रही है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है और प्रशासन की सक्रियता की सराहना की है। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# गंगा मैया में तिरंगे के साथ खूब लगे भारत माता के जयकारे

बदायूं में डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बदायूं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद तिरंगा यात्रा का आयोजन कछला गंगा मैया के मध्य में किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने नाव पर सवार होकर गंगा मैया की गोद में तिरंगा लहराया। यात्रा के दौरान वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम से गूंजता रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष और बिल्सी विधायक ने गंगा मैया से भारतीय सेना के वीर जवानों को असीम शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इधर बदायूं में डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा जिला सहकारी बैंक से शुभारंभ हुआ और कश्मीरी चौक, गांधी ग्रांउड, छह सड़का, मैंन मार्केट, घंटाघर होते हुए पुनः जिला सहकारी बैंक पर समापन हुआ।जिसमें सैकड़ो लोगों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया, भारत माता की जय के नारों के साथ सेना के शौर्य का सम्मान किया। तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के प्रति प्रेम साफ दिखाई दिया। डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना ने कहा आपरेशन सिंदूर हमारे जांबाज सैनिकों की बहादुरी और रणनीतिक दक्षता का प्रतीक है। पूरी दुनिया देख लिया कि अगर आतंकवादी हमारी तरफ आंख उठा।कर देखेंगे तो ऑपरेशन सिंदूर रुकने वाला नहीं है। सेना पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। इस मौके पर डीसीडीएफ चेयरमैन रविंद्र पाल सिंह, हितेंद्र शंखधार, प्रशांत सिंह, प्रवेश पटेल, अनुराग पटेल, हरिबाबू भारती, सत्यव्रत जौहरी, सतेंद्र बहादुर, सौरभ दीप सिंह, हेमेंद्र पटेल, सुमित सक्सेना, ब्रजेश सिंह, रूपेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सेना के शौर्य में भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाला

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजगढ़ मीरजापुर/भारत के सम्मान में सेना है मैदान में भारत ने दिखाया जलवा पाकिस्तान में हुआ मलवा आदि नारों के साथ मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को राजगढ़ क्षेत्र के भावा बाजार और सक्तेशगढ़ के जौगढ़ में तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना के सम्मान और शौर्य पराक्रम का बखान किया गया। भावा बाजार के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक यात्रा निकाली गई जिसमें भाजपा के कार्यकताओं के अलावा कई गांव के प्रधान बाजार के नागरिक और प्रबुद्ध शामिल हुए। यात्रा के अंत में जुलूस एक सभा में बदल गया और लोगों को संबोधित करते हुए विधायक एवं पूर्व मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश सभी दिशाओं में मजबूत हुआ है और उसी का परिणाम है की पहलगाम हमले के बाद हमारी सेना ने हमारी मां बहनों के सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर मारा यही हमारी सेवा और सरकार की उपलब्धि है। इसी सेना के मनोबल को बढाए रखने के लिए हम तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजगढ़ डॉक्टर सुनीता सिंह मंडल अध्यक्ष सक्तेशगढ़ चंद्रमणि सिंह राजेंद्र सिंह ग्राम प्रधान इंस पटेल सूरज सोनकर अजय सोनी पूर्व प्रधान रमाशंकर जायसवाल आनंद प्रकाश सिंह दिनेश वर्मा कौशलपति धर्मेंद्र चौहान अलगू चौहान हीरामणि यादव दिनेश सोनकर धर्मेंद्र पटेल आदि लोग शामिल रहे।

# पदमा साई सेंटर में समर कैम्प में बच्चों ने की मस्ती

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा ,दैनिक समाज जागरण**

पदमा-डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल, पदमा हजारीबाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) में आज दूसरा दिन भी उमंग, उत्साह और रचनात्मकता से भरपूर रहा। पदमा साईं सेंटर के प्रांगण में चल रहे इस विशेष कैंप में शुक्रवार को लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। इस दिन की शुरूआत ऊजार्वान व्यायाम सत्र से हुई, जिस्के बाद बच्चों को विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों जैसे रस्सी कूद, दौड़ प्रतियोगिता, बॉल गेम्स, पजल, टीम-बिल्डिंग एक्टिविटी, चेस और लुका-छिपी आदि से अवगत कराया गया। खेलों के माध्यम से बच्चों को टीमवर्क, नेतृत्व, सहनशीलता और





स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जैसे गुणों को आत्मसात करने का अवसर मिला। विद्यालय के संचालक अमरदीप ओझा ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। हमारा प्रयास है कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चे कुछ नया सीखें, खेलें, हँसें और अपनी प्रतिभा को पहचानें। शिविर के अगले कुछ दिनों में बच्चों के लिए कला एवं शिल्प, योग, आत्मरक्षा, नाटक, नृत्य, इंग्लिश स्पीकिंग वर्कशॉप और प्रेरणादायक फिल्मों की स्क्रीनिंग जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएँगी।इस प्रयास की सराहना स्थानीय अभिभावकों और समाज के शिक्षाविदों द्वारा की जा रही है, और यह शिविर निश्चित रूप से बच्चों के लिए यादगार अनुभव बनता जा रहा ।

# कांग्रेस नेता विनोद कुशवाहा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्र की जनसमस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

एयरपोर्ट निर्माण, टेक्निकल महिला विश्वविद्यालय निर्माण, रिंग रोड परियोजना, कोनार डैम से जलापूर्ति संबंधी रखी कई मांग

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग उतरी छोटानागपुर प्रमंडल की प्रमुख जनसमस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। विनोद कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि



हजारीबाग में एयरपोर्ट का निर्माण लंबे समय से लंबित है। उन्होंने आग्रह किया कि यह कार्य ग्रामीणों की सहमति से अविलंब शुरू किया जाए ताकि क्षेत्रीय विकास को गति मिल सके। साथ ही उन्होंने हजारीबाग में एक टेक्निकल महिला विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की, जिससे महिलाओं को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अवसर मिल सकें। विनोद कुशवाहा ने हजारीबाग नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स में की गई अत्यधिक वृद्धि को लेकर भी चिंता जताई और इसमें कमी करने की मांग की। उन्होंने हजारीबाग में अधूरी पड़ी रिंग रोड परियोजना को जल्द पूरा कराने की आवश्यकता बताई, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। किसानों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने मांग की कि हजारीबाग में किसानों के लिए मुफ्त कोल्ड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और एक समर्पित मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने में सुविधा हो। प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत विनोद कुशवाहा ने सुझाव दिया कि कटकमसांडी प्रखंड को विभाजित कर नवसारी जीत प्रखंड और चडवा को अलग प्रखंड बनाया जाए। इसके अलावा, गर्मी को देखते हुए हजारीबाग शहर में जलसंकट के समाधान हेतु कोनार डैम से जलापूर्ति की योजना को शीघ्र पूरा करने की भी मांग की गई। बताया कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विनोद कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत सभी मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन विषयों पर विस्तृत कार्य योजना बनाकर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त विनोद कुशवाहा ने मांग की कि हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में रिम्स की तर्ज पर मरीजों को सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। उन्होंने सदर प्रखंड में रोल से सरौनी तक की सड़क की जर्जर स्थिति का मुद्दा भी उठाया, जो वर्षों से उपेक्षित है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के निर्माण की निविदा की प्रक्रिया अधर में है और इसे शीघ्र शुरू करने की आवश्यकता है।

# गंगादोहर गांव में महावीर मंदिर निर्माण की रखीं गई आधार शिला

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड के ग्राम गंगादोहर में नया महावीर मंदिर निर्माण की आधारशिला पुजारी कृष्ण कुमार कौशल द्वारा रखी गई । इस शिलान्यास समारोह में मुख्य रुप से केंद्रीय कुशवाहा समाज बड़कागांव के अध्यक्ष सह मंदिर निर्माण समिति गंगादोहर के संयोजक सोहनलाल मेहता , अध्यक्ष सुरेश प्रसाद दांगी, सचिव प्रवीण कुमार ,कोषाध्यक्ष रामवृक्ष प्रसाद, ग्राम अध्यक्ष महेंद्र महतो, मिडिया प्रभारी नंदकिशोर मेहता , उपमुखिया राजु कुमार मेहता, लखन लाल मेहता , तापेश्वर प्रसाद ,तापस प्रभु दयाल कुशावहा इंद्रदीप प्रसाद, पवन कुमार, देवकी महतो , राजेन्द्र प्रसाद , रामप्रसाद ,दसरथ महतो, धनेश्वर महतो, जितेन्द्र प्रसाद, महेश महतो, बालमुकुंद प्रसाद ,सेवक महतो , दयानंद महतो, पंचम महतो ,टुकेश्वर प्रसाद, गोपल प्रसाद , त्रिवेणी प्रसाद ,सिकेदर कुमार, राजेश कुमार , रामअवतार महतो, मुरली महतो ,उदीनाथ महतो ,नन्दलाल महतो ,शाशि कुमार, प्रेम प्रसाद एवं अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग की बदहाल सड़कों को लेकर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने ग्रामीण विकास मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को लेकर सरकार से की शीघ्र कार्रवाई की अपील

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड की जर्जर सड़कों को लेकर क्षेत्रीय जनता की चिंता को स्वर देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने इंद्रपुरी स्थित कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग कार्यालय पहुंचकर। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। और प्रतिलिपि कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग को किया। ज्ञापन में रोला मोड़ से सरौनी और मरहेता मोड़ से पौंता बस्ती तक की अत्यंत जर्जर सड़कों के नवनिर्माण की मांग की गई है। मुन्ना



ने मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ये दोनों मार्ग बीते 15 से 20 वर्षों से पूरी तरह बदहाल अवस्था में हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और दैनिक यातायात करने वाले ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इसे आम जनता के लिए एक आवागमन का अभिशाप करार दिया। ज्ञापन में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह क्षेत्र वर्षों से विकास की मुख्यधारा से उपेक्षित रहा है और इन सड़कों की दुर्दशा उस उपेक्षा की प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। सिंह ने मंत्री से अनुरोध किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर इन दोनों मार्गों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को इससे सीधी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

# चेपाकला में मंडा पूजा को लेकर बैठक,6 जून को मेला व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला शिव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सर्व सहमति से 6 जून को रात्रि में मेला एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 7 जून को सुबह भक्तों द्वारा मंडा लट्ठे से झूलन का कार्यक्रम होगा। पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष



विजय महतो ,उपाध्यक्ष योगेश्वर महतो, सचिव उमेश महतो, कोषाध्यक्ष राजेश महतो, उपसचिव विकास कुमार महतो, कार्यकरणी सदस्य योगेंद्र साव ,मंटू साव ,खेमानी साव ,दिनेश्वर महतो ,बुटन करमाली ,सुनील महतो ,दीपक महतो ,विनोद महतो ,दामोदर साहू ,सागर करमाली ,अनिप तुरी, सूरज कुमार ,देवेंद्र महतो, भुवनेश्वर प्रजापति ,उदय राणा, तुलसी महतो ,सुभाष महतो,अशोक प्रजापति एवं समस्त ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# बालेश्वर कुमार ने 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया ’

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



ग्राम सेहदा में झारखंड क्रांतिकारी मोर्चा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बालेश्वर कुमार एवं बड़कागांव प्रखंड सचिव गौतम कुमार के प्रयास से 100 केवी बिजली ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। पिछले कई दिनों से बिजली ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण गांव में बिजली समस्याएं उत्पन्न हो गई थी जिसके कारण कामकाज पूर्ण रूप से प्रभावित हो गया था। प्रखंड सचिव गौतम कुमार ने फीता काटकर बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया और बिजली आपूर्ति बहाल कराया ।ग्रामीणों ने बालेश्वर कुमार एवं गौतम कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया ।इस मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता नरेश गंझू, सुनील कुमार महतो,दिनेश महतो, महेश गंझू, लखन गंझू, रमन गंझू, बैजनाथ गंझू, रोहित गंझू, बिकास गंझू, चमन गंझू, भुला सकता गंझू, अशोक गंझू, महादेव गंझू, धनेश्वर गंझू, बहादुर महतो, जीवन कुमार तथा अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे ’

# मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर जन विकाश केंद्र ने पत्रकारों के साथ किया बैठक

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़-गोमियां मार्ग स्थित काली मंदिर के समीप शुक्रवार को जन विकास केंद्र हजारीबाग के द्वारा संचालित कार्यक्रम महिला एवम बाल व्यापार रोकथाम एवं पुनर्वास कार्यक्रम के तहत मानव तस्करी रोकथाम पर पत्रकार बंधुओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।उपरोक्त गंभीर मुद्दों को लेकर इस बैठक में संस्था के जिला कोडिनेटर सुरेश कुमार केसरी ने उपस्थित



सभी पत्रकार साथियों से मानव तस्करी जैसे गंभीर मुद्दे पर सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए सहयोग मांगा। साथ ही कहा कि मानव तस्करी में अधिकतर नाबालिग लड़कियां इनके शिकार बनती है और उनकी जिंदगी जहन्नुम्म से बद्तर हो जाती है। मानव तस्करी को रोकने में परिवार सबसे अहम भूमिका अदा कर बच्चों को इस संबंध में जानकारी देकर सजग किया जा सकता है, ताकि बच्चे उस स्थिति में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। इस बैठक में मुख्य रूप से संस्था के जिला कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार, एनिमेटर सोहन हांसदा, राजाराम बेसरा, राजेश मुर्मू, जगदीश शर्मा समेत मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत नाइट ब्लड सर्वे जांच होगा।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत नाइट ब्लड सर्वे जांच , बड़कागांव में पश्चिमी पंचायत के नटराज नगर ,गौरव बाजार ,विधायक मोहल्ला में 27 मई को एवं 2 जून को कांडतरी पंचायत के कांडतरी गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रात्रि 8:30 बजे से यह कार्यक्रम किया जाएगा’ इसकी जानकारी डॉक्टर अंजु प्रभा चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रमुख फुलवा देवी की उपस्थिति में ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक में दी। भी०वी०डी० पर्यवेक्षक तरुण कुमार शर्मा के द्वारा बताया गया की फाइलेरिया के जीवाणु रात्रि के समय 8:00 के बाद ही हमारे शरीर में एक्टिव मोड में रहते हैं और व्यक्ति जब सोने या आराम की अवस्था में



रहते हैं तब ही या कार्य नाइट ब्लड सर्वे के रूप में किया जाता है’ बैठक में यह भी बताया गया कि यह जांच 20 साल से ऊपर के सभी महिला पुरुष का किया जाना है । प्रमुख फुलवा देवी मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,कांडतरी मुखिया राजदेव महतो व अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी लोगों से अपील की व कहा समय रहते सभी अपने ब्लड की जांच करवा ले। बैठक में प्रमुख फुलवा देवी, रमणिका कुमारी पंचायत सदस्य रंजीत कुमार ,राजदेव महतो वार्ड सदस्य ममता देवी ,अनिता, कुमारी, कमलेश, प्रकाश, मनोज,नितेश ,अमित , आशीष अशोक ,मृत्युंजय, तिलेश्वरी , आलिया खातून सहिया, लैब टेक्नीशियन प्रीति कुमारी, राखी कुमारी मौजूद थे।

# ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का शुरू ।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



दिनांक रांची, 23 मई 2025 रांची जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में आज जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, कचहरी रोड में ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर दिनांक 23 मई से 31 मई 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक और शाम 04:00 बजे से 06:00 बजे तक कैम्प कराया जाएगा। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य कबड्डी संघ के मुख्य संरक्षक रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश गुप्ता एवं विशिष्ठ अतिथि सेंट जेवियर्स कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राम मुरमू की उपस्थिति रही ।झारखंड राज्य कबड्डी संघ के सचिव संजय कुमार झा अध्यक्ष तपन कुमार राउत हरीश कुमार रांची जिला कबड्डी संघ के सचिव सुनील कच्छप प्रदीप तिर्की शिव सागर रोहित शर्मा दिव्यांश राज कुणाल कुशवाहा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवमयी बनाया। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में आज प्रथम दिन कुल 60 बालक बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे है ।यह प्रशिक्षण शिविर पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है ।इस शिविर से संबंधित प्रदीप तिर्की 9905784169 से ली जा सकती है ।इस शिविर की विस्तृत जानकारी रांची जिला कबड्डी संघ के सचिव श्री सुनील कच्छप द्वारा दी गई।

# सभापति सविता महतो कि अध्यक्षता में हुई युवा कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति के बैठक, विभिन्न मुद्दे पर हुई चर्चा

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः युवा कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का बैठक रांची विधानसभा स्थित कार्यालय में शुक्रवार को सभापति सविता महतो कि अध्यक्षता में किया गया। बैठक में युवा कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास को बढ़ावा देने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सभापति सविता महतो ने विभागीय अधिकारी को कोई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं जुबाकर से संबंधित कौन-कौन सी योजनाएं केंद्र चलाई जा रही है, कौन सी योजना केंद्र द्वारा प्रायोजित है और कौन से राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित, जो योजना केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित है उसमें केन्द्रांश कितना है और राज्यांश कितना है,उसके संरक्षण एवं सुचारु रुप से संचालन कि व्यवस्था क्या है, साथ ही औसतम फुटबॉल क्या है, जो योजनाएं पहले से प्रारंभ है किंतु पूर्ण नहीं हो पाई है उनके कारण क्या है और उसपर व्यय कि स्थिति किया है, योजनाओं के सही रूप से संचालन के लिए बजटीय उपबंध किया है, नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के क्या इंतजाम है, दलमा वन्यजीव अभयारण्य तक पक्की सड़क बनाने के साथ उसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली, पेयजल, शौचालय एवं पक्की सड़क निर्माण करने, डिमना झील एवं चांडिल डैम के सौंदर्यीकरण एवं बोटिंग कि व्यवस्था करने के साथ उनके आसपास क्षेत्र में ऊर्जा, पेयजल शौचालय एवं पक्की सड़क निर्माण करने, पानला, डोबो डैम के आस पास पक्की सड़क का निर्माण करने, जयदा मंदिर में पर्यटन विभाग के निर्देश पर लगाए गए दो हाई मार्क्स लाइट खराब है उनके मरम्मती करने, नीमडीह के झीमड़ी में



विगत 10 वर्षो से स्टेडियम का कार्य अब तक अपूर्ण होने के क्या कारण है, चांडिल के हुमिद स्थित साइन मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण करने के साथ बिजली पानी एवं शौचालय की व्यवस्था करने, चांडिल के काटीया ब्लॉक के सामने अवस्थित स्टेडियम और ईचागढ़ प्रखंड के पीलिद स्थित शहीद निर्मल महतो स्टेडियम की विशेष मरम्मती कराना, ग्लास ब्रिज कहा कहा बनाई जा रही है और उसकी अद्धतम स्थिति क्या है, अन्य राज्यों के तरह यहां के पहाड़ियों में उचित स्थान चिन्हित कर चाय बागान लगाया जाए जिससे पर्यटन एवं राजस्व बढ़ेगा, पर्यटन स्थलों को चिन्हित करने एवं वर्गीकरण का आधार क्या है, प्रदेश के प्रतिभावान कितने खिलाड़ियों को नौकरी दी गई है एवं उन्हें क्या स्कॉलरशिप दी जा रही है, पर्यटन स्थलों को प्रदूषण मुक्त एवं इको टूरिज्म बनाने का क्या कार्रवाई ली जा रही है, फिल्म सिटी बनाने संबंधी क्या कार्रवाई ली गई है आदि विषय पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य झरिया विधायक रागिनी सिंह व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# रांची विश्वविद्यालय में बीपीएड एमपीएड और बीपीएस की पढ़ाई के लिए बनी सहमति

कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने लगाई मोहर कई कमिटियां बनी ।
अगले सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



रांचीः रांची विश्वविद्यालय अगले सत्र से बीपीएड एमपीएडऔर बीपीएस की पढ़ाई शुरू करेगा इसके लिए आज कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दे दी।आज कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में विश्वविद्यालय में इन कोर्सेज को शुरू करने के विभिन्न मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई ।आज इसके कार्यान्वयन के लिए विभिन्न कमिटीयों का गठन किया गया। यह तय किया गया की इन विभिन्न कमेटियों का काम इस हेतु पत्राचार अविलम्ब करना, खेल मैदान को तैयार करना तथा क्लासरूम और अन्य काम के लिए जमीन चिन्हित करना रहेगा।नए भवन के निर्माण के लिए नक्शा का डीपीआर बनाने का भी आदेश दिया गया जिसके लिए भी एक कमेटी बनाई गई. इन सबों के अतिरिक्त सिलेबस कमेटी का गठन किया गया. विश्वविद्यालय में पढ़ाई के लिए फीस का निर्धारण खेल विभाग को सौपा गया।इसके अतिरिक्त प्रोफेसर अरुण सिंह और डॉ राजेश गुप्ता की दो सदस्यों वाली टीम को विभिन्न जगह का दौरा कर पूर्ण ब्योरा देने को कहाँ गया. आज आयोजित इस बैठक में विशेष रूप कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू,रजिस्टर डॉ गुरुचरण साहू, डेप्युटी रजिस्टार प्रीतम कुमार,स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश कुमार गुप्ता,डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार शर्मा, पूर्व डीएसडब्ल्यू पीके वर्मा, सीटीसी सीटीसी डॉक्टर पीसी झा ,प्रोफेसर अनिल, वीरेंद्र कुल्लू,राम मुरमू उपस्थित थे जिन्होंने कोर्स प्रारम्भ करने के विभिन्न मुद्दों पर विशेष चर्चा की। बैठक के बाद झारखंड के विभिन्न खेल संघो के खिलाड़ी और अधिकारीयों ने कुलपति को गुलाब फूल देकर राज्य और खिलाड़ियों के हित मे लिए गए इस निर्णय के लिए स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स बैडमिंटन, फुटबॉल के खिलाड़ी शामिल रहें. इनके अतिरिक्त विभिन्न कॉलेजों के पीटीआई राजू साहू, रामप्रसाद, शम्मी सिंह, शिवसागर, तपन रावत,हरीश कुमार सहित कई प्रशिक्षक अधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने कुलपति महोदय , विश्वविद्यालय प्रशासन एवं सभी कमिटी के सदस्यों को धन्यवाद दिया

# खरीफ अभियान - 2025 के तहत अधिक फसलोत्पादन हेतु वाराणसी में आयोजित खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने उठाई किसानों की समस्याएं व सुझाव

**समाज जागरण**

मीरजापुर /किसानों की फसलोत्पादकता को बढावा देने के उद्देश्य से वाराणसी एवं मीरजापुर मण्डल की आयोजित खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2025 का आयोजन वाराणसी में किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त मीरजापुर मण्डल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी ने गोष्ठी में शामिल होकर एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर मण्डल व जनपद के किसानों के समस्याओं के बार अवगत कराया तथा जनपद में किसानों के लिये कराये जा रहे कार्यों आदि के प्रगति के बार विस्तृत जानकारी दी। आयुक्त ने वाराणसी उपस्थित शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया कि किसान द्वारा उत्पादित जैविक उत्पाद का विन्ध्याचल मण्डल में प्रयोगशाला न होने के कारण जैविक प्रमाणिकता प्राप्त करने के काफी कठिनाई होती है। उन्होंनें कहा कि यदि मण्डल में प्रयोगशाला स्थापित हो जाए तो किसान भाइयों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मण्डल में केवल मीरजापुर में ही उर्वरक रैक प्वाइंट है, जनपद सोनभद्र में रैक प्वाइंट स्थापित हो तो गया किन्तु अभी तक उर्वरक लोडिंग/अनलोडिंग हेतु कियाशील नहीं जब कि भदोही में उर्वरक रैक प्वाइंट स्वीकृत हो गया है परन्तु अभी तक उर्वरक की रैक नहीं लग रही है जिससे जनपद में उर्वरक आपूर्ति मीरजापुर, प्रयागराज एवं वाराणसी से किया जाता है। जंगली जानवरों से बचाव के दृष्टिगत किसानों को सोलर फेन्सिंग किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराने पर बल देते हुये कि इससे किसान भई अपने फसलों की रक्षा कर सकते हैं, मंडल के राजकीय कृषि भण्डारों एवं कृषि रक्षा ईकाइयों पर विद्युत कनेक्शन करवाने पर भी बल दिया। जनपद भदोही में 5000 मीट्रिक टन अतिरिक्त गोदाम लगवाने की मांग की, उन्होंनें मण्डल में औद्यानिक फसलों के भण्डारण एवं खाद्य प्रसंस्करण की यूनिट की स्थापना पर देते हुये कहा कि कृषकों को इससे काफी लाभ होगा। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा मण्डल में तीनों जनपदों के कृषि कार्यप्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान श्री अन्न को बढावा दे उद्देश्य से उसकी खरीद प्रगति, जनपदों के कराये गये विशिष्ठ उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वर्चुअल माध्यम से गोष्ठी में जुडकर अवगत कराया कि जनपद मीरजापुर में कुल 12 विकास खंड है जहां मात्र एक ही कृषि विज्ञान केन्द्र बरकछा से आच्छादित है, कृषकों की मांग के दृष्टिगत जनपद में एक अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कि मीरजापुर में भी बुन्देल खंड की भाति बीज पर 80 प्रतिशत अनुदान कृषकों को उपलब्ध कराये जाने की चर्चा की।